
ज्योतिषसार



ज्योतिर्विद्वरशुकदेवविरचित

ज्योतिषसार

हिन्दीटीका सहित

★

टीकाकार–पण्डित केशवप्रसाद शर्मा द्विवेदी

संशोधक–पण्डित राधाकृष्णजी मिश्र

मुद्रक एवं प्रकाशक:

खेमराज श्रीकृष्णदास,™

अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,

खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, मुंबई - ४०० ००४.

संस्करण : फरवरी २०१८, संवत् २०७४

मूल्य : १६० रुपये मात्र ।

मुद्रक एवं प्रकाशक:
खेमराज श्रीकृष्णदास,™
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग,
मुंबई - ४०० ००४.

Printers & Publishers :
Khemraj Shrikrishnadass Prop: Shri Venkateshwar Press, Khemraj Shrikrishnadass Marg, 7th Khetwadi, Mumbai - 400 004.

Web Site : http://www.Khe-shri.com
Email : khemraj@vsnl.com

Printed by Sanjay Bajaj For M/s.Khemraj Shrikrishnadass Proprietors Shri Venkateshwar Press, Mumbai-400 004, at their Shri Venkateshwar Press, 66 Hadapsar Industrial Estate, Pune 411 013

प्रस्तावना

★

समस्त ज्योतिषी पंडितोंसे तथा ज्योतिषके विद्यार्थियोंसे सविनय निवेदन करता हूं कि, अहो समस्त विद्वज्जन ! तथा विद्यार्थिज्जन ! ! मनुष्यमात्रकी प्रवृत्ति केवल सुखप्राप्तिके लिये ही होती है। सुखपदका अर्थ मनका सन्तोष कहलाता है, मनका सन्तोष शारीरिक क्रियाके आश्रयसे रहता है। प्रत्यक्ष जिसका फल दीखनेमें आता है ऐसा ज्योतिःशास्त्र सबसे अधिक शारीरिक सुखदायक होनेसे सर्वजनसंमान्य है । यह सर्वत्र प्रसिद्ध हैं ।

ज्योतिःशास्त्र चार लक्ष ग्रंथ होनेसे सांप्रतकालके अल्पायुषी मंदबुद्धि मनुष्योंके पढ़नेमें अशक्य है । इससे कोई पढ़ता नहीं है । समग्र शास्त्र न पढ़नेसे उस शास्त्रमें कहा हुआ सर्व पदार्थका ज्ञान भी नहीं होता है । जिससे मनुष्योंको कौनसे कार्य करनेमें कौनसा योग्य उपयोगी होता है यह ज्ञान होना दुर्लभ है । इसलिये सर्वजनोपकारक पंडितवर्य श्रीशुकदेवजीने यह सर्व ज्योतिषशास्त्रका सार लेकर ज्योतिषसार ऐसा अन्वर्थनामक ग्रंथ निर्माण किया है। इस ग्रंथका आबालवृद्ध सर्वलोगोंके उपयोगी होनेके लिये आगरा कालेज संस्कृताध्यापक पंडितवय केशवप्रसादजीने इसके ऊपर सरल हिंदी भाषाटीका बनाकर छपवाई थी अब वही ग्रंथ उन्होंने मुझको सब रजिष्टरी हक्कके साथ अपनी सौजन्यतासे दिया है। वह मैंने अपने मित्र राधाकृष्णमिश्रजीसे अधिक कोष्ठक और शोध तथा अन्य–अन्य अनेक ग्रंथोंके वचन वगैरह भीतर मिलाकर बहुतही बढ़वाकर अपने लक्ष्मीवेंकटश्वर छापखानेमें छापकर प्रसिद्ध किया है । अब मैं सर्वज्योतिःशास्त्रानुरागियोंसे सविनय प्रार्थना करता हूं कि यह ज्योतिषसार पुस्तक पहलेकी अपेक्षा बहुतही बढ़ गया तो भी विद्वानोंकी सेवामें पूर्ववत् स्वल्पही मूल्यसे रवाना होता है, इसलिये ग्राहकजन इस अपूर्वग्रंथके संग्रहमें त्वरा करके सांसारिक सुखानुभव करेंगे ।

श्री

ज्योतिषसारस्थ–विषयानुक्रमणिका

विषयानुक्रमणिका समाप्त

श्रीगणेशाय नमः

अथ हिन्दीटीकासहितम्

ज्योतिषसारम्

मङ्गलाचरणम्

गणाधीशं नमस्कृत्य शारदां चित्स्वरूपिणीम् ॥
अज्ञानगजगण्डघ्नीं गर्गलल्लादिकान् मुनीन् ॥१॥
नानाग्रन्थान् समालोक्य दैवज्ञानां च तुष्टये ॥
कुरुते बालबोधाय ज्योतिःसारमनूत्तमम् ॥२॥

टीका—ग्रन्थकी निर्विघ्न परिसमाप्तिके लिए प्रथमतः गणेशजीको नमस्कार करके और चैतन्यस्वरूपिणी, अज्ञानको नष्ट करनेवाली सरस्वतीजीको नमस्कार करके और गर्गाचार्य, लल्ल, वसिष्ठ, नारद इत्यादिक जो ज्योतिःशास्त्रके प्रवर्तक आचार्य हैं उनको नमस्कार करके, सूर्यसिद्धांतादि नाना प्रकारके ग्रन्थ अवलोकन करके ज्योतिर्विदोंके सन्तोषके लिये और बालकोंको थोड़ेमें मुहूर्तादिकका ज्ञान हो, इस हेतुसे अत्युत्तम ज्योतिषसार नामक ग्रन्थको बनाता हूं ॥ १ ॥ २ ॥

शकप्रकरणप्रारंभः

संवत्सरनामपरिज्ञानम्

शकेन्द्रकालेऽर्कयुते कृते शून्येरसैर्हृते ॥
शेषाः संवत्सरा ज्ञेयाः प्रभवाद्या बुधैः क्रमात् ॥३॥

टीका—शालिवाहनशकमें जिस संवत्सरका नाम जानना हो, उसकी यह रीति है कि शककी संख्या लिखकर उसमें १२ मिलाये और ६० का भाग दे, जो शेष बचे उसे संवत्सरका नाम जानना चाहिये ॥ ३ ॥

संवत्परिज्ञान

स एव पञ्चाग्निकुभिर्युक्तः स्याद्विक्रमस्य हि ॥
रेवाया उत्तरे तीरे संवन्नाम्नातिविश्रुतः ॥४॥

टीका—यदि शालिवाहनके शकमें १३५ मिलाये तो वही विक्रम संवत् हो जाये, जो रेवानदीके उत्तरतटमें संवत् नामसे प्रसिद्ध है ॥ ४ ॥

संवत्कालो ग्रहयुतः कृत्वा शून्यरसैर्हृतः ॥
शेषाः संवत्सरा ज्ञेयाः प्रभवाद्या बुधैः क्रमात् ॥ ५ ॥

टीका—संवत्सरके अंकोंमें ९ युक्त करे और ६० के भाग देनेसे जो शेष रहे उसे प्रभवादि संवत्सर जानें, उदाहरण जैसे १९३५ में ९ मिलाये तो १९४४ हुए अब इसमें ६० का भाग दिया तो शेष २४ रहे इस कारण इस संवत्सरका नाम विकृति जानना चाहिये ॥ ५ ॥

संवत्सरोंके नाम

प्रभवो विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः ।।
अङ्गिराः श्रीमुखो भावो युवा धाता तथैव च ।।६।।
ईश्वरो बहुधान्यश्च प्रमाथा विक्रमो वृषः ।।
चित्रभानुः सुभानुश्च तारणः पार्थिवो व्ययः ।।७।।
सर्वजित् सर्वधारी च विरोधी विकृतिः खरः ।।
नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथदुर्मुखौ ।।८।।
हेमलम्बी विलम्बी च विकारी शार्वरी प्लवः ।।
शुभकृच्छोभनः क्रोधी विश्वावसुपराभवौ ।।९।।
प्लवङ्गः कीलकः सौम्यः साधारणः विरोधकृत् ।।
परिधावी प्रमादी च आनन्दो राक्षसो नलः ।।१०।।
पिङ्गलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थी रौद्रदुर्मती ।।
दुन्दुभी रुधिरोद्गारी रक्ताक्षी क्रोधनः क्षयः ।।११।।

सं०	नाम	सं०	नाम	सं०	नाम	सं०	नाम	सं०	नाम
१	प्रभवः	१३	प्रमाथी	२५	खरः	३७	शोभनः	४९	राक्षसः
२	विभवः	१४	विक्रमः	२६	नंदनः	३८	क्रोधी	५०	नलः
३	शुक्लः	१५	वृषः	२७	विजयः	३९	विश्वावसुः	५१	पिंगलः
४	प्रमोदः	१६	चित्रभानुः	२८	जयः	४०	पराभवः	५२	कालयुक्तः
५	प्रजापतिः	१७	सुभानुः	२९	मन्मथः	४१	प्लवंगः	५३	सिद्धार्थी
६	अंगिराः	१८	तारणः	३०	दुर्मुखः	४२	कीलकः	५४	रौद्रः
७	श्रीमुखः	१९	पार्थिवः	३१	हेमलंबी	४३	सौम्यः	५५	दुर्मतिः
८	भावः	२०	व्ययः	३२	विलंबी	४४	साधारणः	५६	दुंदुभिः
९	युवा	२१	सर्वजित्	३३	विकारी	४५	विरोधकृत्	५७	रुधिरोद्गारी
१०	धाता	२२	सर्वधारी	३४	शार्वरी	४६	परिधावी	५८	रक्ताक्षी
११	ईश्वरः	२३	विरोधी	३५	प्लवः	४७	प्रमादी	५९	क्रोधनः
१२	बहुधान्यः	२४	विकृतिः	३६	शुभकृत्	४८	आनंदः	६०	क्षयः

संवत्सरोंका फल

प्रभवाद्द्विगुणं कृत्वा त्रिभिर्न्यूनं च कारयेत् ।।
सप्तभिस्तु हरेद्भागं शेषं ज्ञेयं शुभाऽशुभम् ।।
एकं चत्वारि दुर्भिक्षं पञ्चद्वाभ्यां सुभिक्षकम् ।।
त्रिषष्ठे तु समं ज्ञेयं शून्ये पीडा न संशयः ।।१२।।

टीका—प्रभवादि संवत्सरोंमेंसे चलते हुए संवत्सरको द्विगुणा करे उसमेंसे तीन घटाकर सातका भाग देनेसे जो शेष रहे उससे शुभाशुभ फल जानिये । १ अथवा ४ शेष रहे तो दुर्भिक्ष, ५ वा २ बचे तो सुभिक्ष, ३ अथवा ६ शेष रहे तो साधारण और जो शून्य आये तो पीड़ा जानिये ।। १२ ।।

संवत्सरोंके स्वामी

युगं भवेद्वत्सरपञ्चकेन युगानि च द्वादश वर्षषष्ट्या ।।
भवन्ति तेषामधिदेवताश्च क्रमेण वक्ष्यामि मुनिप्रणीताः ।।
विष्णुर्जीवः शक्रो दहनस्त्वष्टा अहिर्बुध्न्यः पितरः ।।
विश्वेदेवाश्चन्द्रज्वलनौ नासत्यनामानौ च भगः ।।१३।।

टीका—पांच वर्षका एक युग होता है इसी प्रमाणसे६० वर्षके १२ युग और क्रमसे उनके १२ स्वामी हैं । विष्णु १ बृहस्पति २ इन्द्र ३ अत्रि ४ ब्रह्मा ५ शिव ६ पितर ७ विश्वे-देवा ८ चन्द्र ९ अग्नि १० अश्विनीकुमार ११ सूर्य १२ ।। १३ ।।

भेद

संवत्सरः प्रथमकः परिवत्सरोऽन्यस्तस्मादिडाविदिति पूर्वपदाद्बुवेयुः ।।
एवं युगेषु सकलेषु तदीयनाथा वह्न्यर्कशीतगुविरञ्चिशिवाःक्रमेण ।।१४।।

टीका—इष्ट शकमें पांचका भाग देने पर जो शेष बचे उसके संवत्सरोंके नाम क्रमसे जानिये। पहिले संवत्का स्वामी अग्नि १ दूसरे परिवत्सरका स्वामी सूर्य २ तीसरे इडावत्सरका स्वामी चन्द्रमा चौथे अनुवत्सरका स्वामी ब्रह्मा ४ पांचवें इद्वत्सरके स्वामी शिव ५ ।। १४ ।।

दूसरा मत

आनन्दादेर्भवेद्ब्रह्मा भावादेर्विष्णुरेव च ।।
जयादेः शंकरः प्रोक्तः सृष्टिपालननाशकाः ।। १५ ।।

टीका—आनंदादि ६० संवत्सरोंके स्वामी ब्रह्मा जो सृष्टिकर्ता हैं और भावादिक २० संवत्सरोंके स्वामी विष्णु हैं जो सबका पालन करते हैं तीसरे जयादिक २० संवत्सरोंके स्वामी रुद्र जो संहारकर्ता हैं ।। १५ ।।

ऋतुप्रकरणम्

अयन

शिशिरपूर्वमृतुत्रयमुत्तरं ह्ययनमाहुरहश्च तदाऽमरम् ।।
भवति दक्षिणमन्यऋतुत्रयं निगदिता रजनी मरुतां हि सा ।।१६।।

टीका—शिशिर वसंत ग्रीष्म इन तीन ऋतुओंमें सूर्यकी गति उत्तरदिशाको होती है उसको उत्तरायण कहते हैं, यही देवताओंका दिवस है और वर्षा शरद हेमंत इन तीनों ऋतु-ओंमें सूर्यकी गति दक्षिणको होती है । उसको दक्षिणायन कहते हैं यही देवताओंकी रात्रि है ।। १६ ।।

अयनोंमें शुभाशुभ कर्म

गृहप्रवेशत्रिदशप्रतिष्ठा विवाहचौलव्रतबन्धदीक्षा ।।
सौम्यायने कर्म शुभं विधेयं यद्गर्हितं तत्खलु दक्षिणे च ।।१७।।

टीका—गृहप्रवेश देवप्रतिष्ठा विवाह मुण्डन व्रत-धारण मन्त्रलेना ये सब शुभ कर्म उत्तरायणमें और सब नित्यकर्म दक्षिणायनमें करने योग्य हैं ।। १७ ।।

संक्रांति अनुसार ऋतु

मृगादिराशिद्वय भानु भोगात् षडर्तवः स्युः शिशिरो वसन्तः ।।
ग्रीष्मश्च वर्षाच शरच्च तद्वद्धेमन्तनामा कथितश्च षष्ठः ।।१८।।

टीका—मकर आदि लेकर दो राशि जब सूर्य भोगते हैं तब एक ऋतु होती है इस प्रकार सूर्य १२ राशि भोगते हैं और उससे ६ ऋतुएं होती हैं ।। १८ ।।

तथा मतांतर राशि

चैत्रादिद्विद्विमासाभ्यां वसन्तादृतवश्च षट् ।।
दाक्षिणात्याः प्रगृह्णन्ति दैवे पित्र्ये च कर्मणि ।।१९।।

टीका—चैत्रादिक दो मासमें १ ऋतु इस प्रकारसे १२ मासमें ६ ऋतुयें होती हैं सो दक्षिणदेशमें देव पितृकर्ममें प्रसिद्ध है ।। १९ ।।

१ मकर २ कुंभ	शिशिरऋतु १	७ कर्क ८ सिंह	वर्षाऋतु ४
३ मीन ४ मेष	वसंतऋतु २	९ कन्या १० तुला	शरदृऋतु ५
५ वृष ६ मिथुन	ग्रीष्मऋतु ३	११ वृश्चिक १२ धन	हेमंतऋतु ६

मतांतरराशिअनुसार				मासअनुसार.			
मेषादिक दो राशि सूर्य भोगते हैं इस प्रमाणसे वसंत आदिक६ होती है.				चैत्रसे लेकर दो२ मास वसंत आदिक छः६ ऋतु होती हैं.			
१ मेष २ वृषभ	वसंत	७तुला ८वृश्चि.	शरद्	१चैत्र २वैशा.	वसंत	७आश्वि ८कार्ति.	शरद्
३मिथुन ४कर्क	ग्रीष्म	९धन १०मक	हेमंत	३ज्येष्ठ ४आषा	ग्रीष्म	९मार्ग. १०पौष	हेमंत
५सिंह ६कन्या	वर्षा	११कुंभ १२मीन	शिशिर	५श्राव. ६भाद्र.	वर्षा	११माघ १२फा.	शिशिर

१ दक्षिण देशवासी इस महीनेमें पितृकर्म करते हैं ।।

मासप्रकरणं तत्र मासपरिज्ञानम्

पूर्वराशिं परित्यज्य उत्तरः याति भास्करः ।।
सा राशिः संक्रमाख्या स्यान्मासर्त्वयनहायने ।।२०।।

टीका—पूर्व राशिको छोड़कर जिस आगेकी राशिमें सूर्य जाता है उसी सूर्यकी राशिमें १२ संक्रांति मास ऋतु अयन इन सबोंकी गणना होती है ।। २० ।।

दर्शावधिं मासमुशन्ति चान्द्रं सौरं तथा भास्करराशिभोगात् ।।
त्रिंशद्दिनं सावनसंज्ञमार्या नाक्षत्रमन्दोर्भगणाश्रयाच्च ।।२१।।

टीका—मास कई प्रकारके होते हैं एक चांद्रमास जो शुक्ल प्रतिपदासे अमावास्या-पर्यंत होता है, दूसरा सौरमास जो सूर्यके एक राशि भोगनेसे होता है, तीसरा सावनमास जो तीस दिनका होता है और चौथा नक्षत्रमास जो चन्द्रमासके गिरद नक्षत्रोंके फिरनेसे होता है ।। २१ ।।

मासोंके नाम तथा सूर्य देवता और देवी

संख्या	नामानि	नामानि	सूर्य	देवी	देवता
१	चैत्रमास	मधुः	वेदांगः	रमा	विष्णुः
२	वैशाखमास	माधवः	भानुः	मोहिनी	मधुसूदनः
३	ज्येष्ठमास	शुक्रः	इन्द्रः	पद्माक्षी	त्रिविक्रमः
४	आषाढमास	शुचिः	रविः	कमला	वामनः
५	श्रावणमास	नभः	गभस्तिः	कांतिमती	श्रीधरः
६	भाद्रपदमास	नभस्यः	यमः	अपराजिता	हृषीकेशः
७	आश्विनमास	इषः	सुवर्णरेताः	पद्मावती	पद्मनाभः
८	कार्तिकमास	ऊर्जः	दिवाकरः	राधा	दामोदरः
९	मार्गशीर्षमा	सहाः	मित्रः	विशालाक्षी	केशवः
१०	पौषमास	सहस्यः	विष्णुः	लक्ष्मी	नारायणः
११	माघमास	तपाः	अरुणः	रुक्मिणी	माधवः
१२	फाल्गुनमास	तपस्यः	सूर्यः	धात्री	गोविंदः

मधुस्तथा माधवसंज्ञकश्च शुक्रः शुचिश्चाथ नभो नभस्यः ।। तथेष ऊर्जश्च सहाः सहस्यस्तपस्तपस्यश्च यथाक्रमेण ।।२२।। अरुणो माघमासे तु सूर्यो वै फाल्गुने तथा ।। चैत्रमासे तु वेदांगो भानुर्वैशाख एव च ।।२३।। ज्येष्ठ मासे तपेदिन्द्र आषाढे तपते रविः ।। गभस्तिः श्रावणे मासे यमो भाद्रपदे तथा ।।२४।। सुवर्णरेताश्वयुजि कार्त्तिके च दिवाकरः ।। मार्गशीर्षे तपेन्मित्रः पौषे विष्णुः सनातनः ।। इत्येते द्वादशादित्या-मासनामान्यनुक्रमात् ।।२५।। केशवं मार्गशीर्षे तु पौषे नारायणं विदुः ।। माधवं माघमासे तु गोविन्दमथ फाल्गुने ।।२६।। चैत्रे विष्णुं तथा विद्याद्वैशाखे मधुसूदनम् ।। त्रिविक्रमं तथा ज्येष्ठे आषाढे वामनं विदुः ।।२७।। श्रावणे श्रीधरं विद्धि हृषीकेशं तु भाद्रके ।। आश्विने पद्म-नाभं च ऊर्जे दामोदरं विदुः।।२८।। मार्गशीर्षे विशालाक्षी पौषे लक्ष्मीश्च देवता ।। माघे तु रुक्मिणी प्रोक्ता फाल्गुने धात्रिनामका ।।२९।। चैत्रेमासि रमादेवी वैशाखे मोहिनी तथा ।। पद्माक्षीज्येष्ठमासेतु आषाढे कमलेति च ।।३०।। कान्तीमती श्रावणे च भाद्रे तु अपराजिता ।। पद्मावती आश्विने तु राधादेवी तु कार्तिके ।।३१।।

वार अनुसार मासफल

पञ्चार्कवासरे रोगः पञ्चभौमे महद्भयम् ।।
पञ्चार्किवारा दुर्भिक्षं शेषा वाराः शुभप्रदाः ।। ३२ ।।

टीका—एक महीनेमें पांच रविवार पड़ें तो रोग उत्पन्न हों और ५ भौमवार पड़ने से अधिक भय उपजे और ५ शनिवारसे दुर्भिक्ष हो और शेष वार ५ पड़ें तो वे शुभदायक हों ।। ३२ ।।

पक्ष

पूर्वापरं मासदलं हि पक्षौ पूर्वापरौ तौ सितनीलसंज्ञौ ।।
पूर्वास्तु दैवश्च परश्च पित्र्यः केचित्तु कृष्णे सितपञ्चमीतः ।।
आदौ शुक्लः प्रवक्तव्यः केचित् कृष्णेऽपि मासके ।। ३३ ।।

टीका—शुक्ल प्रतिपदासे पूर्णमासीतक शुक्लपक्ष और वदी प्रतिपदासे अमावास्या तक कृष्णपक्ष होता है । शुक्लपक्ष देवताओंका और कृष्णपक्ष पितरोंका होता है ।। दूसरा भेद-शुदी पंचमीसे लेकर वदी ५ तक शुक्लपक्ष जानिये पहिले शुक्लपक्ष तदनंतर कृष्ण जो अमावास्याको मास पूरा होता हो तो प्रथम कृष्ण पक्ष उसके बाद शुक्ल और कदाचित् पूर्णिमाको मासांत हो तो ये दोनों पक्ष देश अनुसार प्रचलित हैं ।। ३३ ।।

अधिक मास

द्वात्रिंशद्भिर्गतैमासैर्दिनैः षोडशभिस्तथा ।।
घटिकानां चतुष्केण पतत्यधिकमासकः ।। ३४ ।।

टीका--३२ महीने १५ दिवस ४ घडी बीत जानेपर्यंत अधिकमासका संभव होता है ।। ३४।।

शाके बाणकरांककविरहिते नन्देन्दुभिर्भाजिते
शेषा वह्निमधौ च माधवशिवे ज्येष्ठे वरे चाष्टके ।
आषाढे नृपतौ नभश्च शरके भाद्रे च विश्वांशके
नेत्रे चाश्विनकेऽधिमासमुदिते शेषेऽन्यके स्यान्न हि ।।३५।।

टीका—वर्तमान शाकके अंकमें ९२५ हीन करो और शेष अंकमें १९ का भाग दो जो शेष ३ रहें तो अधिक चैत्रमास जानिये और ११ शेष रहे तो वैशाख और जो ०० । ० ८ बचें तो ज्येष्ठमास अधिक होगा और जो १६ शेष रहे तो आषाढ़ अधिक होगा और जो ५ बचें तो श्रावण अधिक जानना और १३ शेष रहें तो दो भाद्रपद होंगे और जो २ शेष रहें तो आश्विनमासकी वृद्धि होगी और अंश शेष रहनेसे कोई मास अधिक नहीं होगा ।। ३५ ।। (यह विवेचन स्थूल है)

क्षयमास

असंक्रांतिमासोऽधिमासः स्फुटं स्याद्द्विसंक्रांतिमासः क्षयाख्यः कदाचित्।।
क्षयः कार्तिकादित्रये नान्यतः स्यात्तदा वर्षमध्येऽधिमासद्वयं च।।३६।।

टीका—दो अमावास्याके बीचमें संक्रांति न हो तो वह अधिकमास होता है दो अमावास्याके बीचमें कदाचित् दो संक्रांति हों तो क्षयमास जानना और जो कार्तिक आदि ३ मास क्षय होते हैं और जिस संवत्में क्षयमास होता है उसी संवत्में अधिकमास २ होंगे इन सब श्लोकोंका आशय ग्रहण करके सूर्य चंद्रमाका स्पर्श मोक्षसहित अगले पृष्ठपर बने चक्रोंमें देखलेना चाहिये ।। ३६ ।।

सिद्धांतशिरोमणौ

क्षयमासविचार

गतोब्ध्यद्रिनंदैर्मिते शाककाले तिथीशैर्भविष्यत्यथांगाक्षसूर्यैः ।।
गजाद्यग्नि भूमिस्तथा प्रायशोयं कुवेदेंदुवर्षैः क्वचिद्गोकुभिश्च ।।३७।।

टीका—पहिले जिस संवत्में क्षयमास पड़े तो उसके १४१ वर्षबाद फिर होता है इससे आगे १९ वर्षमें या इससे बाहर इसके मध्यम जो ९४७ के संवत् क्षयमास हो तो फिर आगे १११५। १२५६ । १३७८ में पड़ेगा और इसके बाद १४१ और १९ वर्षके अंतरसे क्षय-मासका संभव जानना चाहिये ।। ३७ ।।

संवत्सर फल	नामसंख्या अंकोंके जो शेषफलबचे	अधिपति	अधिकमास	सूर्यचंद्र ग्रहण	प्रभवादिसंवत्सरोंके फल ॥
१ शे. ३ सम	१९३५ विकृति शा. १८००	विष्णुअ धिपति त्वाष्ट्र	शेष १ नास्ति	श्रावण १५ चंद्र स्प. ५२। १७ मो २।३१	प्रकृतिर्विकृतिंयातिविकृतिंप्रकृतिस्तथा॥ तथा पिसुखिनो लोकाश्चास्मिन् विकृतिवत्सरे ॥
२ शे. ५ सुभि.	१९३६ खर शाके १८०१	विष्णुअ धिपति त्वाष्ट्र	आश्विन शेष २	श्रा.कृ.३०मं.सू.पौ. शु. १५ चं. स्पर्श३३।५२ मो. ३८।१८	खराब्देनिःस्वनालोका अन्योन्यसमरोत्सुकाः॥ मध्यमावृष्टिरत्युग्रं रोगैर्भूयात्प्रकंपनं ॥
३ शे. ० पीडा	१९३७ श. १८०२ नंदन ६	विष्णुअ धिपति अहिर्बुध्य.	चैत्रसंभ व शेष३ अब्दांशे	ज्ये.शु.१५चं.ग्र.स्प.३५/३६ मो.३९/२८मार्ग.शु. १५चं. स्प. २८।३४ मो. ३७/२२	नंदनाब्दे सदापृथ्वी बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥ आनंदोप्यखलानां च जंतूनांसगहीभुजाम् ॥
४ शे. २ महर्घ.	सं. १९३८ श. १८०३ विजय	विष्णुअ धिपति अहिर्बु०	नास्ति शेष४	मार्ग.शु.१५ चं. स्प.३८।८ मो. ४१। २२ उत्तरआशा	विजयाब्दे तु राजानः सदाविजयकांक्षिणः सुखिनोजंतवः सर्वेबहुसस्यार्घवृष्टयः ॥
५ शे. ४ दुर्भि.	सं. १९३९ श. १८०४ जय	वि. अ. अहिर्बु.	श्राव. शेष ५	ज्येष्ठ कृ.३०स्प. १५। ५८ मोक्ष २३।५७ संभवदृष्टिनास्ति	जयमंगलघोषाद्यैर्धरणीभातिसर्वदा ॥ जयाब्दे धरणिनाथाः संग्रामजयकांक्षिणः ॥
६ शे. ६ सम	सं. १९४० श. १८०५ मन्मथ	वि. अ. अहिर्बु.	नास्ति शेष ६	०	मन्मथाब्देजनाःसर्वे तस्करारतिलोलुपाः ॥ शालीक्षुयवगोधूमैर्नयनाभिनवाधरा ॥
७ शे. १ दुर्भि.	सं. १९४१ श १८०६ दुर्मुख	वि. अ. अहिर्बु.	नास्ति शेष ७	वै.शु. १५चं.ग्र.दृष्टिना स्तिआ.शु. १५ चं.स्प. ४५।२० मो. ४७।२४	दुर्मुखाब्देमध्यवृष्टिरीतिचौराकुलाधरा॥महावैरामहीनाथा वीरवारणवाजिभिः ॥
८ शे. ३ सम	सं. १९४२ श. १८०७ हेमलंब	वि. अ. पितग	ज्येष्ठ. शेष ८	चै. शु. १५ चं. स्प. ३४।५० मो. ४२।५८	हेमलंबेत्वीतिभीतिमध्यसस्यार्घवृष्टयः ॥ भातिभूर्भूपतिक्ष्मांभाखड्गविद्युल्लतादिभिः ॥
९ शे. ५ दुर्भि.	सं. १९४३ श. १८०८ विलंबी	वि. १२ पितर	नास्ति शेष ९	माघशुक्ल १५ चंद्रग्रहणसंभव दृष्टिनास्ति	विलंबवत्सरेभूपाः परस्परविरोधिनः॥ प्रजापीडात्वनर्धत्वंतथापिसुखिनोजनाः ॥
१० शे. ० पीडा	सं. १९४४ श. १८०९ विकारी	वि. १३ पितर	नास्ति शेष१०	श्राव.१५चं.स्प.४३।६ भा. ३० ग्र. सू. ९।४८मो. २२।४४	विकार्यब्देखिलालोकाःसरोगावृष्टिपीडिताः॥ पूर्वसस्यफलंस्वल्पं बहुलंचापरंफलम् ॥
११ शे. २ सुभि.	सं. १९४५ श. १८१० शर्वरी	वि. १४ पितर	वैशा. शेष ११	आ.१५ग्र.स्प४९।५२ मो.५९।१२ सं. १९।४५ नास्ति	शर्वरीवत्सरेपूर्णा धरासस्यार्थवृष्टिभिः॥जनाश्चसुखिनःसर्वेराजानःस्युर्विवैरिणः ॥
१२ शे० ४ दुर्भिक्ष	सं. १९४६ श. १८११ प्लव	वि. १५ पितर	नास्ति शेष १२	आषाढ शु. १५ चं ग्र. स्प. ४९।१३ मोक्ष ५६।४०	प्लवाब्देनिखिलाधात्रीवृष्टिभिःप्रवसांतिभाः॥रोगाकुलात्वीतिभीतिः संपूर्णवत्सरेफलम् ॥
१३ शे. ६ सम	सं १९४७ शकः १८१२ शुभकृत्	विष्णु १६ विश्वेदेवा	भाद्रप. शेष १३	आ.३०सू.स्प. २२।४४ मो.२९।५७का.चं.स्प. २६।२५ मो. ३०।४७	शुभकृद्वत्सरेपृथ्वी राजते विविधोत्सवैः ॥ आतंकचौराभयदाराजानःसमरोत्सुकाः ॥
१४ शे. १ दुर्भि.	सं. १९४८ शकः १८१२ शोभन	विष्णु १७ विश्वेदेवा	शेष १४ नास्ति	वैशा.१५ चं. स्प.४१। १६ मो. ५० का.१५ चं. स्प. ५२।५७	शोभनेवत्सरेधात्री प्रजानांरोगशोकदा ॥ तथापिसुखिनोलोकाबहुसस्यार्घवृष्टयः ॥

संवत्सर फल	शेषफलवचे अंकोकेजो नामसंख्या	अधिपति	अधिकमास	सूर्यचंद्र ग्रहण	प्रभवादिसंवत्सरोंके फल ॥
१५ शेष ३ सम	सं. १९४९ शक:१८१४ क्रोधी	विष्णु १८ विश्वेदेवा	शेष १५ नास्ति	वै.शु.१५चं.स्प५१।४६ का. शु. १५ चं. स्प. ३२ मो. ४०।४४	क्रोधय्ब्देत्वखिलालोका: क्रोधलाभपरायणा:। इति दोषेणसततंमध्यसस्यार्घवृष्टय: ॥
१६ शेष ५ दुर्भि.	सं. १९५० शक:१८१५ विश्वावसु	विष्णु १९ विश्वेदेवा	आषाढ शेष १६	फा.शु१५चंस्प३१।३१ मो. ३५।०चै.कृ. ३० सू.स्प१।२७मो.७।१९	अब्देविश्वावसो:शश्वद्घोररोगाधरासुच। सस्यार्घवृष्टयोमध्याभूपालानातिभूतय: ॥
१७ शेष ० पीडा	सं. १९५१ शक:१८१६ पराभव	विष्णु २० विश्वेदेवा	शे १७ नास्ति	नास्ति	पराभवाब्देराजास्यात् सपरंसहशत्रुभि:।आ- मयक्षुद्रसस्यातिप्रभूतान्यल्पवृष्टय: ॥
१८ शेष २ सम	सं. १९५२ शक: १८१७ प्लवंग	विष्णु शिव चंद्रमा	शेष १८ नास्ति	फा.शु. १५ भृ. चं. ग्र. स्प. ४१।४ मो ४५।५४	प्लवंगाब्देमध्यवृष्टी रोगचौराकुलाधरा । अ- न्योन्यसमरेभूपा:शत्रुभिर्हतभूमय: ॥
१९ शेष ४ दुर्भि.	सं. १९५३ शक:१८१८ कीलक	शिव अधिपति चंद्रमा	ज्येष्ठ ०	०	कीलकाब्देत्वीतिभीति: प्रजाक्षोभनृपाह्वयौ। तथापिवर्द्धतेलोक: समधान्यार्घवृष्टिभि: ॥
२० शेष६ सम	सं. १९५४ शक:१८१९ सौम्य	शिव ३ चंद्रमा	शेष १ नास्ति	पौ.शु१५चं.स्प३६/१९मो. १९मा.कृ.३०श.सू.स्प १३।५१ मो.२०।२६	सौम्याब्देत्वखिलालोका बहुसस्यार्घवृष्टिभिं:। विवैरिणोधराधीशाविप्राश्चाध्यपरंपरा: ॥
२१ शेष १ दुर्भि.	सं १९५५ शक:१८२० साधारण	शिव अधिप. चंद्रमा	आश्विन २ ०	आ.१५र.चं.स्प५०मो. ५८।२२मार्ग.१५भौ. चं.स्प४८।२८मो.१७/१२	साधारणाब्देवृष्टयर्द्धभयंचमारणेमन: । मध्य- संपद्धराधीश प्रजा:स्यु: स्वस्थचेतस: ॥
२२ शेष ३ सम	सं. १९५६ शक:१८२१ विरोधक	शिव ५ चंद्रमा	चैत्र ३ संभव अंतमे	ज्ये.१५भृ.चं.ग्र.स्प३१/२८ मो.३६/३१मार्ग.१५श.स्प. ५३।४०मो.५७।२६	विरोधकृद्वत्सरेतुपरस्परविरोधिन: । सर्वे जनानृपाश्चैवमध्यसस्यार्धवृष्टय: ॥
२३ शेष ५ सम	सं. १९५७ शक:१८२२ परिधावी	वि. शि. ६ अग्नि	शेष ० ४	०	भूपाहवोमहारोगो मध्यसस्यार्घवृष्टय: । दु:- खिनोजंतव:सर्ववत्सरेपरिधाविन: ॥
२४ शेष ० पीडा	सं. १९५८ शक:१८२३ प्रमाथी	शिव ७ अग्नि	० श्रावण ५	१ग्रह.सू. ३० चै. स्प. ७।३२ मो. १२।२७	प्रमाथीवत्सरेतत्रमध्यसस्यार्घवृष्टय: । प्रजा- नांजीविनेदु:खंसमा।त्सर्या:क्षितीश्वरा: ॥
२५ शेष २ सुभिक्ष	सं. १९५९ शक:१८२४ आनंद	शिव ८ अग्नि	० ६	१ ग्रह. चं.चैत्र १५ भौम स्प. ४०।२२ मोक्ष ४२।४८	आनंदाब्देखिलालोका: सर्वदानंदचेतस:।रा- जान: सुखिन: सर्वेबहुसस्यार्घवृष्टिभि: ॥
२६ शेष ४ सुभिक्ष	सं. १९६० शक:१८२५ राक्षस	वि. शि. अग्नि	७ नास्ति	२ग्र.चै.शु१५श.स्प२६/२३ मो.२।४५आ.शु१५स्प ३१।२मो. २९।१०	स्वस्वकार्येरता: सर्वेमध्यसस्यार्घवृष्टय: । रा- क्षसाब्देखिलालोकाराक्षसाइवनिष्क्रिया: ॥
२७ शेष ४ सम	सं. १९६१ शक:१८२६ नल	वि. शि. अग्नि	८ ज्येष्ठ	१ ग्र. मा.शु.१५ र. स्प.४०।३९मो.४६। ५९	नलाब्देमध्यसस्यार्घवृष्टेभि:प्रवराधरा । नृप- संक्षोभसंजाताभूरितस्करभातय: ॥
२८ शेष ६ दुर्भिक्ष	सं. १९६२ शक:१८२७ पिंगल	वि. शि. अश्वि. कुमार	नास्ति	३ग्र.ना. श्रा.१५स्प २७।० मा. ३०।११	पिंगलाब्देत्वीतिभीतिमध्यसस्यार्घवृष्टय:।रा- जानोविक्रमाक्रांताभुंजतेशत्रुमेदिनीम् ॥

संवत्सर फल	शेषफलवचे अंकोंकेजो नामसंख्या	आधिपति	अधिक मास	सूर्यचंद्र ग्रहण	प्रभवादिसंवत्सरोंकेफल ॥
२९ शेष १ सम	सं. १९६३ शकः १८२८ काल	वि. शि. अश्वि. कुमार	१० नास्ति	का.३०सूस्प.९।३६मो १४।२८मा.१५मं.स्प. २५।२४ मां.३०।२४	वत्सरे कालयुक्ताख्ये सुखिनःसर्वेजंतवः। स- न्त्यथापिचसस्यानिप्रचुराणितथागदाः ॥
३० शेष ३ दुर्भिक्ष	सं. १९६४ शकः १८२९ सिद्धार्थ	वि.शि. आश्वि कुमार	११ वैशाख	ग्रहणंनास्ति	सिद्धार्थवत्सरेभूपो ज्ञानवैराग्ययुक्प्रजाः। स कलावसुधाभाति बहुसस्यार्घवृष्टिभिः ॥
३१ शेष ० पीडा	सं १९६५ शकः १८३० रौद्र	वि.शि. अ- श्वि कुमार १४	१२ नास्ति	ग्र.मार्ग.शु.१५चं.स्प. ४८।२०मो. ५१।३०	रौद्राब्देनृपसंभूतक्षोभक्लेशसभागिने । सत- तंत्वखिलालोकामध्यसस्यार्घवृष्टयः ॥
३२ शेष २ सुभिक्ष	सं. १९६६ शकः १८३१ दुर्मति	वि.शि. अश्वि कुमार	१३ भाद्र.	१ प्र. ज्ये. शु. १५भृ. स्प. ५९।३मो.७।४३	दुर्मत्यब्देखिलालोका भूपादुर्मतयःसदा । तथापिसुखिनःसर्वे संग्रामाःसंतिचेदपि ॥
३३ शेष ४ दुर्भिक्ष	सं. १९६७ शकः १८३२ दुंदुभि	वि.शि. १६ भग	१४ नास्ति	१ ग्र. का.शु. १५ बु. स्प. ५३।३७ मोक्ष ५६।३७	सर्वसस्ययुताधात्री पालिताधरणीधरैः।स र्वदेशविनाशःस्यात्तत्रदुंदुभिवत्सरे ॥
३४ शेष ६ सम	सं. १९६८ शकः १८३३ रुधिरोद्गारी	शि.वि. १७ भग २	१५ नास्ति	का.कृ.३० स्प.५९। २६ मो. ४।५०	आहवेनिहिताःसर्वेभूपारोगैस्तथाजनाः । यथा कथंचिज्जीवंतिरुधिरोद्गारिवत्सरे ।
३५ शेष १ दुर्भिक्ष	सं. १९६९ शकः १८३४ रक्ताक्षी	शि. वि. १८ भग	१६ आषा.	चं.चै.१५सो.स्प.५१।१६मो. ५६ चै.३०बु. स्प२९। ०मो. ३३।३१	रक्ताक्षिवत्सरेसस्यवृद्धिर्वृष्टिरनुत्तमा । प्रेक्षंते सर्वदान्योन्यंराजानोरक्तलोचनं ॥
३६ शेष ३ सं. १९	सं. १९७० शकः १८३५ क्रोधन	१७ ना. भग	१७ नास्ति	फा. १५ स्प.२२।२० चं.भा. १५ स्प. २४।९ मोक्ष ३२।५९	क्रोधनाब्देमध्यवृष्टिः पूर्वदेशेचवृष्टयः। संपूर्ण- मितरत्सर्वे भूपाःक्रोधपरायणाः ॥
३७ शेष ३ स. २०	सं. १९७१ शकः १८३६ क्षय	शि. वि. २० भग ५	१८ नास्ति	सू.भा. ३० भृ.स्प.३०। ३८मो३५।२८भा.१५ भृ.स्प२५।१मो३३।१६	कार्पासगंधतैलेक्षुमधुसस्यविनाशनं । क्षय- माणाश्चापिनराजीवंतिक्षयवत्सरे ॥
३८ शेष ५ पीडा	सं. १९७२ शकः १८३७ प्रभव	वि ? ब्रह्मा १	०० ज्येष्ठ	नास्ति ०	काश्यप्यामीतयश्चाग्निकोपश्चव्याधयोभुवि । प्रभवाब्देमंदवृष्टिस्तथापिसुखिनोजनाः ॥
३९ शेष २ सुभिक्ष	सं. १९७३ शकः १८३८ विभव	ब्रह्मा २ विष्णु २	१ नास्ति	नास्ति १	दंडनीतिपराभूपा बहुसस्यार्घवृष्टयः। विभवा- ब्देखिलालोकाः सुखिनःस्युर्विवैरिणः ॥
४० शेष ४ दुर्भिक्ष	सं. १९७४ शकः १८३९ शुक्ल	ब्रह्मा ३ विष्णु ३	२ आश्वि.	१ चं. आषा. शु. १५ खग्रासस्पर्श ४९।५५ मो. ५९।२९	शुक्लाब्देनिखिलालोकाः सुखिनःस्वजनैःसह। राजानोयुद्धनिरताःपरस्परजयैषिणः ॥
४१ शेष ० सम ६	सं. १९७५ शकः १८४० प्रमोद	ब्रह्मा ४ विष्णु ४	३ चैत्र संभव	नास्ति	प्रमोदाब्देप्रमोदंतिराजानोनिखिलाजनाः।वी- तरोगावीतभयाईतिशत्रुविनाशकाः ॥
२ शे ६ १९ दुर्भिक्ष	सं. १९७६ शकः १८४१ प्रजापति	ब्रह्मा ५ विष्णु ५	० ४	नास्ति	नचलंतिचलालोकाः स्वस्वमार्गात्कथंचन । अब्देप्रजापतौनूनं बहुसस्यार्घवृष्टयः ।

संवत्सर फल	शेषफलवचे अंकोंकेजो नामसंख्या	अधिपति	अधिकमास	सूर्यचंद्रग्रहण	प्रभवादिसंवत्सरोंके फल ॥
४३ शेष ५ सम ७	सं. १९७७ शकः १८४२ अंगिरा	ब्रह्मा ६ बृहस्पति	५ श्रावण	चं.ग्र.वै. शु. १५चं.स्प. ५८।३मो. ६।४७ आ. ११बु. स्प.३२।९	अन्नाद्यंभुज्यतेशश्वज्जनैरतिथिभिःसह। अंगिराब्देखिलालोकाभूपाश्चकलहोत्सुकाः ॥
४४ शेष ५ सुभि ७	सं. १९७८ शकः १८४३ श्रीमुख	ब्रह्मा बृहस्पति २	६ नास्ति	आश्वि. १५ र.स्प. ४९।३१मो.१७।४९ चंद्रग्रहण	श्रीमुखाब्देखिलाधात्रीबहुसस्यार्घसंयुता।अध्वरेनिरताविप्रावीतरोगाविवैरिणः ॥
४५ शेष ० पीडा ०	सं. १९७९ शकः १८४४ भाव	ब्रह्मा बृहस्पति ३	७ नास्ति	आश्वि.कृ.३० गु.सू. स्प.५।५मो. १०।११ ३० आषा.	भावाब्दे प्रचुरारोगा मध्यसस्यार्घवृष्टयः जानोयुद्धनिरता स्तथापिसुखिनोजनाः ॥
४६ शेष २ सुभ. ९	सं. १९८० शकः १८४५ युवा	ब्रह्मा गुरु ४	८ ज्येष्ठ	माघ. १५ बु. खग्रास ५।४७ स्प. ३२।३८ मो. ४१।४८ चं. ग्र.	प्रभूतपयसोगावः सुखिनस्सर्वजंतवः । सर्वकामक्रियायुक्तो युवाब्देयुवतीजनः ॥
४७ शेष ४ १०	सं. १९८१ शकः १८४६ धाता	ब्रह्मा बृहस्पति ५	९ नास्ति	श्रा.१५शु.५०स्प. [illegible] मो.५५ख.मा.१५र.स्प ४६।१मो.५१।३६चं.ग्र	धातृवर्षेखिलाःक्ष्मेशाः सदायुद्धपरायणाः।संपूर्णाधरणीभाति बहुसस्यार्घवृष्टिभिः ॥
४८ शेष ६ सम ११	सं. १९८२ शकः १८४७ ईश्वर	ब्रह्मा इंद्र १	१० नास्ति	श्रा. १५ भौ.दृष्टि. ना. माघ३०गु.स्प.१२।१७ मो.१५।३३सू.ग्रहण	ईश्वराब्देखिलाजंतुधात्रीधात्रीवसर्वदा । पोषयत्यतुलेंवान्नफलमाषैस्तुव्रीहिभिः
४९ शेष ६ दु. १२	सं. १९८३ शकः १८४८ बहुधान्य	ब्रह्मा इंद्र १२	११ वैशाख	० ० ०	अनीतिरतुलावृष्टिर्बहुधान्याख्यवत्सरे। विविधैर्धान्यनिचयः सुखपूर्णाखिलाधरा ॥
५० शेष ३ सम १३	सं. १९८४ शकः १८४९ प्रमाथी	ब्रम्हा इंद्र ०	१२ नास्ति	० ० ०	नमुंचतिपयोवाहःकुत्रचित्कुत्रचिज्जलम्। मध्यमावृष्टिरर्घश्चनूनमब्देप्रमाथिनि ॥
५१ शेष ५ सुभिक्ष	सं. १९८५ शकः १८५० विक्रम	ब्रह्मा १४ इंद्र	१३ भाद्रपद	ज्ये.शु.१५ र.संभवअदृष्टिका.३० चं.स्प.१६। ३७मो. २१।२१चं.सू.	विक्रमाब्देधराधीशा विक्रमाक्रांतभूमयः । सर्वत्रसर्वदामेघामुंचंति प्रचुरंजलम् ॥
५२ शेष ० धी. १५	सं. १९८६ शकः १८५१ वृष	ब्रह्मा १५ इंद्र	१४ नास्ति	वै. ३०गु. संभव ग्रहणं नास्ति सू.	वृषाब्देनिखिलाःक्ष्मेशायुद्धपंतिवृषभाइव। विद्याप्रसक्ताविप्रेन्द्राः पज्यंतेसततंभुवाम् ।
५३ शेष २ १६सम	सं .१९८७ शकः १८५२ चित्रभानु	ब्रह्मा १६ अग्नि	१५ नास्ति	० ०	वित्तार्घवृष्टिसस्याद्यैर्विचित्रानिखिलाधरा। निराकुलाखिलालोकाश्चित्रभान्वाख्यवत्सरे ॥
५४ शेष ४ १७ दु.	सं. १९८८ शकः १८५३ सुभानु	ब्रह्मा १७ अग्नि	१६ आषा.	वै.१५स्प४७।३मो.५३ मा.१५ स्प४०मो. ४९ फा.१६ स्प१५मो२३ख	सुभानुवत्सरेभूमिर्भूमिपानांचविग्रहः । भातिभूर्भरिसस्याढ्या भयंकरभुजंगमाः ॥
५५ शेष ६ १७सम	सं. १९८९ शक १८५४ तारण	ब्रह्मा १८ अग्नि ३	१७ नास्ति	भा.५५ बु. स्प ० ४४मो.५३।० ख. चंद्रग्रहण	कस्यचिन्नाखिलालोकास्तरंतिप्रातिपन्नताम् । नृपाहुंवक्ष्यताद्रोगा भैषज्यैस्तारणाब्दके ॥
५६ शेष १ १९ दु	सं. १९९० शकः १८५५ पार्थिव	ब्रह्मा अग्नि ०	१८ ०	भा.३० सो.स्प. ७ मो ५४।३४फा.३०संभव दृष्टिनास्ति सू. २	पार्थिवाब्देतुराजानः सुखिनःसुप्रजाभृन्नम् । बहुभिःफलपुष्पाद्यैर्विविधैश्चपयोधरैः ॥

संव-सर-फल	नामसंख्या अंकोंकेजो शेषफलवचे	आधि पति	अधिक मास	सूर्य चंद्र ग्रहण	प्रभवादिसंवत्सरोंके फल.
५७ शेष ३ ६ सम	सं. १९९१ शकः१८५६ व्यय	ब्रह्मा अग्नि ५	०० ज्येष्ठ	आषा.१५रुप.२७मो. ३५पौ.१५रुप.२९मो. ३७ खग्रास ४।१८	व्यथाब्देनिखिलालोका बहुव्ययपराभृशम् । विरमंतीहुतुरवैरथैर्भूतानिसर्वदा ॥
५८ शेष ५ १दुर्भि.	सं.१९९२ शकः१८५७ सर्वजित	विष्णु त्वाष्ट्र	१ ०	पौ.१५ बुधे रुप.३५ ४३ मो. ४४।० चंद्रग्रहण	सर्वजिद्वत्सरेसर्वे जनाखिदशराभिभाः । राजानोविलयंयांति भीमसंग्राममभूमिपाः ॥
५९ शेष ० पीडा२	सं. १९९३ शकः १८५८ सर्वधारी	विष्णु त्वाष्ट्र	२ आश्वि.	आ.३०रुप.९।४८मो. १४आ.१५रुप४०।८ मोक्ष ४३।२	सर्वधार्यब्दकेभूपाः प्रजापालनतत्पराः । प्रशांतवैराःसर्वत्र बहुसस्याधवृष्टयः ॥
६० शेष २ ६ सम	सं.१९९४ शकः १८५९ विरोधी	विष्णु त्वाष्ट्र	३ संभव	ग्रहणंनास्ति	विरोधीवत्सरेभूपाः परस्परविराधिनः । भूरिभूरियुताभूमिर्भूरिकारिसमाकुलाः ॥

तिथिप्रकरण

मासभाच्चांद्रभं यावत् गणयेत्तावदेव तु ।।
यावंति गणनाद्धानि तावत्यस्तिथयः क्रमात् ।।३८।।

टीका––चैत्रादि बारह मासोंके नाम और उन नामोंके नक्षत्रसे मासनक्षत्र जानिये, जैसे–चैत्रका चित्रा विशाखा ज्येष्ठा पूर्वषाढा श्रवण पूर्वाभाद्रपदा अश्विनी कृत्तिका मृगशिर पुष्य मघा पूर्वाफाल्गुनी इस प्रकार नक्षत्रोंमें क्रमसे जानिये, इन मासनक्षत्रसे दिनके चंद्रनक्षत्र जहां तक हो वहांतक गिनना, गिननेसे जितनी संख्या आये उतनीही क्रमसे तिथि जानना। उदाहरण–किसीने पूछा कि चैत्र कृष्णमें अनुराधानक्षत्रके दिन कौन तिथि है, उत्तर–चैत्रामासमें मासनक्षत्र चित्रा है और वहां चांद्रनक्षत्र अनुराधा है इसलिये चित्रा अनुराधातक गिननेसे संख्या ४ आई इससे चैत्रकृष्णमें अनुराधाके दिन तृतीया तिथि है परंतु पूर्णिमांत महीनेसे गणित बराबर होता है ।। ३८ ।।

तिथिसंज्ञापरिज्ञानम्

प्रतिपत्सिद्धिदा प्रोक्ता द्वितीयाकार्यसाधिनी।।तृतीयारोग्यदात्री च हानिदाच चतुर्थिका ।।३९।। शुभा तु पंचमी ज्ञेया षष्ठिका त्वशुभा मता ।। सप्तमी तु शुभा ज्ञेया अष्टमी व्याधिनाशिनी ।।४०।। मृत्युदात्री तु नवमी द्रव्यदा दशमी तथा ।। एकादशी तु शुभदा द्वादशी सर्वसिद्धिदा ।।४१।। त्रयोदशी सर्वसिद्धा ज्ञेया चोग्रा चतुर्दशी ।। पुष्टिदा पौर्णिमा ज्ञेया त्वमावस्याऽशुभा तिथिः ।।४२।। वृद्धिश्चाथ सुमंगलाथ सबला प्रोक्ता खला श्रीमती कीर्तिर्मित्रपदा तथा बलवती चोग्रा क्रमाद्धर्मिणी ।। नंदाख्या हि यशोवती जयकरी क्रूरा हि सौम्या तिथिर्नाम्ना तुल्यफलं क्रमात् प्रतिपदो दर्शस्त्वमासंज्ञकः ।।४३।। नंदा सिते सोमसुते च भद्रा कुजे जया चैव शनौ च रिक्ता ।। पूर्णा गुरौ ताश्च मृता कुजार्के सितांबुजे ज्ञे च गुरौशनिः स्युः ।।४४।।

इन श्लोकोंकी टीका चक्रमें लिखी है

स्वामी

वह्निर्विरिंचो गिरिजा गणेशः फणी विशाखो दिनकृन्महेशः ।। दुर्गान्तकौ विष्णुहरी स्मरश्च शर्वः शशी चेति पुराणदृष्टः ।। ४५ ।। अमायाः पितरः प्रोक्तास्तिथीनामधिपाः क्रमात् ।।

संज्ञा–नंदा न भद्रा च जया च रिक्ता पूर्णेति सर्वास्तिथयः क्रमात्स्युः ।। कनिष्ठ मध्येष्टफलाश्च शुक्ले कृष्णे भवंत्युत्तममध्यहीनाः ।।४६।। वर्जित–कूष्मांडी बृहतीफलानि लवणं वर्ज्यं तिलाम्लं तथा तैलं चामलकं दिवं प्रवसता शीर्ष कपालांत्रकम् । निष्पावाश्च मसूरिकाफलमथो वृंताकसंज्ञं मधु द्यूतं स्त्रीगमनं क्रमात्प्रतिपदादिष्वेवमाषोडश ।।४७।। टीका

ति.	नागातिथि	तिथि०	फल	स्वामी	नाम	शुक्ल	कृष्ण	तिथिपाल. न करनेसे
१	वृद्धि	प्रतिपदा	सिद्धि	अग्नि	नंदा	अशुभ	शुभ	कूष्मांढ
२	सुमंगला	द्वितीया	कार्यसाध.	ब्रह्मा	भद्रा	अशुभ	शुभ	कटेरीफ.
३	सबला	तृतीया	आरोग्य	गौरी	जया	अशुभ	शुभ	लवण
४	खला	चतुर्थी	हानि	गणेश	रिक्ता	अशुभ	शुभ	तिल
५	श्रीमती	पंचमी	शुभा	सर्प	पूर्णा	अशुभ	शुभ	खटाई
६	कीर्ति	षष्ठी	अशुभा	स्कंद	नंदा	मध्यम	मध्यम	तैल
७	मित्रपदा	सप्तमी	शुभा	सूर्य	भद्रा	मध्यम	मध्यम	आंवला
८	बलावती	अष्टमी	व्याधिना.	शिव	जया	मध्यम	मध्यम	नारियल
९	उग्रा	नवमी	मृत्यु	दुर्गा	रिक्ता	मध्यम	मध्यम	कासीफल
१०	धर्मिणी	दशमी	धनदा	यम	पूर्णा	मध्यम	मध्यम	परवल
११	नंदा	एकादशी	शुभा	विश्वेदे.	नंदा	शुभ	अशुभ	दलिया
१२	यशोवती	द्वादशी	सर्वसिद्धि	हरि	भद्रा	शुभ	अशुभ	मसूर
१३	जयकरा	त्रयोदशी	सर्वसिद्धा	मदन	जया	शुभ	अशुभ	बैंगन
१४	क्रूरा	चतुर्दशी	उग्रा	शिव	रिक्ता	शुभ	अशुभ	मधु
१५	सौम्या	पूर्णिमा	पुष्टिदा	चंद्र	पूर्णा	शुभ	शुभ	द्यूत
१६	दर्श	अमा०	अशुभा	पितर	०	०	०	स्त्रीसंगम

नंदासु चित्रोत्सववास्तु तंत्रक्षेत्रादिकुर्वीत तथैव नृत्यम् ।। विवाहभूषाशकटाध्वयाने भद्रासु कार्याण्यपि पौष्टिकानि ।।४८।। जया तु संग्रामबलोपयोगी कार्याणि सिध्यन्त्यपि निर्मितानि ।। रिक्तासु विद्वद्वधघातसिद्धिर्विषादिशस्त्रादिच यांति सिद्धिम् ।।४९।। पूर्णासु मांगल्यविवाहयात्रा सुपौष्टिकं शांतिककर्म कार्यम् ।। सदैव दर्शे पितृकर्म युक्तं नान्यद्विदध्याच्छुभ मंगलानि ।।५०।।

टीका—पडवा, छठ, एकादशीको नंदा तिथि कहते हैं इसमें आनंदादिक कर्म और देवताओंके उत्साह और गृहसम्बन्धी कार्य गृहस्थल बनाना वस्तु मोल लेना नृत्य संवन्धी गीत वाद्य इत्यादिक कर्म करना चाहिये १ । द्वितीया, सप्तमी, द्वादशी इनको भद्रा कहते हैं इन तिथियोंमें विवाह गाड़ी सम्बन्धी काम मार्गसम्वन्धी काम पुष्टिक्रिया करनी चाहिये २ । तीज, अष्टमी त्रयोदशीको जया कहते हैं इनमें संग्राम और सेनाके उपयोगी अस्त्र-शस्त्र, ध्वजा, पताका आदि निर्माण करने योग्य है ३ । चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी ये रिक्ता हैं इनमें विद्वानोंका वध, घातकर्मकी सिद्धि, विषप्रयोग, शस्त्र इत्यादि उग्रकर्म करने योग्य हैं ४ । पञ्चमी, दशमी, पूर्णमासी इन तिथियोंको पूर्णा कहते हैं इनमें विवाह इत्यादि कर्म यात्रा शांतिक पौष्टिक कर्म इत्यादि करने चाहिये और अमावास्याको पितृकर्म करने योग्य हैं ५ ।। ४८ ।। ४९ ।। ५० ।।

अथ वारसंज्ञापरिज्ञान

आदित्यश्चद्रमा भोमौ बुधश्चाथ बृहस्पतिः । शुक्रः शनैश्चरश्चैव वासराः परिकीर्तिताः ।।५१।। शिवो दुर्गा गुहो विष्णुः कालब्रह्मेन्द्रसंज्ञकाः । सूर्यादीनां क्रमादेते स्वामिनः परिकीर्तिताः ।।५२।। गुरुश्चंद्रो बुधः शुक्रः शुभा वाराः शुभे स्मृताः ।। क्रूरास्तु क्रूरकृत्ये स्युः सदा भौमार्कसूर्यजाः ।।५३।। सूर्यश्चरः स्थिरश्चंद्रो भौमश्चोग्रो बुधः समः ।। लघुर्जीवो मृदुः शुक्रः शनिस्तीक्ष्ण समीरितः ।।५४।।

अष्टदिशाओंके स्वामी

रविः शुक्रो महीसूनुः स्वर्भानुर्भानुजो विधिः
बुधो बृहस्पतिश्चैव दिशामीशास्तथा ग्रहाः ।। ५५ ।।

टीका—पूर्वका स्वामी रवि १ आग्नेयका स्वामी शनि २ दक्षिणका स्वामी मंगल ३ नैर्ऋत्यका स्वामी राहु ४ पश्चिमका स्वामी शनि ५ वायव्यका स्वामी चंद्र ६ उत्तराका स्वामी बुध ७ ईशानका स्वामी गुरु ८ इन दिशाओंके स्वामी नवग्रह भी जानिये ।। ५५ ।।

ग्रहोंकी जाति

ब्राह्मणौ जीवशुक्रौ च क्षत्रियौ भौमभास्करौ ।।
सोमसौम्यौ विशौ प्रोक्तौ राहुमन्दौ तथान्त्यजौ ।।५६।।

टीका—गुरु शुक्र ये ब्राह्मण, मंगल रवि ये क्षत्रिय, बुध चंद्र ये वैश्य, राहु केतु और शनि ये शूद्र हैं ।।५६ ।।

ग्रहोंका वर्ण

रक्तावङ्गारकादित्यौ श्वेतो शुक्रनिशाकरौ ।।
गुरुसौम्यौ पीतवर्णौ शनिराह्वसितौ शुभौ ।।५७।।

टीका—मंगल और सूर्य इनका रंग लाल, चंद्रमा और शुक्र इनका वर्ण श्वेत, गुरु बुध इनका वर्ण पीत, शनि राहु केतु इनका वर्ण कृष्ण है ।। ५७ ।।

वारोंके अनुसार कर्म

रविवारके कर्म

राज्याभिषेकोत्सवयानसेवागोवह्निमन्त्रौषधशस्त्रकर्म ।।
सुवर्णताम्रौर्णिकचर्मकाष्ठसंग्रामपण्यापि रवौ विदध्यात् ।।५८।।

टीका—राज्याभिषेक गीत वाद्य यान कर्म राजसेवा गाय बैलका लेना देना हवन यज्ञादि मंत्र उपदेश लेना देना औषधिका लेना शस्त्रप्रारंभ सोना तांबा ऊर्णावस्त्र चर्म काष्ठ लेना युद्धप्रसंग और खरीदना-बेचना ये कर्म रविवारको करे ।। ५८ ।।

सोमवार के कर्म

शंखाब्जमुक्तारजतेक्षु भोज्यस्त्रीवृक्षकक्ष्याम्बुविभूषणाद्याः ।।
गीतक्रतु क्षीरविकार शृङ्गी पुष्पाम्बरारम्भणमिन्दुवारे ।।५९।।

टीका—शंख कमल मोती रूपा ऊख भोजन स्त्रीभोग वृक्ष जलादि कर्म अलंकार गाना यज्ञादि गोरस गाय भैंस पुष्प वस्त्र इत्यादिका ग्रहण करना सोमवारको योग्य हैं ।।५९।।

भौमवारके कर्म

भेदानृतस्तेयविषाग्निशस्त्रवध्याभिघाताहवशाठच दम्भान् ।।
सेनानिवेशाकरधातु हेमप्रवालरक्तानि कुजे विदध्यात् ।।६०।।

टीका—भेद करना, अनृत, चोरी, विष, अग्नि,शस्त्र, वध नाश, संग्राम कपट सेनाका पडाव खानि धातु सुवर्ण मूंगा रक्तस्राव ये कर्मभौमवारको करे ।। ६० ।।

बुधवारके कर्म

नैपुण्यपुण्याध्ययनंकलाश्च शिल्पादिसेवालिपिलेखनानि ।।
धातुक्रिया काञ्चनयुक्तिसंधिव्यायामवादाश्चबुधे विधेयाः ।।६१।।

टीका—चातुर्य पुण्य अध्ययन कला शिल्प सेवा लिखना चित्र काढना धातु क्रिया सुवर्णयुक्ति सख्यत्व व्यायाम और वाद करना ये कर्म बुधवारको करना चाहिये ।। ६१ ।।

गुरुवारके कर्म

धर्मक्रिया पौष्टिकयज्ञविद्यामाङ्गल्यहेमाम्बरवेश्मयात्राः ।।
रथाश्वभैषज्यविभूषणादिकार्यं विदध्यात्सुरमन्त्रिवारे ।।६२।।

टीका—धर्म करना नवग्रहादि पूजा यज्ञ विद्याभ्यास सुभग वस्त्र गृहकर्म यात्रा रथ अश्व औषधि विभूषण आदि कृत्य गुरुवारको करे ।। ६२ ।।

शुक्रवारके कर्म

स्त्रीगीतिशय्यामणिरत्नगन्धवस्त्रोत्सवालंकरणादिकर्म ॥
भूपण्य गोकोश कृषिक्रियाश्च सिध्यन्ति शुक्रस्य दिने समस्ताः ॥६३॥

टीका—स्त्री गायन शय्या मणि रत्न हीरा गंध वस्त्र उत्साह अलंकार वाणिज्य पृथ्वी दूकान गाय द्रव्य खेती, ये कर्म शुक्रवारको करना चाहिये ॥ ६३ ॥

शनिवारके कर्म

लोहाश्मसीसत्रपुशस्त्रदासपापानृतस्तेयविषार्कविद्याम् ॥
गृहप्रवेशद्विपबन्धदीक्षा स्थिरं च कर्मार्कसुतेह्निकुर्यात् ॥६४॥

टीका—लोहा पत्थर सीसा जस्त शस्त्र दास पाप अनृतभाषण चोरी विष अर्क काढना गृहप्रवेश हाथी बांधना मन्त्र लेना और स्थिर कर्म इत्यादि शनिवारको करे ॥ ६४ ॥

वारोंके देवता अधिदेवताओंके नाम

सूर्यादितः शिवशिवागुहविष्णुकेन्द्रकालाः क्रमेण पतयः कथिता ग्रहाणाम् ॥
वह्न्यम्बुभूमिहरिशक्रशचीविरिञ्चिस्तेषां पुनर्मुनिवरैरधिदेवताश्च ॥६५॥

टीका—शिव पार्वती षडानन विष्णु ब्रह्मा इंद्र काल ये ७ क्रमसे सूर्यादिक वारोंके देवता जानिये अग्नि जल भूमि हरि इंद्र इंद्राणी ब्रह्मा ये ७ सूर्यादिक वारोंके अधिदेवता हैं ॥ ६५ ॥

विचार करनेका कालपरिमाण

पतंगसूनोर्विदसाधिपत्यं निशाप्यहश्चैव तु तिग्मभानोः ।
रात्रिद्वयं चैकदिनं च सोमे शेषग्रहाणामुदयप्रवृत्तिः ॥६६॥

टीका—शनैश्चरसे कालका प्रमाण दिन रात्रि अर्थात् अष्ट प्रहरका कहना चाहिये और सूर्यके दिन अर्थात् चार प्रहरका कहना और चंद्रमासे दो रात्रि १ दिनका कहना और शेष ग्रहोंसे उदय प्रवृत्ति अर्थात् उदयसे आठ प्रहरका काल प्रमाण मानना चाहिये ॥ ६६ ॥

दोषादोषमाह

न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैवेज्यदिवाकराणाम् ॥
दिवा शशाङ्कार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्दो बुधवारदोषः ॥६७॥

टीका—गुरु शुक्र रवि इन तीन वारोंका रात्रिमें दोष नहीं है और सोम शनि मंगल इन तीन वारोंका दिनको दोष नहीं और बुधवारको सर्वत्र निंदित जानना चाहिये ॥ ६७ ॥

कृत्य

सोमसौम्य गुरुशुक्रवासराः सर्वकर्मसु भवन्ति सिद्धिदाः ॥
भानुभौमशनिवासरेषु च प्रोक्तमेव खलु कर्म सिध्यति ॥६८॥

टीका—चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र इन वारोंमें सर्व कर्म सिद्धि जानिये और रवि भौम शनि इनमें उक्त कार्यमात्रकी सिद्धि जानना चाहिये ॥ ६८ ॥

तैलाभ्यंगमें शुभाशुभ

रविस्तापं कान्तिं वितरति शशी भूमितनयो मृतिं लक्ष्मीं सौम्यः सुरपतिगुरु-र्वित्तहरणम् ।। विपत्तिं दैत्यानां गुरुरखिलभोगानुगमनं नृणां तैलाभ्यंगात् सपदि कुरुते सूर्यतनयः ।।६९ ।।

टीका—रविवारको तैलाभ्यंग संतापप्रद, सोमवारको कांतिप्रद, मंगलको मृत्यु-प्रद, बुधवारको लक्ष्मीप्रद, गुरुवारको वित्तनाशक, शुक्रवारको तैल लगानेसे विपत्ति आती है; शनिवारको तैल लगाना संपत्तिका कर्ता है ।। ६९ ।।

वस्त्रपरिधानशुभाशुभ

जीर्णं रवौ सततमम्बुभिरार्द्रमिन्दौ भौमे शुचे बुधदिने च भवेद्धनाय ।। ज्ञानाय मंत्रिणि भृगौ प्रियसंगमाय मन्दे मलाय च नवाम्बरधारणं स्यात् ।।७०।।

टीका—रविवारको नूतन वस्त्र परिधान करनेसे शीघ्र जीर्ण होगा; सोमवारको, अशौच निमित्त स्नानके जलसे सदा आर्द्र ही रहेगा, मंगलके दिन पहननेसे शोकप्रद होगा, बुधवारको धनप्राप्ति, गुरुवारको ज्ञानप्राप्ति, शुक्रवारको मित्रप्राप्ति, शनिवारको पहननेसे मलिन रहेगा ।। ७० ।।

श्मश्रुकर्म

भानुर्मासं क्षपयति तथा सप्त मार्तंडसूनुर्भौमश्चाष्टौ वितरति शुभं बोधनः पञ्चमासान् ।। सप्तैवेन्दुर्दश सुरगुरुः शुक्र एकादशेति प्राहुर्गर्गप्रभृति-मुनयः क्षौरकार्येषु नूनम् ।।७१।।

टीका—रविवारको क्षौर करनेसे १ महीना आयुष्य नाश जानिये, सोमवारको क्षौर करनेसे ७ महीने आयुकी वृद्धि जानिये, मंगलको ८ महीने आयुष्य नाश जानिये, बुध-वारको ५ महीने आयुकी वृद्धि जानिये, गुरुवारको १० महीने आयुकी वृद्धि जानिये; शुक्र-वारको ११ महीने आयुकी वृद्धि जानिये, शनिवारको ७ मास आयुका नाश जानिये यह गर्ग लल्ल नारदप्रभृति मुनियोंने क्षौरकार्यमें लिखा है ।। ७१ ।।

विद्यारम्भ

विद्यारम्भः सुरगुरुसितज्ञेष्वभीष्टार्थदायी कर्तुश्चायुश्चिरमपि करोत्यं-शुमान्मध्यमोऽत्र ।। नीहारांशौ भवति जडता पञ्चता भूमिपुत्रे छायासूनावपि च मुनयः कीर्तयन्त्येवमाद्याः ।।७२।।

टीका—गुरु, शुक्र, बुध, इन तीन बारोंमें विद्यारंभ करनेसे उत्तमविद्या शीघ्रही प्राप्त होती है और चिरंजीवी होता है और रविवार मध्यम है, सोमवारको बुद्धि जड़ होती है, मंगल और शनिवारको विद्यारंभ करनेसे मृत्यु होती है यह नारद गर्गादि मुनियोंने कहा है ।। ७२ ।।

वारोंकेनाम	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
वारोंकेपति	शिव	पार्वती	स्कंध	विष्णु	ब्रह्मा	इन्द्र	काल
देवता	अग्नि	जल	पृथ्वी	हरि	इंद्र	इंद्राणी	ब्रह्मा
विचारयोग्य समय	८ प्रहर	२रात्री ४प्रहर	८प्रहर	८प्रहर	८प्रहर	८प्रहर	८प्रहर
दोषादोष	रात्रिदोष	दिनदोष	दिनदोष	दिनदोष	रात्रिदो.	रात्रिदोष	दिनदोष
कृत्य	उक्तकर्म सिद्ध	सर्वकाम सिद्ध	उक्तकर्म सिद्धि	कर्मसिद्ध	कर्मसि.	कर्मसि.	उक्तकर्म सिद्धि
तैलाभ्यंग	ज्वरप्रद	कांतिप्रद	मृत्युद	लक्ष्मीप्र.	वित्तना.	दुःखद	संपत्तिप्र.
वस्त्र परिधान	जीर्ण होय	सदा गीलारहे	शोक प्राप्ति	धन प्राप्ति	ज्ञान प्राप्ति	इष्ट सन्मान	मलिन रहे
श्मश्रुकर्म	१महीना आ.न्यून	७महीना आ.वृद्धि	८महीना आ.न्यून	५मास आ.वृद्धि	१०मास आ०वृ.	११मास आ०वृ.	७मास आ.न्यू.
विद्यारम्भः	मध्यम	जडत्व	मृत्यु	आयु.वृ. अर्थसि.	तथा	तथा	मृत्यु

नक्षत्रपरिज्ञान

द्विनिघ्नमासस्तिथियुक् विधूनो भशेषितः स्यादुडुशेषसंख्या ।।
मासस्तु शुक्लादित एव बोध्यः कृष्णे द्विहीने मुनयो वदन्ति ।।७३।।

टीका—चैत्रसे लेकर गत मास चलते मास सहित दूने करे और उसमें गत तिथि चलते दिवस समेत मिलाये मास दिन जोड़े और एक घटाये शेषमें सत्ताइसका भाग देनेसे शेष बचे वही नक्षत्रकी संख्या जानिये ।। ७३ ।।

अश्विनी भरणी चैव कृत्तिका रोहिणी मृगः ।। आर्द्रा पुनर्वसुः पुष्यस्ततः श्लेषा मघा ततः ।।७४।। पूर्वाफाल्गुनिका तस्मादुत्तराफाल्गुनी ततः ।। हस्तचित्रा तथा स्वाती विशाखा तदनन्तरम् ।।७५।। अनुराधा ततो ज्येष्ठा ततो मूलं निगद्यते ।। पूर्वाषाढो उत्तराषाढस्त्वभिजिच्छ्रवणस्ततः ।। धनिष्ठा शतताख्यं पूर्वभाद्रपदा ततः ।। उत्तराभाद्रपदश्चैव रेवत्येतानि भानि च ।।७६।।

अथ गमनादौ शुभाशुभनक्षत्र

अश्विनी तु शुभा प्रोक्ता भरणी नाशकारिणी ।। कार्यघ्नी कृत्तिका चोक्ता रोहिणी सिद्धिदा बुधैः ।।७७।। मृगः शुभस्ततश्चार्द्रा मध्यमस्तु पुन-

वसु ।। पुष्यः शुभः सार्पमघापूर्वाः शुङ्नाशमृत्युदाः ।।७८।। उत्तराहस्तचित्रास्तु विद्यालक्ष्मीशुभप्रदाः ।। स्वातीविशाखे त्वशुभे मैत्रं सर्वार्थसिद्धिदम् ।।७९।। ज्येष्ठा मूलं क्रमात्तोयक्षयनाशार्थहानिदम् ।। विश्वब्रह्मविष्णवश्च बुद्धिवृद्धि सुखप्रदाः ।।८०।। वासवं वरुणं शैवं शुभं भद्रं मृतिप्रदम् ।। उत्तराभाद्रकं श्रीदं रेवती कामदायिका ।।८१।।

नक्षत्रोंके स्वामी

भेशादस्त्रयमाग्निकेन्दुगिरिशाः प्रोक्ता अदित्यङ्गिराःसर्पाः कव्यभुजो भगोर्यमरवी त्वष्टा समीरः क्रमात् ।। इन्द्राग्नी त्वथ मित्र इन्द्रनिर्ऋतिर्नीरं च विश्वेविधिर्वैकुण्ठो वसुपाश्यजैकचरणाहिर्बुध्न्यपूषाभिधाः ।८२।। अधोमुखनक्षत्र।।मूलाग्नेयमघाद्विदैव भरणी सार्पाणिपूर्वात्रयं ज्योतिर्विद्भिरधोमुखं हि नवकं भानामिदं कीर्तितम् ।। तिर्यङ्मुखनक्षत्र ।। ज्येष्ठादित्यकराश्विनीमृगशिरः पूषानुराधानिलत्वष्ट्राख्यानि वदन्ति भानि मुनयस्तिर्यङ्मुखान्येषु च ।। ८३ ।। ऊर्ध्वमुख नक्षत्र ।। पुष्यार्द्रश्रवणोत्तरा शतभिषक् ब्राह्मश्रविष्ठाह्वयान्यूर्ध्वास्यानि नवोदितानि मुनिभिर्धिष्ण्याम्यथैतेषु तु ।। ८४ ।। ध्रुवस्थिरनक्षत्र ।। रोहिणीसहितमुत्तरात्रयं कीर्तयन्ति मुनयो ध्रुवाह्वयम् ।। ८५ ।। मृदुनक्षत्र ।। त्वाष्ट्रमित्र शशिपूषदैवतान्या मनन्ति मुनयो मृदून्यथ ।। ८६ ।। लघु नक्षत्र ।। अश्विनी गुरुभमर्कदैवतं साभिजिल्लघु चतुष्टयं मतम् ।। ८७ ।। तीक्ष्णनक्षत्र ।। मूलशुक्रशिवसार्पदैवतान्युल्लपन्त्यथ च तीक्ष्णसंज्ञया ।।८८।। चरनक्षत्र ।। वैष्णवत्रययुतः पुनर्वसुर्मारुतं च चरपञ्चकं त्विदम् ।।८९।। उग्रनक्षत्र ।। पूर्विकात्रितयमान्तकं मघात्युग्रपञ्चकमिदं जगुर्बुधाः ।। ९० ।। मिश्रनक्षत्र।। हव्यवाहभयुतं द्विदैवतं मित्रसंज्ञमथ मिश्रकर्मसु ।।९१।। चरादिनक्षत्र ।। चरं चलं क्रूरमुशन्ति चोग्रं ध्रुवं स्थिरं दारुणभं च तीक्ष्णम् ।। क्षिप्रं लघुत्वं मृदुमैत्रसंज्ञं साधारणं मिश्रमिति ब्रुवन्ति ।। ९२ ।।

अन्धादिक नक्षत्रसंज्ञा

अन्धकं तदनु मन्दलोचनं मध्यलोचनमतः सुलोचनम् ।।
रोहिणी प्रभृतिभं चतुष्टयं साभिजिच्च गणयेत्पुनः पुनः ।।९३।।

नक्षत्रोंके स्वरूप

तुरगमुखसदृशं योनिरूपं क्षुराभं शकटसममथैणस्योत्तमोङ्गेन तुल्यम् ।। मणिगृहशरचक्रं भाति शालोपमं भं शयनसदृशमन्यच्चात्र पर्यंकरूपम् ।।९४।। हस्ताकारमतश्च मौक्तिकसमं चान्यत् प्रवालोपमं धिष्ण्यं तोरणवत्स्थितं बलिनिभं सत्कुण्डलाभं परम् ।। क्रुध्यत्केसरिविक्रमेण सदृशं शय्यासमानं परं चान्यद्दन्तिविलासवत्स्थितमतः शृङ्गानिभं व्यक्तिमत्।।९५।।त्रिविक्रमाभं च मृदङ्गरूपं वृत्तं ततोऽन्यद्यमलद्वयाभम् ।। पर्यंकरूपं मुरजानुकारी चेत्येवमश्वादिवचक्ररूपम्।।९६।।

नक्षत्रोंके तारोंकी संख्या

वह्नित्रिऋत्विषुगुणेन्दुकृताग्निभूतबाणाश्विनेत्रशरभूकुयुगाब्धिरामाः ।।
रुद्राब्धिरामगुणवेदशतद्वियुग्मंदन्ताबुधैर्निगदिताः क्रमशोभताराः ।। १७ ।।

संख्या	नक्षत्रोंके नाम	शुभाशुभ संज्ञा	स्वामिकों नाम	मुख संज्ञा	रूपसंज्ञा नाम	नाम	लोचन संज्ञा	स्वरूपकी आकृति	संख्या तारोंकी
१	अश्विनी	शुभ	अश्वि.कु.	तिर्यङ्मु.	लघु	क्षिप्र	मंदलोच.	अश्वरूप	३
२	भरणी	नाशक	यम	अधोमुख	उग्र	क्रूर	मध्यलो०	योनिरूप	३
३	कृत्तिका	कार्यनाश	अग्नि	अधोमुख	मिश्र	साप	सुलोचन	क्षुररूप	६
४	रोहिणी	सिद्धि	ब्रह्मा	ऊर्ध्वमुख	ध्रुव	स्थिर	अंधलो०	शकट	५
५	मृगशिर	शुभ	चंद्र	तिर्यङ्मु.	मृदु	मैत्र	मंदलोच.	मृगसम	३
६	आर्द्रा	शुभ	शिव	ऊर्ध्वमुख	तीक्ष्ण	दारुण	मध्यलो०	मणिसम	१
७	पुनर्वसु	मध्यम	आदिति	तिर्यङ्मु.	चर	चल	सुलोचन	गृहसम	४
८	पुष्य	शुभ	गुरु	ऊर्ध्वमुख	लघु	क्षिप्र	अंधलो०	शरसम	३
९	आश्लेषा	शोक	सर्प	अधोमुख	तीक्ष्ण	दारुण	मंदलोच.	चक्रसम	५
१०	मघा	नाशक	पितर	अधोमुख	उग्र	क्रूर	मध्यलो०	शालासम	५
११	पूर्वाफा०	मृत्युद	भग	अधोमुख	उग्र	क्रूर	सुलोचन	शय्यासम	२
१२	उत्तराफा.	विद्या	अर्यमा	ऊर्ध्वमुख	ध्रुव	स्थिर	अंधलो०	पर्यंकसम	२
१३	हस्त	लक्ष्मी	रवि	तिर्यङ्मु.	लघु	क्षिप्र	मंदलोच.	हस्ताकृति	५
१४	चित्रा	शुभद	त्वष्टा	तिर्यङ्मु.	मृदु	मैत्र	मध्यलो०	मौक्तिक	१
१५	स्वाति	अशुभ	वायु	तिर्यङ्मु.	चर	चल	सुलोचन	प्रवाल	१
१६	विशाखा	अशुभ	इन्द्राग्नि	अधोमुख	मिश्र	साधा.	अंधलो०	तोरण	४
१७	अनुराधा	सर्वसिद्धि	मित्र	तिर्यङ्मु.	मृदु	मैत्र	मंदलोच.	वलिसम	४
१८	ज्येष्ठा	क्षयनाश	इन्द्र	तिर्यङ्मु.	तीक्ष्ण	दारुण	मध्यलो.	कुंडल	३
१९	मूल	अर्थनाश	राक्षस	अधोमुख	तीक्ष्ण	दारुण	सुलोचन	सिंहसम	११
२०	पूर्वाषाढा	हानि	उदक	अधोमुख	उग्र	क्रूर	अंधलो०	शय्यासम	४
२१	उत्तराषा.	बुद्धिदा	विश्वेदेव	ऊर्ध्वमुख	ध्रुव	स्थिर	न्दलोचन	हस्तीसम	३
२२	अभिजित्	वृद्धिदा	ब्रह्मा	०	लघु	क्षिप्र	मध्यलो०	त्रिकोण	३
२३	श्रवण	सुखदा	विष्णु	ऊर्ध्वमुख	चर	चल	सुलोचन	व्यक्ताकार	३
२४	धनिष्ठा	शुभदा	वसु	ऊर्ध्वमुख	चर	चल	अंधलो०	वामनसम	४
२५	शतभिषा	कल्याण	वरुण	ऊर्ध्वमुख	चर	चल	मंदलोच.	मृदंगसम	१००
२६	पूर्वाभाद्र.	मृत्युदा	अजैक	अधोमुख	उग्र	क्रूर	मध्यलो०	वर्तुलाकार	२
२७	उत्तराभा.	लक्ष्मी	अहिर्बुध्न्य	ऊर्ध्वमुख	ध्रुव	स्थिर	सुलोचन	यमलाकार	२
२८	रेवती	कामदा	पूषा	तिर्यङ्मुख	मृदु	मैत्र	अंधलो०	मृदंगसम	३२

कार्याकार्यविचार

अधोमुख

वापीकूपतडागगर्तपरिखाखाता निधेरुद्धृति-

क्षेपौ द्यूतबिलप्रवेशगणितारम्भाः प्रसिध्यन्ति च ।।

टीका--अधोमुख नक्षत्र ये हैं मूल कृत्तिका मघा विशाखा भरणी आश्लेषा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाषाढा पूर्वाभाद्रपदा इनमें वापी कूप तालाब गर्त और खाई खोदना द्रव्य काढना और रखना जुआ खेलना विलांत: प्रवेश गणितारम्भ ये कर्म करने योग्य हैं ।

तिर्यङ्मुख

अश्वेभोष्ट्रलुलायरासभवृषोरभ्रादिदान्त्यश्विनौ

गन्त्रीयन्त्रहलप्रवाहगमनारम्भाः प्रसिध्यन्ति च ।।

टीका--तिर्यङ्मुख कहिये ज्येष्ठा पुनर्वसु हस्त अश्विनी मृग रेवती अनुराधा स्वाती चित्रा इन नक्षत्रोंमें घोड़ा हाथी ऊँट भैंस गधा बैल मेंढ सूकर श्वान लेना, नाव पानीमें डालना गंत्री यंत्र हल चलाना और धारण गमनादिक करे ।

ऊर्ध्वमुख

प्रासादध्वज धर्मवारणगृहप्राकारसत्तोरणो-

च्छायारामविधिर्हितो नरपतेः पट्टाभिषेकादि च ।।

टीका--पुष्य आर्द्रा श्रवण उत्तराफाल्गुनी उत्तराषाढ़ा उत्तराभाद्रपदा शतभिषा रोहिणी धनिष्ठा इन नक्षत्रोंको ऊर्ध्वमुख कहते हैं इनमें देवस्थान ध्वजा मंडप घर कोट भीत तोरण बाग राज्याभिषेक आदि कर्म करने योग्य हैं।

ध्रुवनक्षत्र

बीजहर्म्यनगराभिषेचनारामशान्तिषु हितं स्थिरेषु च

टीका--रोहिणी उत्तराफाल्गुनी उत्तराषाढा उत्तराभाद्रपदा ये ध्रुव नक्षत्र हैं, इनमें बीज बोना, हर्म्य तथा नगरमें प्रवेश, राज्याभिषेक, बाग लगाना ये कर्म करने योग्य हैं।

मृदुनक्षत्र

मित्रकार्यरतिभूषणाम्बरोद्गीतिमङ्गलविधानमेषु तु ।

टीका--मृगशिर चित्रा अनुराधा रेवती इनको मृदु कहते हैं इनमें मित्रकार्य स्त्रीप्रसंग भूषण और वस्त्रधारण गाना आदि नाना प्रकारके मंगल कर्म करने योग्य हैं ।

लघुनक्षत्र

पण्यभूषणकलारतौषधज्ञानशिल्पगमनेषु सिद्धिदम् ।

टीका--अश्विनी पुष्य हस्त अभिजित् इनको लघु कहते हैं इनमें दूकान खोलना, भूषण धारण करना, क्रीडा करना, औषधी बनाना, कारखाना, ज्ञान, विद्या, शिल्पविद्या, प्रस्थान गमनादिक शुभ हैं ।

तीक्ष्णनक्षत्र

भूतयक्षनिधिमन्त्रसाधनं भेदबन्धवधकर्म चात्र तु ।

टीका—आर्द्रा आश्लेषा ज्येष्ठा मूल ये तीक्ष्ण नक्षत्र हैं इनमें भूत और यक्षादिकोंकी पीडाका निवारण करना: द्रव्य काढना, मन्त्रसाधन, भेद, बन्धन वध ये कर्म उक्त हैं ।

चरनक्षत्र

दन्तवाजिकरभादिवाहनारामयानविधिषु प्रशस्यते ।

टीका—पुनर्वसु स्वाती श्रवण धनिष्ठा शततारका ये चर नक्षत्र हैं इनमें हाथी, घोडा, नाना प्रकारके वाहन, बागमें जाना; पालकी रथ गाडी आदिकी सवारीमें बैठना योग्य है ।

उग्रनक्षत्र

शाठ्यनाशविषघातबन्धनोत्साहशस्त्रदहनादिषु स्मृतम् ।

टीका—भरणी मघा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाषाढा पूर्वाभाद्रपदा ये उग्र नक्षत्र हैं इनमें शठता करना, नाश, विषघात, बंधन, उत्साह, शस्त्र, जलाना आदि कर्म करना विहित है ।

मिश्रनक्षत्र

स्वाभिधानसमकर्मसाधने कीर्तितानि सकलानि सूरिभिः ।

टीका—कृत्तिका विशाखा भरणी ये मिश्र हैं इनमें नक्षत्रोंके समान कर्म करने योग्य हैं।

नष्टवस्तुके देखनेका प्रकार

नक्षत्रोंकी लोचनसंज्ञा

अन्धके लभते शीघ्रं मन्दके च दिनत्रयम् ।
मध्यके च चतुःषष्टिर्न प्राप्नोति सुलोचने ।।

टीका—अंध नक्षत्रमें गई वस्तु शीघ्र मिलती है और मंदलोचनमें जानेसे ३ दिन पीछे प्राप्त होती है मध्यलोचन नक्षत्रमें वस्तु नष्ट हो तो ६४ दिवस पर्यंत मिल जाय । सुलोचनमें गई वस्तु कभी प्राप्त नहीं होती

नष्टवस्तुदिग्ज्ञान

अन्धके पूर्वतो वस्तु मंदके दक्षिणे तथा ।
पश्चिमे मध्यनेत्रे च उत्तरे तु सुलोचने ।।

टीका—अंधे नक्षत्रमें नष्ट वस्तु पूर्व दिशामें जानिये और मंदलोचनमें नष्ट वस्तु दक्षिणमें और मध्यलोचनमें गत वस्तु पश्चिम दिशामें और सुलोचनमें गई वस्तु उत्तर दिशामें गई हुई जानिये ।

अंधादिनक्षत्रोंमें नष्टवस्तुकी प्राप्ति अप्राप्ति

अन्धे सद्यः प्राप्यते वस्तु नष्टं कष्टात्प्राप्यं मन्दनेत्रे च तद्वत् ।
दूरात् श्राव्यं मध्यनेत्रे न लभ्यं न श्रोतव्यं नैव लभ्यं सुनेत्रे ।।

टीका—अंध नक्षत्रमें नष्ट वस्तु शीघ्र प्राप्त होती है, मंदलोचनमें वस्तु परिश्रम और विलंबसे और मध्य लोचनमें गई वस्तु दूर जानिये और मिलनेवाली भी नहीं और सुलोचनमें नष्ट वस्तु न सुननेमें आये न मिले ।

नक्षत्रानुसारप्रश्न

मघादि अर्यमान्तंच समीपेवस्तु दृश्यते। हस्तादिवसुपर्यन्तमन्यहस्ते च दृश्यते ।।
शतताराद्यमान्तं तु स्वगृहे वस्तु दृश्यते। अन्त्यादि सार्पपर्यन्तमदृष्टं दूरगं तथा ।।

टीका——मघासे लेकर उत्तराफाल्गुनीपर्यन्त नक्षत्रोंमें जो वस्तु चोरी जाय तो वह समीप जानिये, हस्तसे धनिष्ठातक दूसरे हाथमें वस्तु जानिये, शतभिषासे भरणीतक अपने घरमें जानिये और कृत्तिकासे आश्लेषातक गई वस्तु प्राप्त नहीं होती।

तिथीवारं च नक्षत्रं प्रहरेण समन्वितम् । दिक्संख्यया हतं चैव सप्तभिर्विभजेत्पुनः ।। एकेन भूतले द्रव्यं द्वयं चेद्भाण्डसंस्थितम् । तृतीये जलमध्यस्थमन्तरिक्षे चतुर्थके ।। तुषस्थं पञ्चमे तु स्यात् षष्ठे गोमयमध्यगम् । सप्तमे भस्ममध्यस्थमित्येतत्प्रश्नलक्षणम् ।।

टीका——प्रश्नसमयकी तिथि वार और ग्रह नक्षत्र इन सबको इकट्ठा करे और इनमें, प्रहर मिलाकर आठगुणा करे और सातका भांग देनेसे जो शेष रहे उससे फल विचारे। एक शेष रहे तो भूमिमें वस्तु जानिये और २ शेष रहें तो बरतनमें, ३ शेष रह तो जलमें; ४ बचें तो अंतरिक्षमें जानिये, ५ बचें तो तुषमें, ६ बचें तो गोबरमें, ७ बचें तो भस्ममें वस्तु जानिये।

दिवारात्रिमुहूर्तान्याह

शिवोर्हिमित्रपितरौ वस्वम्भाविश्ववेधसः । विधिरिन्द्रोथ शक्राग्नीरसाब्धी शोर्यमा भगः ।। मुहूर्त्तेशा इमे प्रोक्ता दिवा पंचदशक्रमात् । मुहूर्ता रजनौ शंभुरजैक चरणाश्रयः ।। दस्रात्पश्चादितेर्जीवो विश्वकौ तक्षमारुतः । दिनमानस्य तिथ्यंशो रात्रेरपि मुहूर्तकाः ।। नक्षत्रनाथतुल्येऽस्मिन् स्थितकार्यात् खभोदितम् । दिनमध्येऽभिजिन्मध्येदोषसंघेषु सत्स्वपि ।। सर्वं कुर्याच्छुभं कर्म याम्यदिग्गमनं विना ।

अथ रव्यादिवारे त्याज्यमुहूर्ताः

अर्यमा भानुमद्वारे चन्द्रेहि विधिराक्षसौ । पित्राग्नी कुजवारे तु चन्द्र पुत्रे तथाऽभिजित् ।। पितृब्राह्मौ भृगोर्वारे राक्षसाम्बू गुरोर्दिने ।। रौद्रसार्पौ शनेरह्नि इमे त्याज्या मुहूर्त्तकाः ।।

दिवारात्रिचक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	सं
शिव	सर्प	मित्र	पितर	वसु	अंबु	विश्वे	विधि	विधि	इंद्र	इन्ना.	राक्ष.	वरुण	अर्य.	भग	मुहू.
आ०	श्लेषा	अनु.	मघा	धनि	पूषा	उत्त.	ऽभि.	रोहि	ज्ये.	वि.	मूल	शत	उ.	पू०	नक्ष.
रुद्र	अजै.	अहि	पूषा	दस्र	यम	अग्नि	ब्रह्मा	चंद्र	आदि	गुरु	वि.	सूर्य	त्वा.	वायु	रात्रि
आ०	पू.भा	उ.	रेवती	अश्वि	भर.	कृत्ति	रोहि	मृग	पुन.	पुष्य	श्रव	हस्त	चि.	स्वा.	नक्ष.

अथ रव्यादिवारे त्याज्यचक्रम्

सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	वाराः
अर्यम	ब्रह्मराक्ष.	पितृ अग्नि	अभिजित्	राक्षसअंबु	पितृब्रह्म	शिवसर्प	मुहूर्ताः
उ० फा०	रोहि. मूल	मघा.कृत्ति	अभिजित्	मूलपूर्वाषा	मघा. रो.	आर्द्राश्लेषा	नक्षत्र
दिन १४	रा. ८।	दि. ४।	दिन ८ रा. ०	दिन१२।६ रा. ०	दिन४।८ रा. ०	दिन १।२ रा. ३	दिनरात्रि

मद्य काढनेका मुहूर्त

रौद्रे पैत्र्यै वारुणे पौरुहूते याम्ये सार्पे नैऋते चैव धिष्ण्ये ।
पूर्वाख्येषु त्रिष्वपि श्रेष्ठ उक्तो मद्यारम्भः कालविद्भिपुराणैः ।।

टीका—आर्द्रा मघा शतभिषा ज्येष्ठा भरणी आश्लेषा मूल तीनों पूर्वा इन नक्षत्रोंमें प्रथम मद्य काढना प्रारंभ करे ।

नवीनवस्त्रधारण

रोहिणीषुकरपंचकेऽश्विभे त्र्युत्तरेऽपि च पुनर्वसुद्वये ।
रेवतीषु वसुदैवते च भे नव्यवस्त्रपरिधानमिष्यते ।।

टीका—रोहिणी हस्त चित्रा स्वाती विशाखा अनुराधा अश्विनी उत्तराफाल्गुनी उत्तराषाढा उत्तराभाद्रपदा पुनर्वसु पुष्य रेवती धनिष्ठा इनमें नवीन वस्त्र धारण करे और कराये ।

मोतीसुवर्णमणिरक्तवस्त्रधारण

नासत्यपौष्णवसुभे करपञ्चके च मार्त्तण्ड भौमगुरुमन्त्रिशशांकवारे ।
मुक्तासुवर्णमणिविद्रुमन्तशंखरक्ताम्बराणि विधृतानि भवन्ति सिद्धौ ।

टीका—अश्विनी रेवती धनिष्ठा हस्त चित्रा स्वातीविशाखा अनुराधा इन नक्षत्रोंमें और भौम रवि गुरु शुक्र सोम इन वारोंमें मोती सुवर्ण मणि मूंगा हस्तिदंतका चूडा नूतन शंख पूजामें लाना रक्तवस्त्र धारण करना शुभ जानिये ।

पुंसवनके नक्षत्र

श्रवणः सकरः पुनर्वसुर्निर्ऋतेभं च सपुष्यको मृगः ।
रविभूसुतजीववासराः कथिताः पुंसवनादिकर्मसु ।।

टीका—श्रवण हस्त पुनर्वसु मूल पुष्य मृगशिर और रवि भौम गुरु ये वार पुसवनादिक कर्ममें उक्त हैं ।

कर्णवेधन

पौष्णवैष्णवकराश्विनिचित्रापुष्यवासवपुनर्वसुमैत्रे ।
सैन्दवे श्रवणवेधविधानं निर्दिशन्ति मुनयो हि शिशूनाम् ।।

टीका—रेवती श्रवण हस्त अश्विनी चित्रा पुष्य धनिष्ठा पुनर्वसु अनुराधा मृगशिर इनमें बालकका कर्णवेध कराये ।

अन्नप्राशन

रेवती श्रुतिपुनर्वसुहस्तब्राह्मतः पृथगपि द्वितये च ।
त्र्युत्तरेषु गदितं हि नवान्नप्राशनं तु ऋषिभिः पृथुकानाम् ।।

टीका--रेवती श्रवण पुनर्वसु हस्त रोहिणी मृगशिर आर्द्रा तीनों उत्तरा इनमें ऋषियोंने आद्यमें और नया अन्न भक्षण करना कहा है ।

क्षौरकर्म

पुष्ये पौष्णे चाश्विनीष्वैन्दवे च शाक्रे हस्ताद्ये त्रिके भेष्वदित्याः ।
क्षौरं कार्यं वैष्णवाद्यत्रये च मुक्त्वा भौमादित्यपातङ्गिवारान् ।।

टीका--पुष्य रेवती अश्विनी मृगशिर ज्येष्ठा हस्त चित्रा स्वाती पुनर्वसु श्रवण धनिष्ठा शतभिषा इन नक्षत्रोंमें श्मश्रुकर्म कराइये और ये वार वर्जित हैं भौम रवि शनि इनमें न करे ।

दन्तबन्धन

येषु येषु प्रशंसन्ति क्षौरकर्म महर्षयः ।
तेषु तेष्वेव शंसन्ति नखदन्तादिलेखनम्

टीका--दंतबंधन और वेधना दांत और नख काटना, जो नक्षत्र ऊपरके श्लोक क्षौरकर्ममें कहे गये हैं उन्हीमें करना चाहिये ।

आज्ञया नरपतेर्द्विजन्मनां दाहकर्ममृतसूतकेषु च ।
बन्धमोक्षमखदीक्षणेषु च क्षौरमिष्टमखिलेषु तुष्टिदम् ।।

टीका--राजा अथवा ब्राह्मणोंकी आज्ञा और दाहक्रिया करनेमें सूतकके अंतदिनमें यज्ञकी दीक्षामें बंधनके छूटनेमें अवश्य क्षौर कर्म करानेसे पुष्टिका देनेवाला होता है ।

ताराशुद्धं क्षौरं रविगुरुशुद्धा व्रतदीक्षा ।।
शुक्रविशुद्धा यात्रा सर्वं शुद्धं शशांकेन ।।

टीका--क्षौरकर्ममें नक्षत्रकी शुद्धि और व्रतके प्रारंभमें दीक्षाके लेनेमें रवि गुरुकी शुद्धि और यात्रामें शुक्रशुद्धि और चंद्रमाकी शुद्धि सब कामोंमें चाहिये ।

श्मश्रुकर्ममें वर्जनीय

भद्रापक्षान्तरिक्ताव्रतदिनवसुभू श्राद्धषष्ठीषु रात्रौ
संध्यापातारभास्वच्छनिषु घटधनुः कर्ककन्यागतेऽर्के ।।
जन्मर्क्षेजन्ममासे सुरदिनयजने भूषितोग्रामयायी
भुक्तोभ्यक्तोभिषिक्तः समदिनरजिगः श्मश्रुकार्यं न कुर्यात् ।।

टीका--भद्रा पूर्णिमा अमावस्या चतुर्थी नवमी चतुर्दशी व्रतदिवस अष्टमी प्रतिपदा श्राद्धदिवस षष्ठीमें रात्रिमें संध्याकाल व्यतिपातादिक दुष्टयोग भौम वार रविवार शनिवारमें कुंभ धनु कर्क कन्या इन चार राशियोंके सूर्यमें जन्मनक्षत्र और जन्ममास देवताके पूजन वा हवनादि कर्मदिवस अलंकारादिधारण दिवस और यात्रा की तय्यारी हो उस

दिन भोजनके पीछे तेल लगाने और स्नानके पीछे मंगल अभिषेक तथा स्त्रीके रजस्वला होने और सम दिवस आदिकमें क्षौरकर्म वर्जनीय है ।

मौंजीबन्धन

सौम्ये पौष्णे वैष्णवे वासवाख्ये हस्ते स्वातित्वाष्ट्रपुष्याश्विभेषु ।
ऋक्षेऽदित्यां मेखलाबन्धमोक्षौ संस्मर्येते नूनमाचार्यवर्यैः ।।

टीका—मृगशिर रेवती श्रवण धनिष्ठा हस्त स्वाती चित्रा पुष्य अश्विनी पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें मौंजी बंधन और त्यागना आचार्योंने श्रेष्ठ कहा है ।

विवाहनक्षत्राणि

मूलमैत्रमृगरोहिणीकरैः पौष्णमारुतमघोत्तरान्वितैः ।।
निर्विधाभिरुडुभिर्मृगीदृशां पाणिपीडनविधिर्विधीयते ।।

टीका—मूल अनुराधा मृगशिर रोहिणी हस्त रेवती स्वाती मघा तीनों उत्तरा इन सब नक्षत्रोंमें विवाह शुभ जानिये ।

अग्निहोत्रारम्भ

प्राजापत्ये पूषभे सद्विदैवे पुष्ये ज्येष्ठास्वैंदवे कृत्तिकासु ।
अग्न्याधानं चोत्तराणां त्रयेऽपि श्रेष्ठ प्रोक्तं प्राक्तनैर्विप्रमुख्यैः ।।

टीका—रोहिणी रेवती विशाखा पुष्य ज्येष्ठा मृगशिर कृत्तिका और तीनों उत्तरा इनमें प्रथम अग्निहोत्र प्रारंभ करे ।

विद्यारम्भमुहूर्त

मृगादि पञ्चस्वपि भेषु मूले हस्तादिके च त्रितयेऽश्विनीषु ।
पूर्वात्रये च श्रवणे च तद्वद्विद्यासमारम्भमुशन्ति सिद्धयै ।।

टीका—मृगशिर आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा मूल हस्त चित्रा स्वाती अश्विनी पूर्वाषाढा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाभाद्रपदा श्रवण इन नक्षत्रोंमें बालकको प्रथम विद्याभ्यास आरंभ कराये ।

औषधीग्रहण

पौष्णद्वये चादितिभद्वये च हस्तत्रये च श्रवणत्रये च ।
मैत्रे च मूले च मृगे च शस्तं भैषज्यकर्म प्रवदन्ति सन्तः ।।

टीका—रेवती अश्विनी पुनर्वसु पुष्य हस्त चित्रा स्वाती श्रवण धनिष्ठा शतभिषा अनुराधा मूल मृग इन नक्षत्रोंमें औषध वनाना खाना शुभ है ।

रोगोत्पत्तिमें शुभाशुभ नक्षत्र

स्वात्या श्लेषा रौद्रपूर्वात्रयेषु शाक्रे भौमे सूर्यजे सूर्यवारे ।।
नंदारिक्तास्वेव रोगस्य चाप्तिर्मृत्युर्ज्ञेयः शंकरो रक्षितापि ।।

टीका--स्वाती आश्लेपा आर्द्रा तीनों पूर्वा ज्येष्ठा और भौम शनि रवि ये वार, नंदा तिथि अर्थात् पडवा षष्ठी एकादशी और रिक्ता तिथि, चौथ नवमी चतुर्दशी इनमें रोग उत्पन्न होते हैं उनकी शिवभी रक्षा नहीं करते ।

रोगसे मुक्ति होनेका प्रमाण

व्याध्युत्पत्तिर्यस्य पौष्णे समैत्रे प्राणत्राणं जायते तस्य कृच्छ्रात्
वश्ये सौम्ये रोगमुक्तिस्तु मासार्द्धिशत्या स्याद्वासराणां मघासु ॥

टीका--रोग उत्पन्न होनेके दिवस जो रेवती अथवा अनुराधा हो तो रोगीके प्राण अति कठिनतासे बचें; उत्तराषाढा अथवा मृगशिर हो तो एक मासपर्यंत और मघा हो तो वीस दिवसतक पीडा रहे ।

पक्षाद्धस्ते वासवे सद्विदेवै मूलाश्विन्योरग्निधिष्ण्ये नवाहात् ॥
याम्ये त्वाष्ट्रे वैष्णवे वारुणे च नैरुज्यं स्यान्नूनमेकादशाहात् ॥

टीका--हस्तनक्षत्रमें उत्पन्न हुआ रोग १५ दिवस रहता है और धनिष्ठा विशाखा मूल अश्विनी कृत्तिकामें उत्पन्न हुआ रोग ९ दिन और भरणी चित्रा श्रवण शततारकामें उत्पन्न हुआ रोग ११ दिवस रहता है ।

आहिर्बुध्न्ये तिष्यसंज्ञे सभागे प्राजापत्यादित्ययोः सप्तरात्रात् ॥
रोगान्मुक्तिर्जायते मानवानां निःसंदिग्धं जल्पितं गर्गमुख्यैः ॥

टीका--उत्तराभाद्रपदा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, अभिजित, पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें उत्पन्न हुआ रोग सात दिवसतक निश्चय भोगना पड़ता है वह गर्ग मुनिका वाक्य है ।

रोगमुक्तिस्नाननक्षत्र

इंदोर्वारे भार्गवे च ध्रुवेषु सर्पादित्यस्वातियुक्तेषु भेषु ॥
पित्र्ये चान्त्ये चैव कुर्यात्कदाचिन्नैव स्नानं रोगमुक्तस्य जन्तोः ॥

टीका--सोम शुक्रवार और ध्रुवनक्षत्र रोहिणी तीनों उत्तरा, और आश्लेषा पुनर्वसु-स्वाती ये शुभ हैं और मघा रेवती इनमें रोगीका स्नान अयोग्य और दुःखदायक है ।

रोगमुक्तस्नानलग्न

लग्ने चरे सूर्यकुजेज्यवारे रिक्तातिथौ चंद्रबले च हीने ॥
केन्द्रत्रिकोणार्थगते च पापे स्नानं हितं रोगविमुक्तिकानाम् ॥

टीका--मेष कर्क तुला मकर ये चार लग्न, रवि भौम गुरु ये वार और रिक्ता तिथि ४। ९। १४ और चन्द्र हीनबल हो, केंद्र तथा त्रिकोणमें पाप ग्रह हों, ऐसे लग्नमें स्नान कराये तो आरोग्य हो ।

लता, औषधी तथा वृक्षारोपण

सावित्रतिष्याश्विनवारुणानि मूलं विशाखा च मृदुध्रुवाणि ॥
लतौषधीपादपरोपणेषु शुभानि भानि प्रतिपादितानि ॥

टीका—हस्त पुष्य अश्विनी शततारका मूल विशाखा और मृदु ध्रुव इन नक्षत्रोंमें लता औषधी और वृक्षोंका लगाना शुभ है।

कूपारंभके नक्षत्र

हस्तात्तिस्रो वासवं वारुणं च शैवं पित्र्यं त्रीणि चैवोत्तराणि ।।
प्राजापत्त्यं चापि नक्षत्रमाहुः कूपारम्भे श्रेष्ठमाद्या मुनींद्राः ।।

टीका—हस्त चित्रा स्वाती धनिष्ठा शततारका आर्द्रा मघा तीनों उत्तरा और रोहिणी इन नक्षत्रोंमें अगले मुनीश्वरोंने कूपारंभ श्रेष्ठ कहा है।

द्रव्य देना व स्थापित करना

साधारणोग्रध्रुवदारुणाख्यैर्धिष्ण्यैर्यदत्र द्रविणं प्रयुक्तम् ।।
हस्तेन विन्यस्तवसु प्रनष्टं न लभ्यते तन्निकृतं कदाचित् ।।

टीका—साधारण उग्र ध्रुव और दारुणसंज्ञक नक्षत्रोंम दूसरेको द्रव्यदे, वा स्थापित करे तो वह वस्तु फिर प्राप्त नहीं हो।

हस्ती लेना व देना

हस्ते सुचित्रासु तथाश्विनीषु स्वातौ च पुष्ये च पुनर्वसौ च ।।
प्रोक्तानि सर्वाण्यपि कुञ्जराणां कर्माणि गर्गप्रमुखैः शुभानि ।।

टीका—हस्त चित्रा अश्विनी स्वाती पुष्य और पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें हाथी लेना और देना और उसके अलंकार श्रृंगारादिक सकल कर्म करना गर्गादि मुनियोंने शुभ कहे हैं।

अश्व लेना व देना

पुष्प श्रविष्ठाश्विन सौम्यभेषु पौष्णानिलादित्यकराह्वयेषु ।।
सवारुणर्क्षेषु बुधैः स्मृतानि सर्वाणि कार्याणि तुरंगमानाम् ।।

टीका—पुष्य, धनिष्ठा अश्विनी, मृगशिर, रेवती, स्वाती, पुनर्वसु, हस्त, शतभिषा इन नक्षत्रोंमें तुरंग ले और दे तथा उसके अलंकार और श्रृंगार आदि कर्म करे।

गवादि पशुओंके नगरमें लाने और पहुँचानेमें वर्ज्य

चित्रोत्तरावैष्णवरोहिणीषु चतुर्दशीदर्शदिवाष्टमीषु ।।
ग्रामप्रवेशं गमनं विदध्याद्धीमान् पशूनां न कदाचिदेव ।।

टीका—चित्रा तीनों उत्तरा श्रवण रोहिणी चतुर्दशी अमावास्या अष्टमी इनमें गवादि पशुओंको ग्राममें न लाये और न बाहर पहुँचाये।

गवादि पशुओंके क्रयविक्रयमें वर्जित

शुक्रवासवकरेषु विशाखापुष्यवारुणपुनर्वसुभेषु ।।
अश्विपूषभयुतेषु विधेयो विक्रयक्रयविधिः सुरभीणाम् ।।

टीका—ज्येष्ठा धनिष्ठा हस्त विशाखा पुष्य शतभिषा पुनर्वसु अश्विनी रेवती इन नक्षत्रोंमें गायका बेचना और मोल लेना दोनों वर्जनीय हैं।

तृणकाष्ठादिसंग्रहमें वर्ज्य

वासवोत्तरदलादिपञ्चके याम्यदिग्गमनगेहगोपनम् ।।
प्रेतदाहतृणकाष्ठसंग्रहः शय्यकावितरणं च वर्जयेत् ।।

टीका––धनिष्ठाके उत्तरार्द्धसे लेकर पांच नक्षत्रोंको पंचक कहते हैं इनमें दक्षिण-दिशाका गमन और घर बनाना, प्रेतदाह, तृणकाष्ठ संग्रह, शय्यादिक निर्माण करना वर्जित है ।

हल चलनेका नक्षत्र

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु मूलमघाविशाखासहितेषु भेषु ।।
हलप्रवाहं प्रथमं विदध्यान्नीरोगमुष्कान्वितसौरभेयैः ।।

टीका––मृदु ध्रुव क्षिप्र चरसंज्ञक नक्षत्रोंमें तथा मूल और मघा विशाखा इन नक्षत्रोंमें रोगरहित आंडू बैलोंसे प्रथम हल चलाये ।

बीजबोना

रौद्राहियाम्यानिलवारुणेन्द्रान्याहुर्जघन्यानि तथा बृहन्ति ।।
ध्रुवद्विदैवादितिभानि नूनं समानि शेषाणि पुनर्मुनीन्द्रैः ।।
बृहत्सुधान्यं कुरुते समर्घं जघन्यधिष्ण्ये ऽभ्युदितो महर्घः ।।
समेषु धिष्ण्येषु समं हिमांशुर्वदन्ति संदिग्धमिदं महान्तः ।।

टीका––आर्द्रा आश्लेषा भरणी स्वाती शतभिषा ज्येष्ठा इन नक्षत्रोंको जघन्य कहते हैं इनमें मासके आदिमें चंद्रमा उदय हो तो धान्य महंगा हो ध्रुव अर्थात् तीनों उत्तरा रोहिणी विशाखा पुनर्वसु इनको बृहत् कहते हैं इनमें चंद्रमा उदय हो तो अन्न सस्ता हो और शेष नक्षत्र सम जानिये उनमें चंद्रोदय होनेसे अन्नका भाव साधारण रहता है ।

राशिपरत्वमें चंद्रोदयका फल

मीनमेषोदितश्चन्द्रः सततं दक्षिणोन्नतः ।। शेषोन्नतश्चोत्तरायां समता वृषकुम्भयोः ।। विड्वरं तु समे चंद्रे दुर्भिक्षं दक्षिणोन्नते ।। सुभिक्षं क्षेममारोग्य-मुत्तराश्रितचन्द्रमाः ।।

टीका––मीन अथवा मेष राशिमें जो शुक्ल द्वितीयाका चंद्रमा उदय हो तो उससे दक्षिणको उन्नत जानिये और दुभिक्षका संभव होता है और मिथुनसे लेकर मकरपर्यंत जो चंद्रोदय हो तो उत्तरको उन्नत जानिये यह चद्रमा सुभिक्ष क्षेम और आरोग्यताका कर्ता, वृष और कुंभमें चंद्रमाका उदय हो तो सम रहता है इसमें राजाओंके कलह और विड्वरता होती है ।

पुष्यनक्षत्रके गुणदोष

परकृतमखिलं निहन्ति पुष्यो न खलु निहन्ति परंतु पुष्यदोषम् ।।
ध्रुवममृतकरोऽष्टमेऽपि पुष्ये विहितमुपैति सदैव कर्मसिद्धिम् ।।

टीका—पुष्य दूसरेके दोष और अष्टमस्थानस्थित चंद्रके दोषको दूर करता है परंतु उसी नक्षत्रका दोष हो तो वह दूर नहीं होता और इस नक्षत्रमें किया हुआ कार्य सिद्ध होता है।

हस्ताश्विपुष्योत्तररोहिणीषु चित्रानुराधामृगरेवतीषु ।।
स्वातौ धनिष्ठासु मघासु मूले बीजोप्तिरुत्कृष्ट फलप्रतिष्ठा ।।

टीका—हस्त अश्विनी पुष्य तीनों उत्तरा रोहिणी चित्रा अनुराधा मृग रेवती स्वाती धनिष्ठा मघा मूल इन नक्षत्रोंमें बीज बोनेसे खेत अधिक फलते हैं।

सर्पदंशविचार

यः कृत्तिकामूलमघाविशाखासार्पान्तकार्द्रासु भुजंगदष्टः ।।
स वैनतेयेन सुरक्षितोपि प्राप्नोति मृत्योर्वदनं मनुष्यः ।।

टीका—कृत्तिका मूल मघा विशाखा आश्लेषा रेवती आर्द्रा इन नक्षत्रोंमें जो सर्प काटे तो गरुड़ भी रक्षक होने पर मनुष्य मृत्युको प्राप्त हो।

गानारंभविचार

हस्तस्तिष्यो वासवं चानुराधा ज्येष्ठा पौष्णं वारुणं चोत्तरा च ।।
पूर्वाचार्यैः कीर्तितश्चन्द्रवर्ती नृत्यारम्भे शोभनो ऋक्षवर्गः ।।

टीका—हस्त पुष्य धनिष्ठा अनुराधा ज्येष्ठा रेवती शततारका तीनों उत्तरा और शुभ चद्रमा पाकर गाना और नृत्यका प्रारंभ करना पूर्वाचार्योंने शुभ कहा है।

राज्याभिषेकनक्षत्र

मैत्रशाक्रकरपुष्यरोहिणीवैष्णवेषु तिसृषूत्तरासु च ।।
रेवतीमृगशिराश्विनीषु च क्षमाभृतां समभिषेक इष्यते ।

टीका—अनुराधा ज्येष्ठा हस्त पुष्य रोहिणी श्रवण तीनों उत्तरा रेवती मृगशिर अश्विनी इन नक्षत्रोंमें राज्याभिषेक करना उचित है।

राजदर्शन

सौम्याश्वितिष्य श्रवण धनिष्ठाहस्तध्रुवत्वाष्ट्रभपूषभानि ।।
मित्रेण युक्तानि नरेश्वराणां विलोकने भानि शुभप्रदानि ।।

टीका—मृगशिर, अश्विनी, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, ध्रुव, चित्रा, रेवती, अनुराधा इन नक्षत्रोंमें राजाका प्रथम दर्शन शुभदायक है।

पुष्यकाफल

सिंहो यथा सर्वचपुष्पदानाः तथैव पुष्यो बलवानुडूनाम् ।।
चन्द्रे विरुद्धेऽप्यथ गोचरेऽपि सिद्धयन्ति कार्याणि कृतानि पुष्ये

टीका—जैसे सब चतुष्पद जीवोंमें सिंह बलवान् है वैसेही नक्षत्रोंमें पुष्य है, पुष्यमें किया कार्य गोचर दोष और कनिष्ठ अर्थात् चौथा आठवां बारहवां चंद्र होनेपर भी सिद्ध होता है।

ग्रहेण विद्धोप्यशुभान्वितोपि विरुद्ध तारोपि विलोमगोपे ।।
करोत्यवश्यं सकलार्थसिद्धिं विहाय पाणिग्रहणं पु पुष्यः ।।

टीका—ग्रहसे विद्ध अथवा अशुभ ग्रहसे युक्त अथवा तारा इससे प्रतिकूल हो, तथापि पुष्यमें किया हुआ कार्य सिद्ध होता है परंतु विवाहमें पुष्य नक्षत्र वर्जित है ।

योगप्रकरण

प्रतिदिनके योग जाननेकी रीति

वाक्पतेरर्कनक्षत्रं श्रवणाच्चचान्द्रमेव च ।।
गणयेत्तद्युतिं कुर्याद्योगः स्याद्दक्षशेषतः ।।

टीका—पुष्यसे सूर्यनक्षत्रतक चलते नक्षत्रोंको गिने और श्रवणसे दिवस नक्षत्रतक गिने दोनों संख्याओंको इकट्ठा करे और सत्ताईसका भाग दे जो शेष रहे वही योग जानिये ।

योगोंके नाम

विष्कम्भः प्रीतिरायुष्मान् सौभाग्य शोभनस्तथा ।। अतिगण्डः सुकर्मा च धृतिः शूलस्तथैव च ।। गण्डो वृद्धिध्रु वश्चैव व्याघातो हर्षणस्तथा ।। वज्रसिद्धि व्यातीपातो वर्याण परिघः शिवः ।। सिद्धिः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मेन्द्रो वैधृतिः क्रमात् ।। सप्तविंशतियोगास्तु कुर्युर्नामसमं फलम् ।।

टीका—विष्कंभ १ प्रीति २ आयुष्मान् ३ सौभाग्य ४ शोभन ५ अतिगंड ६ सुकर्मा ७ धृति ८ शूल ९ गंड १० वृद्धि ११ ध्रुव १२ व्याघात १३ हर्षण १४ वज्र १५ सिद्ध १६ व्यतीपात १७ वर्याण १८ परिघ १९ शिव २० सिद्ध २१ साध्य २२ शुभ २३ शुक्ल २४ ब्रह्मा २५ ऐंद्र २६ वैधृति २७ ये सत्ताईस योग निज नामके तुल्य फल करते हैं अर्थात् जो इनके नामोंका अर्थ है वही फल जानिये ।

योगोंमें वर्जनीय घटिका

विरुद्धसंज्ञा इह ये च योगास्तेषामनिष्ट खलु पाद आद्यः ।।
स वैधृतिस्तु व्यतिपातनामा सर्वोऽप्यनिष्टः परिघस्य चार्द्धम् ।।
तिस्रस्तु योगे प्रथमे च वज्रे व्याघातसंज्ञे नव पञ्च शूले ।।
गण्डेऽतिगण्डे च षडेव नाड्यः शुभेषु कार्येषु विवर्जनीयाः ।।

टीका—और इनमें अशुभ योगोंका आदिका चतुर्थांश वर्जनीय है व्यतीपात वैधृति ये सम्पूर्ण और विष्कंभकी ३ वज्रकी ४ व्याघातकी ५ गंडकी ६ अतिगंडकी ६ शूलकी १५ घडी सकल शुभ कार्यमें वर्जनीय हैं ।

करण जाननेकी रीति

गततिथ्यो द्विनिघ्नाश्च शुक्लप्रतिपदादितः ।।
एकोनाः सप्तहृच्छेषः करणं स्याद्बवादिकम् ।।

टीका—शुक्ल प्रतिपदासे जिस तिथिका करण जानना हो उसकी पूर्वगत तिथिको द्विगुण करे उसमें एक मिलाकर सातका भाग दे जो शेष बचे वही उस तिथिका करण जानिये और प्रत्येक तिथियोंके दो करण भोगते हैं ।

नाम

बवाह्वयं बालवकौलवाख्ये ततो भवेत्तैतिलनामधेयम् ।।
गराभिधानं वणिजं च विष्टिरित्याहुरार्याः करणानि सप्त ।।

अन्ते कृष्ण चतुर्दश्यां शकुनीर्दर्शभागयोः ।।
ज्ञेयं चतुष्पदं नागं किंस्तुघ्नं प्रतिपद्दले ।।

स्वामी

इन्द्रोब्रह्मामित्रनासार्यमाभूः श्रीः कीनाशश्चेति तिथ्यर्धनाथाः ।।
कल्युक्षाख्यो सर्पवायुस्तथैव ये चत्वारस्ते स्थिराणां चतुर्णाम् ।।

कृत्य

पौष्टिकस्थिरशुभानि बवाख्ये बालवे द्विजहितान्यपि कुर्यात् ।। कौलवे प्रमदमित्रविधानं तैतिले शुभगताश्रयकर्म।।गरे च बीजाश्रयकर्षणानि वाणिज्यके स्थैर्यवणिक् क्रियाश्च।।न सिद्धिमायाति कृतंच विष्टचां विषारिघातादिषु तन्त्रसिद्धिः।।मन्त्रौषधानि शकुनौतुसपौष्टिकानि गोविप्रराज्यपितृकर्म चतुष्पदेति।। सौभाग्यदारुणधृतिध्रुवकर्मनागे किंस्तुघ्ननाम्नि निखिलं शुभकर्म कार्यम् ।।

शुक्लतिथी६०				कृष्णतिथी				नाम	स्वामी	कृत्य
पूर्वदल		उत्तरद		पूर्वदल		उत्तरद				
१	स्थिर			०	०	०	०	किंस्तु.	वायु	समस्त शुभकार्य करै
५	१२	८	१५	४	११	७	०	बव	इन्द्र	व्रतउत्साह देवालय आदि शुभकर्म करै
२	९	५	१२	१	८	४	११	बालव	ब्रह्मा	ब्राह्मणोंसे हितकरै
६	१३	२	९	५	१२	१	८	कौलव	मित्र	उन्माद और मित्रताकरै
३	१०	६	१३	२	९	५	१२	तैतिल	सूर्य	विवाहादिक मंगलकार्य करै
७	१४	३	१०	६	१३	२	९	गर	भूमि	बीजबोना हल चलाना
४	११	७	१४	३	१०	६	१३	वणिज	लक्ष्मी	देवप्रतिष्ठा घर दुकान और व्यापार करावै
८	१५	४	११	७	१४	३	१०	विष्टि	यम	सकल कर्म वर्जित परंतु विष और घात ये क्रूरकर्म वर्जित नही
स्थिर		०	०	०	०	०	१४	शकुनि	कलि	मित्रोपदेश औषधि ग्रहपूजा करावै
स्थिर		०	०	३०	०	०	०	चतुष्प	वृषभ	गौ ब्राह्मण राज्य पितृ इनसंबंधी कृत्य करावै-
स्थिर		०	०	०	०	०	३१	नाग	सर्प	सौभाग्यकर्म युद्धमेंजाना धीरज और विद्याभ्यास करना ये कर्म करावै

कल्याणीतिथिमानम्

कृष्णोऽग्निदिशयोरूर्ध्वं सप्तमीभूतयोरधः ।। शुक्ले वेदेशयोरूर्ध्वं भद्रा प्राग्वसुपूर्णयोः।।मनुवसुमुनितिथियुगदशशिवगुण संख्यासु तिथिषु पूर्वान्त्याः।।

आयाति विष्टिरेषा पृष्ठेषु भद्रा च पुरस्त्वशुभा ।।शास्त्रार्थः।। दिवासर्पमुखी भद्रा रात्रौ भद्रा च वृश्चिकी ।। सर्पस्य च मुखं त्याज्यं रात्रौ पुच्छं परित्यजेत्।। रात्रि भद्रा यदाह्नि स्याद्दिवाभद्रा यदानिशि।। न तत्र भद्रादोषः स्यात्सर्वकार्याणि साधयेत् ।। शरीरभागः ।। नाड्यस्तु पञ्च वदनेथ गले तथैका वक्षोदशैकसहितं नियतं चतस्रः।।नाभ्यां कटौ षडथ पुच्छलता च तिस्रो विष्टे बुधैरभिहितोङ्ग-विभाग एषः।स्थानफलम्।मुखे कार्यध्वस्तिर्भवति मरणं चाथ गलके धनाहानि-र्वक्षस्यथ कटितटे बुद्धिविलयः।।कलिर्नाभौ देशे विजयमथ पुच्छे च जगदुः शरीरे भद्रायाः पृथगितिफलं पूर्वमुनयः।। चन्द्रः।।मीने मेषालिकर्के शशिनि निवसति स्वर्गसंस्थापि विष्टिः कन्यायां तौलिसंस्थे धनमिथुनगते नागलोके निवासः।। कुंभे सिंहे वृषे वा मकरमुपगते राजते मृत्युलोके भद्रा चन्द्रप्रभावा हिमकरतनया नो शुभा लौकिके स्यात्।।स्थानफलम्।। स्वर्गे भद्रा भवेत् सौख्यं पाताले च धना-गमः।।मृत्युलोके यदा भद्रा कार्यसिद्धिस्तदा नहि ।। वारानुसारनाम ।। सोमे शुक्रे च कल्याणी शनौ चैव तु वृश्चिकी ।। गुरौ पुण्यवती ज्ञेया चान्यवारेषु भद्रिका।।

तिथि		शास्त्रार्थ	स०	स्थान	फल	चंद्र स्थान		फल	वार	नाम
	३	इनतिथियोंकी ३० घडी	३	पुच्छ	विजय	मीन			सो.	
कृष्ण		उत्तरार्द्धकीभद्रातिस्काना				मेष	स्वर्ग	सौख्य	शु.	कल्याणी
	१०	मवृश्चिक. मेंदिवसहाती है	६	कटि	बुद्धि	वृश्चि				
	४	उत्तरकी३०घाटका पुच्छ			नाश	कर्क				
शुक्ल		वर्जनीय मुख शुभहोय,	४	नाभि	कलह	कन्या				वृश्चिक
	११	उत्तरार्द्ध कहिये रात्रि	११	कपाल	धन	तुला	पाताल			
	७	३०ध.पूर्वार्द्धकीभद्राकाना			नाश	धन		धनप्राप्ति.		
कृष्ण		मसर्पिणी रात्रिमेंआतीहैउ	१	गल	मरण	मिथु			गुरु	पुण्यवती
	१४	सकी५घर्ड.मुखवर्जनीयहै				कुंभ				
	८	विध्वंस करता पीछे पुच्छ	५	मुख	विध्वंस	सिंह			रवि	
शुक्ल		शुभहोय पूर्वार्द्धकहिये				वृषभ	मृत्युलो०	अशुभ	बुध	द्रिक
	१५	दिवसमें भद्राहोय	३०			मकर			भौ.	

दैत्येन्द्रैः समरेऽमरेषु विजयेश्वीशः क्रुधा दृष्टवान् स्वंकायात्किल निर्गता खर-मुखी लांगूलिनीचक्रपात् ।। विष्टिःसप्तभुजा मृगेन्द्रगलका क्षामोदरीप्रेतगा दैत्य-घ्नी मुदितैः सुरैस्तु करणप्रान्ते नियुक्ता तुसा ।।

टीका—दैत्य और देवताओंमें बड़ा घोर युद्ध हुआ तव देवताओंका पराजय हुआ, उस समय शिवजीके क्रोध करनेसे उनकी देहसे एक स्त्री गर्दभमुखी पुच्छवती पहियेके समान जिसके चरण विष्टि नाम सप्त भुजा मृगकीसी ग्रीवा कृश उदर प्रेतपर चढी दैत्योंके वध करनेवाली निकली और देवताओंने प्रसन्न होकर अपने करणोंमें लगाया ।

संक्रान्ति

वारानुसारनाम ।। घोरा रवौ ध्वांक्ष्यमृतद्युतौ च संक्रांतिवारे च महोदरी स्यात्।।मंदाकिनी ज्ञेच गुरौ च नन्दामिश्रा भृगौ राक्षसि चार्कपुत्रे।।नक्षत्रोंके अनुसारनाम।।उग्रक्षिप्रचरमैत्र ध्रुव मिश्राख्यदारुणैः।। ऋक्षैः संक्रांतिरर्कस्य घोराद्याः क्रमशो भवेत्।। फलम् ।। ध्वांक्षी वैश्यान् सुखयति महोदर्यलं चौरसार्थान् घोरा शूद्रानथ नगपतीनेव मन्दाकिनी च।। नंदाख्या च द्विजवर गणान्मिश्रकाख्या पशूंश्च चाण्डालांतां प्रकृतिर्मखिलां राक्षसीसंज्ञिता च।। कालफलम् ।। पूर्वाह्लकाले नपतिद्विजेन्द्रान्मध्यांदिने चाथ विशोपराह्ले ।। शूद्रान् रवावस्तमिते प्रदोषे पिशाचकान्रात्रिचरान्निशीथे ।। नटादिकांश्चापररात्रिकाले प्रत्यूषकालेपशुपालकांश्च ।। संक्रांतिरर्कस्य समस्तलिंगा प्रभातसंध्यासमये निहन्ति ।। दिशाको मुख ।। अर्के शुक्रे मुखं पूर्वे सौम्ये भौमे च दक्षिणे ।। शनौचन्द्रेमुखंपश्चाद्गुरौचैवोत्तरामुखी ।।

वार और नक्षत्रोंके अनुसार जाननेका कोष्टक

वार	नक्षत्र	नाम	फल	काल	फल	दिशा
रवि	उग्र	घोरा	शुद्रोंकोसुख	पूर्वाह्न	बिप्रराजाओं.	पूर्वको
सोम	क्षिप्र	ध्वांक्षी	वैश्योंकोसु०	मध्याह्न	वैश्योंको	पश्चिमको
भौम	चर	महोदरी	चोरोंकोसु०	अपराह्न	शूद्रोंको	दक्षिणको
बुध	मैत्र	मंदाकि.	राजाओंकोसु.	प्रदोष	पिशाचोंको	दक्षिणको
गुरु	ध्रुव	नंदा	द्विजगणको०	अर्द्धरात्रि	राक्षसोंको	उत्तरको
शुक्र	मिश्र	मिश्रा	पशुको०	अपररात्रि	नटादिकको	पूर्वको
शनि	दारुण	राक्षसी	चांडालोंको	प्रत्यूषका	पशुपालकोंको	पश्चिमको

करणानुसार संक्रांति

स्थितिः ।। चतुष्पदेतैतिलनागयोश्च सुप्ते रविः संक्रमणं करोति ।। विद्याद्बवाख्येचगराह्वये च सबालवाख्यैस्थितएवविष्टौ ।। फलम् ।। किंस्तुघ्ननाम्निशकुनेवणिकौलवाख्ये चोर्ध्वस्थितस्य खलुसंक्रमणं रवेःस्यात् ।। धान्यार्घविष्टिषुभवेत्क्रमशस्त्वनिष्टो मध्येष्टतेतिमुनयः प्रवदन्तिपूर्वे ।। वाहनम्।। सिंहो व्याघ्रोवराहश्च गर्दभः कुञ्जरस्तथा ।। महिषीघोटकः श्वा च छागो वृषभकुक्कुटौ ।। उपवाहनम् ।। गजोवाजिवृषोमेषः खरोष्ट्रौ केसरी क्रमात्।। शार्दूलमहिषीव्याघ्रवानराश्चबवादितः ।। फलम् ।। गजेलक्ष्मीवृषेस्थैर्यंघोटके वाहनंतथा ।। सिंहेव्याघ्रेभयंप्रोक्तंसुभिक्षंगर्दभेशुनौ ।। वाराहे महतीपीडाजायते मेषवाहने ।। महिष्यां च भवेत्क्लेशः कुक्कुटेमृत्युरेवच ।। वस्त्रम् ।। श्वेतपीत

हरितंच पांडुरक्तश्यामसितंबहुवर्णम् ।। कंबलोविवसनंधनवर्णान्यंशुकानिच बवादितः क्रमात् ।। आयुधम् ।। भुशुण्डीचगदाखड्गदण्डकोदण्डतोमरान् ।। कुन्तपाशांकुशास्त्रं च बाणश्चैवायुधंबवात् ।। भोजनपात्रम् ।। सौवर्णराजतंताम्रं कांस्यलौहंचखर्परम् ।। पत्रंवस्त्रंकरोभूमिः काष्ठपात्रं बवादितः ।। भक्ष्यपदार्थः ।। अन्नंचपायसंभक्ष्यं पक्वान्नंचपयोदधि ।। चित्रान्नंगुडमध्वाज्यं शर्करातुबवादितः ।। गन्धम् ।। कस्तूरीकुंकुमं चैव चन्दनं मृत्तिका तथा ।। गोरोचनमलक्तंच हरिद्राचतथाञ्जनम् ।। सिन्दूरमगुरुश्चैव कर्पूरश्चबवादितः ।। जातिः ।। देवभूताहिविहगपशवोमृगएवच ।। ब्रह्मक्षत्रियबिट्छूद्रमिश्रजातिर्बवादितः ।। पुष्पम् ।। पुन्नागजातीबकुलाश्चकेतकी बिल्वस्तथार्कः कमलंचदूर्वाः मल्लीतथा पाटलिका जपाचबवादिपुष्पाणिचयोः जयेत्तु ।। भूषणम् ।। नूपुरंकंङकणंमुक्ता विद्रुमं मुकुटं मणिम् ।। गुञ्जावराटकंनीलंगरुत्मंरुक्मकंबवात् ।। कंचुकी ।। विचित्रपर्णा शुकभूर्जपत्रिका सिता तथापाटलनीलवर्णा ।। कृष्णाजिनंचर्मचवल्कपाण्डुरा बवादितश्चैवतुकंचुकीस्यात् ।। वयः ।। शिशुःकुमारीचगतालका-युवाप्रौढाप्रगलभाथततश्चवृद्धा ।। वन्ध्यातिवन्ध्याचसुतार्थिनीच प्रव्राजिकाचैवफलंशुभं बवात् ।।

करण	बव	बालव	कौलव	तैतिल	गरु	वाणिज	विष्टि	शकुनि	चतुष्प.	नाग	किंस्तु
स्थिति	बठा	बैठी	खडी	सूता	बैठी	ठडां	वठा	खडी	सूता	सूती	खडी
फल	मध्यम	मध्यम	र्घ.	महर्घ	मध्य	मध्य	मध्य	समर्घ	महघ	समर्घ	महर्घ
वाहन	सिंह	व्याघ्र	वराह	गर्दभ	हस्ती	महिषी	घोटक	कुत्ता	मेंढा	बैल	कुक्कुट
उपवा.	गज	अश्व	बैल	मेंढा	गर्दभ	ऊंट	सिंह	शार्दू.	महिष	व्याघ्र	वानर
फल	भय	भय	पीडा	सुभिक्ष	लक्ष्मी	क्लेश	स्थैर्य	सुभिक्ष	क्लेश	स्थैर्य	मृत्यु
वस्त्र	श्वेत	पीत	हरित	पांडुर	रक्त	श्याम	काला	चित्र	कंबल	नग्न	घनवर्ण
आयुध	भुशुंडी	गदा	खड्ग	दंड	धनुष	तोमर	कुंत	पाश	अंकुश	तलवार	बाण
पात्र	सुवर्ण	रूपा	ताम्र	कांस्य	लोह	तीकर	पत्र	वस्त्र	कर	भूमि	काष्ठ
भक्ष्य	अन्न	पायस	भक्ष्य	पक्वान्न	पय	दधि	चित्रा.	गुड	मधु	घृत	शर्करा
लेपन	कस्तूरी	कुंकुम	चंदन	माटी	गोरोच	अलक्त	दलद	सुरमा	सिंदूर	अगर	कर्पूर
वर्ण	देव	भूत	सर्प	पशु	मृग	विप्र	क्षत्री	वैश्य	शूद्र	मिश्र	अंत्यज
पुष्प	पुन्नाग	जाती	बकुल	केतकी	बेल	अर्क	कमल	दूर्वा	मल्ली	पाटल	जपा
भूषण	नूपुर	कंकण	मोती	मूंगा	मुकुट	मणि	गुंजा	कौडी	नीलक	पुन्ना.	सुवर्ण
कंचु०	विचित्र	पर्ण	हरित	भूर्जपत्र	सीत	पांढरी	नील	कृष्ण	अंजन	वल्कल	पांडुर
वय	बाल	कुमारी	गताल	युवा	प्रौढा	प्रगल्भा	वृद्धा	वंध्या	अतिवं.	पुत्रव०	संन्या

फलश्रुति

वाहनादिबुधैर्ज्ञेयमथोत्क्रान्तिविशेषतः ।।
वाहनादिकवस्तूनां संक्रमात्तु विनाशता ।।

टीका---संक्रांति जिस वाहनपर स्थित हो और जो वस्तु धारण करे उन सबका नाश हो ।

मुहूर्त्त

संक्रांति कितने मुहूर्त होती है उसके नक्षत्र और फल

संक्रान्तौ मूर्त्तभेदा हरपवनयमे वारुणे सार्परौद्रे एषापञ्चेन्दुसंज्ञागुरुकरपितृभे चाग्निदस्त्रे च सौम्ये।। त्वाष्ट्रे मैत्रे च मूले श्रुतिवसुवपुषा त्रीणि पूर्वा खरामे ब्राह्मोदित्ये द्विदैवे भवति शरकृतादुत्तरा त्रीणि ऋक्षम् ।। बाणवेदैः समर्घं स्यान्मध्यस्थं व्योमरामयोः ।। मूर्तौ पञ्चदशे याते दुर्भिक्षं च प्रजायते

टीका---आर्द्रा स्वाती भरणी शतभिषा आश्लेषा ज्येष्ठा इनमें जो संक्राति अर्के वह १५ मुहूर्त्त होती है और दुर्भिक्ष करनेवाली है और पुष्य हस्त मघा कृतिका अश्विनी मृगशिर चित्रा अनुराधा मूल श्रवण धनिष्ठा रेवती तीनों पूर्वा इन नक्षत्रोंकी संक्रांति ३० मुहूर्त होती है यह साधारण फलदायक है और रोहिणी पुनर्वसु विशाखा तीनोंउत्तरा इनमें संक्रांति अर्के तो ४५ मुहूर्त होती है यह स्वस्थताका कारण है ।

दूसरा प्रकार

पूर्वसंक्रांतिनक्षत्रात्परसंक्रातिऋक्षकम् ।।
द्वित्रिसंख्यासमर्घं स्याच्चतुः पञ्च महर्घता ।।

टीका---गतमासदिन संक्रांतिनक्षत्र और प्राप्त संक्रांति दिन नक्षत्र इनका अंतर २ अथवा तीन हो तो सस्ता और ४ वा ५ का नक्षत्रोंमें अंतर आये तो महर्घ अर्थात् महंगा जानिये।

धान्यविचार

संक्रांतिनाड्या तिथिवारऋक्षधान्यक्षरं वह्नि हरेत्तु भागम् ।।
संक्रांतिनाडी नवमिश्रिता च सप्ताहता पावकभाजिता च ।।
एके समर्घं द्वितये च सौम्यं शून्ये समर्घं मुनयो वदन्ति ।।

टीका---संक्रांतिकी घडी और गततिथि वार नक्षत्र और धान्यको एकत्र करके तीनका भाग दे वह एक मत और दूसरे मतके आज्ञानुसार संक्रांतिकी घडियोंमें ९ मिलाकर ७ से गुणाकर ३ का भाग दे । १ शेष रहे तो धान्यकी स्वस्थता और २ बचे तो साधारण और निःशेष हो तो महर्घता जानिये ।

नक्षत्रअनुसारसंक्रांतिपीडा

सक्रांत्यधरनक्षत्राद्गणयेज्जन्मभावधि ।। त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं पुनः पुनः।। पन्थाभोगव्यथावस्त्रं हानिश्च विपुलं धनम् ।।

टीका---संक्रांतिके अधर नक्षत्रसे अपने नक्षत्रतक गिने और इस रीतिसे उसका विचार करे प्रथम ३ पंथ चलाये फिर ६ भोग फिर ३ दुःख ६ वस्त्र फिर ३ हानि और ५ धनप्राप्ति कहते हैं।

जन्मनक्षत्रोंका फल

यस्य जन्मर्क्षमासाद्य तिथौ संक्रमणं भवेत् ।।
तन्मासाभ्यन्तरे तस्य वैरं क्लेशं धनक्षयः ।।

टीका---जिसके जन्मनक्षत्र में संक्रांति अर्के उसका किसीसे वैर हो और जिसके जन्ममासमें संक्रांतिका संभव हो उसे क्लेश और जिसकी जन्म-तिथिमें संक्रांति पड़े उसका धनक्षय होता है।

संक्रान्तिका स्वरूप

षष्टियोजनविस्तीर्णा संक्रांतिः पुरुषाकृतिः ।। एकवक्त्रा नवभुजा लम्बोष्ठी दीर्घनासिका ।। पृष्ठे लोका भ्रमत्येव गृहीत्वा खर्परं करे ।। एवं संक्रमणे यस्याः फलं प्रोक्तं मनीषिभिः ।।

टीका---शरीर साठ योजन लम्बा और चौड़ा, पुरुषाकृति, एकमुह, नौभुजा, ओठ और नासिका लंबे और खर्पर हाथमें लिये, पीछे लोक-भ्रमण करते हैं।

चंद्रसे संक्रांतिका वर्ण और फल

मेषालिकर्के च तथैव रक्तं चापे च मीने च तुले च पीतम् ।। श्वेतं वृषे स्त्री मिथुने च चन्द्रे कृष्णं च नक्रेऽथ घटे च सिंहे ।। रक्ते फलं भवेद्दुःखं श्वेतं चैव सुखं शुभम् ।। पीते श्रीस्तु तथा प्रोक्ता श्यामेमृत्युर्न संशयः ।।

टीका---मेष वृश्चिक कर्क इन राशियोंके चंद्रमा में यदि संक्रांतिका प्रवेश हो तो इसका रक्तवर्ण जानिये वह दुःखदायक है और धनु मीन तुलाके चंद्रमामें संक्रांतिका पीतवर्ण ये लक्ष्मीकी प्राप्ति कराती हैं और वृष कन्या मिथुनकी संक्रांतिका श्वेतवर्ण सुख और शुभप्राप्ति करानेवाली है मकर कुंभ और सिंहके चंद्रमाकी संक्रांतिका कृष्णवर्ण है यह मृत्युदायी है।

राशि अनुसार चंद्रमा

यादृशेन हिमरश्मिमालिना संक्रमो भवति तिग्मरोचिषा ।।
तादृशं फलमवाप्नुयान्नरः साध्वसाध्वपि वशेन शीतगोः ।।

टीका---जैसे चंद्रमा नष्टस्थानी व उत्तमस्थानी होकर शुभाशुभ फलको देता है उसी भांति नष्ट अथवा उत्तम चंद्रमाकी अर्की हुई संक्रांति चंद्रमाके अनुसार फलदायक होती है।

पुण्यकाल

पर्वतोपि हि रवेश्च संक्रमात्पुण्यकालघटिकास्तु षोडश ।।
अर्धरात्रिसमयादनन्तरं संक्रमे परदिनं हि पुण्यदम् ।।

टीका---सोलह घटिका पुण्यकाल होता है यदि संक्रांति दिनमें पड़े पूर्व रात्रि तक तो पुण्यकाल उसी दिवस जानना चाहिये और यदि वृद्धि रात्रिके पीछे पडे तो दूसरे दिवस पुण्यकाल होगा।

ग्रहण प्रकार

चंद्रग्रहणकी प्रवृत्ति

भानोः पञ्चदशे ऋक्षे चन्द्रमा यदि तिष्ठति ।।
पौर्णमास्या निशाशेषे चन्द्रग्रहणमादिशेत् ।।

टीका—सूर्यसे पंद्रहवें नक्षत्रमें जो चंद्रमा स्थित हो तो पूर्णमासीके निशा शेष अर्थात् प्रतिपदाकी संधिमें चंद्र ग्रहण होता है।

सूर्यग्रहण

मघोनं ग्रस्तनक्षत्रात् षोडशं यदि सूर्यभम् ।।
अमावास्या दिवाशेषे सूर्यग्रहणमादिशेत् ।।

टीका—संपूर्ण महीनोंकी अमावास्याके दिन सूर्य और चंद्रमा एक राशिके होते हैं परन्तु अमावास्याके दिन सूर्य नक्षत्र और दिवसनक्षत्र एक हो तो अमावास्या और प्रतिपदाकी संधिमें सूर्यग्रहण होता है उस दिन सूर्यनक्षत्रसे चन्द्रनक्षत्र देखिये उसमें से ११ दिन काटकर शेष १६ वें सूर्य नक्षत्र हो तो वही सूर्य ग्रहण होता है ।।

राशि अनुसार शुभाशुभ ग्रहण फल

त्रिषड्दशायोपगतं नराणां शुभप्रदं स्याद्ग्रहणं रवीन्दोः ।।
द्विसप्तनन्देषु च मध्यमं स्याच्छेषेष्वनिष्टं मुनयो वदन्ति ।।

टीका—सूर्य अथवा चंद्रग्रहण अपनी राशिसे जिस राशिपर हो उसका शुभाशुभ फल विचारिये तीसरी छठी दशवीं राशिपर हो तो शुभ जानिये और दूसरा सातवां नववां ये मध्यम और पहिला चौथा पांचवां आठवां ग्यारहवां बारहवां ये अशुभ हैं ।।

दूसरा पक्ष

ग्रासात्तृतीयोऽष्टमगश्चतुर्थस्तथायसंस्थः शुभगः स्वराशेः ।
ग्रासाद्रविः पञ्चनवर्तुमध्यस्ततोऽधमोक्ताश्च बुधैश्च शेषाः ।।

टीका—जिस राशिपर सूर्यग्रहण हो उससे अपनी राशितक गिने तो ३।८।४।११ ये उत्तम और ५।९।६ ये मध्यम और १।२।७।१०।१२ ये राशि अधम जैसी राशि हो वैसा ही फल होता है ।।

ऋतुप्रकरण शुभाशुभ फल

तिथिरैकगुणा प्रोक्ता नक्षत्रं च चतुर्गुणम् ।। वारः षष्ठगुणो ज्ञेयो मासश्चाष्टगुणः स्मृतः ।। वस्त्रं शतगुणं विद्याद्दर्शनं च ततोऽधिकम् ।।

टीका–तिथि एक गुणी नक्षत्र चार गुणा वार ६ गुणा मास ७ गुणा और वस्त्र १०० गुणा जो अधिकज्ञान हो उसका गुण सबसे अधिक परंतु अच्छा दिवस हो तो अच्छा गुण और दुष्ट हो तो बुरा जानिये ।।

मासफल

आर्तवे प्रथमे चैत्रे वैधव्यं जायते ध्रुवम् ।। वैशाखे धनवृद्धिःस्याज्ज्येष्ठे रोगान्विता भवेत् ।। आषाढे मृतवत्सा च श्रावणे धनसंयुता ।। भाद्रे च दुर्भगा नारी आश्विने धनधान्यभाक्।।कार्तिके निर्धना नारी मार्गशीर्षे बहुप्रजा ।। पौषे च पुंश्चला नारी माघे पुत्रवती भवेत् ।। फाल्गुने पुत्रसंपन्ना ज्ञेयं मासफलं बुधैः ।।

टीका--चैत्रमासमें प्रथम ऋतुदर्शन हो तो विधवा हो, वैशाखमें धनवृद्धि, ज्येष्ठमें रोगयुक्त, आषाढमें मृतवत्सा, श्रावणमें लक्ष्मी, भाद्रपदमें दरिद्र, आश्विनमें धनधान्य, कार्तिक में निर्धन, मार्गशीर्षमें बहुप्रजा, पौषमें व्यभिचारिणी, माघमें पुत्रवती और फाल्गुनमें ऋतुदर्शन होनेसे पुत्रसंपन्न जानिये ।

तिथिफल

शुचिर्नारी प्रतिपदि द्वितीयायां तु दुःखिनी ।। तृतीयायां पुत्रवति चतुर्थ्यां विधवा भवेत्।। पञ्चम्यां चैव सौभाग्यं षष्ठ्यां कार्यविनाशिनी।। सप्तम्यां सुप्रजा नारी चाष्टम्यां राक्षसी तथा ।। नवम्यां विधवा नारी दशम्यां सौख्य-भोगिनी ।। एकादश्यां शुचिर्नारी द्वादश्यां मरणं ध्रुवम् ।। त्रयोदश्यां शुभा प्रोक्ता चतुर्दश्यां परान्विता ।। पौर्णमास्याममायां च शुभं चाशुभमेव च।।

टीका--प्रतिपदामें ऋतुदर्शन हो तो शुचि, द्वितीयामें दुःखिनी, तृतीयामें पुत्रवती, चतुर्थीमें विधवा, पंचमीमें सौभाग्यवती, षष्ठीमें कार्यनाशिनी, सप्तमीमें उत्तम संतति, अष्टमीमें राक्षसी, नवमीमें विधवा, दशमीमें सौख्यभोगिनी, एकादशीमें शुचि, द्वादशीमें मरण, त्रयोदशीमें शुभ, चतुर्दशीमें व्यभिचारिणी, पूर्णिमामें शुभ, अमावास्यामें अशुभ जानिये .

ग्रहण और संक्रांतिका फल

संक्रान्त्यां ग्रहणे चैव वैरिणी च गतालका ।।

टीका--संक्रांतिमें प्रथम ऋतुदर्शन हो तो वैरिणी और ग्रहणमें हो तो विधवा जानिये ।

वार फल

आदित्ये विधवा नारी सोमे चैव मृतप्रजा ।। मंगले आत्मघाती स्याद्बुधे कन्याप्रसूः स्मृता ।। गुरुवारे सुतप्राप्तिः कन्यापुत्रयुता भृगौ ।। मन्दे च पुंश्चली नारी ज्ञेयं वारफलं शुभम् ।।

टीका--रविवारको ऋतुदर्शन हो तो विधवा हो, सोमवारको मृतप्रजा, भौमवारको आत्मघातिनी, बुधवारको कन्यासंतति हो, गुरुवारको पुत्रप्रसूति, शुक्रवारको कन्या और पुत्रप्रसूति और शनिवारको हो तो व्यभिचारिणी हो ।

नक्षत्रफल

अश्विन्यां सुभगा नारी भरण्यां विधवा भवेत् ।। कृत्तिकायां च वन्ध्या स्याद्रोहिण्यां चारुभाषिणी ।। मृगे दारिद्रयुक्तोक्ता चार्द्रायां क्रोधकारिणी ।।

पुनर्वसौ पुत्रवती पुष्ये पुत्रधनेश्वरी ।। आश्लेषायां भवेद्वन्ध्या मघायां चार्थसंयुता ।। पूर्वायां चार्थयुक्ता हि चोत्तरायां सती तथा ।। हस्ते पुत्रधनैर्युक्ता चित्रायामनुचारिणी ।। स्वात्यान्यगर्भावयवा विशाखायां तु निष्ठुरा।। मैत्रे च दुर्भगा नारी ज्येष्ठायां विधवा भवेत् ।। मूले पतिव्रता साध्वी पूर्वा सौभाग्यभोगिनी ।। उत्तरार्थवती प्रोक्ता श्रवे सौभाग्यसंपदा । धनिष्ठायां शुभा नारी शते भद्रान्विता बुधैः ।। कुम्भे चोक्ता कामिनी तु उभे लक्ष्मीयुता शुभा ।। रेवत्यां पतिरिक्ता तु ज्ञेयं भानां फलं बुधैः ।।

टीका—अश्विनी नक्षत्रमें यदि स्त्रीको प्रथम ऋतुदर्शन हो तो शुभ, भरणीमें विधवा, कृतिकामें वंध्या, रोहिणीमें प्रियभाषिणी, मृगशिरमें दरिद्रिणी, आर्द्रामें क्रोधिनी, पुनर्वसुमें पुत्रवती, पुष्यमें पुत्र और धनवती, आश्लेषामें बांझ, मघामें धनवती, पूर्वामें अर्थवती, उत्तरामें पतिव्रता, हस्तमें पुत्रवती, धनवती, चित्रामें दासी, स्वातीमें अन्यगर्भवती, विशाखामें निष्ठुर, अनुराधामें दुर्भागिनी, ज्येष्ठामें विधवा, मूलमें पतिव्रता, पूर्वाषाढामें सौभाग्यवती, उत्तराषाढामें अर्थवती, श्रवणमें सौभाग्य और संपतियुक्त, धनिष्ठामें शुभ, शतभिषामें शुभ, पूर्वाभाद्रपदामें उत्तमभोगवती, उत्तराभाद्रपदामें लक्ष्मीवती, रेवतीमें पतिरहित जानिये ।

योगफल

आद्यतौ विधवा नारी विष्कंभे च रजस्वला ।। स्नेहः प्रीत्या तु दम्पत्योरायुष्मांस्तु धनप्रदः ।। सौभाग्ये पुत्रयुक्ता तु शोभने मङ्गलान्वितः ।। अतिगण्डे तु विधवा सुकर्मणि तु शोभना ।। धृतौ संपत्तियुक्ता च शूले रोगयुताभवेत्।। गण्डे दुःखान्विता नारी वृद्धौ पुत्रान्विता भवेत्।। ध्रुवे तु शोभना नारी व्याघाते भर्तृघातकी।। हर्षणे हर्षयुक्ता तु वज्रे चैवानपत्यता ।। सिद्धौ पुत्रान्विता नारी व्यतीपाते विभर्तृका ।। मृतवत्सा च वर्याणे परिघे चाल्पजीविनी ।। शिवे पुत्रवती नारी सिद्धे शीघ्रफलान्विता ।। साध्ये धर्मपरा नारी शुभे शुभगुणान्विता ।। शुक्ले शुभकरा नारी ब्रह्मणि स्वपतौ रता ।। ऐन्द्रे देवररता वैधव्यं वैधृतौ स्मृतम् ।।

टीका—विष्कंभयोगमें यदि प्रथम ऋतुदर्शन हो तो स्त्री विधवा हो, प्रीति योगमें, पतिसे स्नेह, आयुष्मान्‌में धनप्राप्ति, सौभाग्यमें पुत्रवती, शोभनमें मंगलदायक, अतिगंडमें विधवा, सुकर्मामें शुभ, धृतिमें संपत्तियुक्त, शूलमें रोगिणी, गण्डमें दुःखान्विता, वृद्धिमें पुत्रयुक्ता, ध्रुवमें शुभ, व्याघातमें पतिघातिनी, हर्षणमें हर्षयुक्ता, वज्रमें वंध्या, सिद्धियोगमें पुत्रयुक्ता, व्यतीपातमें पतिरहिता, वर्याणमें मृतपुत्रा, परिघमें अल्पजीविनी, शिवमें पुत्रवती, सिद्धिमें शीघ्र फलयुक्ता, साध्ययोगमें अधर्मपरा, शुभयोगमें शुभगुणयुक्ता, शुक्लयोगमें शुभकर्मपरा, ब्रह्मयोगमें निजपतिरता, ऐंद्रमें देवररता और वैधृतियोगमें विधवा हो ।।

करणफल

बवे प्रोक्ता तु वन्ध्या स्त्री बालवे पुत्रसंपदः ।। कौलवेपुंश्चली नारी तैतिले चारुभाषिणी ।। गरे च गुणसंपन्ना वणिजे पुत्रिणी स्मृता ।। विष्टया च मृतवत्सा च शकुनौ कामपीडिता ।। चतुष्पदे शुभा नारी नागे पुत्रवती भवेत् ।। किंस्तुघ्ने व्यभिचारः स्यात् करणानां शुभं फलम् ।।

टीका—बवकरणमें जो स्त्री प्रथम पुष्पवती हो तो वह बंध्या हो, बालवमें पुत्रकी प्राप्ति, कौलवमें वेश्या, तैतिलमें प्रियभाषिणी, गरमें गुणसंपन्ना, बणिजमें पुत्रिणी, विष्टिमें मृतवत्सा अर्थात् उसका बालक मर जाय, शकुनिमें कामातुरा, चतुष्पदमें शुभ, नागमें पुत्रवती, किंस्तुघ्नमें व्यभिचारिणी हो ।

राशिफल

व्यभिचारी तु मेषे स्याद्वृषभे सुखभोगिनी ।। मिथुने धनयुक्तोक्ता कर्कटे दुःखिताः बुधैः ।। सिंहे पुत्रवती नारी कन्यायां मानिनी शुभा ।। तुले विचक्षणा नारी वृश्चिके व्यभिचारिणी ।। धने पतिव्रता ज्ञेया मांसहीना च नक्रके ।। कुम्भे धनवती ज्ञेया मीने च चपला बुधैः ।।

टीका—मेष राशिमें यदि ऋतुमती हो तो व्यभिचारिणी, वृषमें सुखभोगिनी, मिथुनमें धनयुक्ता, कर्कमें दुःखी, सिंहमें पुत्रवती, कन्यामें अभिमानी, तुलामें कुचाली, वृश्चिकमें जारिणी, धनमें पतिव्रता, मकरमें कृशा, कुंभमें धनवती, मीनमें चपला हो ।

होराफल

सूर्ये च व्याधिसंयुक्ता चन्द्रे होरे प्रतिव्रता ।। कुजे होरेतु दौर्भाग्यं बुधे होरे तु पुत्रिणी ।। जीवे सर्वसमृद्धिः स्याद्भृगौ सौभाग्यमेव च ।। शनौ सर्वविनाशाय होरकस्य फलं बुधैः ।।

होरा	फल	होरा	फल
रविकाहोरा	योगिनी	गुरुकाहोरा	सर्वसिद्धि
सोमका होरा	पतिव्रता	शुक्रकाहोरा	सौभाग्य
भौमकाहोरा	दुर्भगा	शनिकाहोरा	सर्वविनाशिनी
बुधकाहोरा	पुत्रिणी		

लग्नफल

मेषलग्ने दरिद्रा च वृषभे धनसंयुता ।। कामिनी मिथुने लग्ने कर्कटे पति-नाशिका ।। सिंहे पुत्रप्रसूता च पतियुक्तस्त्र्याख्यलग्नके ।। तुले चैवान्धतादायी वृश्चिके दद्रु दुःखिनी ।। धनुर्लग्ने धनैश्वर्यं मकरे कर्कशा भवेत् ।। कुम्भे वंश-द्वयघ्नी च मीने सर्वगुणान्विता ।।

टीका--प्रथमसंक्रांति चलती हो तो वही प्रथम लग्न जानिये । १ मेष लग्नमें ऋतुमती हो तो दरिद्रिणी, २ धनयुक्ता, ३ कामिनी, ४ पतिनाशिनी, ५ पुत्रप्रसूता, ६ पतिव्रता, ७ अंधतादायक, ८ दद्रुदु:खित, ९ धनैश्वर्यवती, १० कर्कशा, ११ उभयवंशनाशिनी, १२ गुणयुक्ता हो ।

ग्रहोंका फल

लग्ने राहुश्च सौरिश्च रविचन्द्रौ तथैव तु ।।
तदा सा विधवा नारी सर्वसौभाग्यर्वाजता ।।

टीका--जिस लग्नमें स्त्री प्रथम रजस्वला हो उसमें राहु, शनि, रवि, चन्द्र ये चार ग्रह स्थिर हों तो वह स्त्री विधवा हो ।

रक्तफल

शोणिता बिन्दुमात्रेण स्वैरिणी चाल्पशोणिता ।। रक्ते रक्ते भवेत्पुत्रः कृष्णे चैव मृत प्रजा ।। पिच्छिले च भवेद्वन्ध्या काकवन्ध्या च पांडुरे ।। पीते दुश्चारिणी ज्ञेया सुभगा गुञ्जसादृशे ।। सिन्दूरवर्णे रक्ते तु कन्यासंततिरेव च ।।

टीका--प्रथम ऋतुदर्शनके समय रक्त बिंदुमात्र और अल्पवर्ण हो तो उसका फल यह है कि स्त्री व्यभिचारिणी हो, रक्तवर्ण रुधिर हो तो पुत्रवती, काला हो तो मृतप्रजा, पिच्छिल अर्थात् गाढ़ा हो तो बांझ, पांडुर वर्णसे वन्ध्या, पीतवर्णसे दुराचारिणी, गुंजा सदृशसे सौभागिनी, सिंदूरवर्णसे कन्याप्रसूति इस प्रकार फल जानिये ।

कालफल

पूर्वाह्णे सुभगा प्रोक्ता मध्याह्ने चैव निर्धना ।। अपराह्णे शुभा चैव सायाह्ने सर्वभोगिनी ।। सन्ध्योरुभयोर्वेश्या निशीथे विधवा भवेत् ।। पूर्वरात्रे तथा वन्ध्या दुर्भगा सर्वसंधिषु ।।

टीका--जो स्त्रीके प्रथम ऋतुदर्शन प्रात:काल हो तो सुभगा जानिये, मध्याह्नम निर्धना, तीसरे पहर हो तो शुभ, संध्याको हो तो सर्वभोगिनी और दोनों संधिमें हो तो वेश्या, आधी रात्रिमें हो तो विधवा, पूर्वरात्रिमें हो तो बांझ, सब सन्धिमें दुर्भागिनी हो ।

पहिने हुए वस्त्रोंका फल

सुभगा श्वेतवस्त्रा च रोगिणी रक्तवस्त्रका ।। नीलाम्बरधरा नारी विधवा पुष्पवन्तिका ।। भोगिनी पीतवस्त्रा च मिश्रवस्त्रा वरप्रिया ।। सूक्ष्मा स्यात्सूक्ष्मवस्त्रा च दृढ़वस्त्रा पतिव्रता ।। दुर्भगा जीर्णवस्त्रा च सुभगा मध्यवाससा ।। धौतवस्त्रा शुभा नारी मलिनी मलिना भवेत् ।।

टीका--प्रथम ऋतुसमय पांडुर वस्त्र पहिने हो तो शुभ लाल वस्त्र पहिने स्त्री पुष्पवती हो तो रोगिणी, नीले वस्त्रसे विधवा, पीत वस्त्र से भोगिनी, मिश्र वर्णवस्त्रयुता पतिप्रिया, सूक्ष्मवस्त्रयुता कृश, मोटे वस्त्रयुता पतिव्रता, जीर्णवस्त्र पहिननेसे स्त्री दुर्भागिनी,

मध्यम वस्त्रयुता सुभगा, धुले वस्त्रयुता सुभगा और मलिन वस्त्र पहिने स्त्री प्रथम ऋतुधर्म को प्राप्त हो वह मलिन जानिये ।

रजस्वलाधर्म

आर्तवाभिष्टुता नारी नैकवेश्मनि संश्रयेत् ।। न चान्यजतिसंस्पर्शंकुर्यात्स्पर्शं नच क्वचित् ।। त्रिरात्रंस्वमुखं नैव दर्शयेद्यस्य कस्यचित् ।। स्ववाक्यं श्रावयेन्नैव न कुर्याद्दन्तधावनम् ।। न कुर्यादार्तवे नारी ग्रहाणामीक्षणं तथा ।। अञ्जनाभ्यञ्जनं स्नानं प्रवासं वर्जयेत्तथा ।। नखादिकृन्तनं रज्जुतालपत्रादि बन्धनम्।। नवे शरावे भुञ्जीत तोयं चाञ्जलिना पिबेत् ।।

टीका—ऋतुमती स्त्रीको एक घरमें न रखना, अन्य जातिको स्पर्श न करना अपनी जातिमें भी स्पर्श न करना, तीन रात्रि अपना मुख किसीको न दिखाना, अपनी वाणी किसीको न सुनाना,दातुन नहीं करना, नक्षत्रों को न देखना, काजल, तैल, स्नान, रास्ता चलना, डोरीका स्पर्श, तालपत्रका बांधना इतने कर्म न करे नवीन मृत्तिकाके पात्रमें भोजन करे और अंजुली से जल पीये ।

गर्भाधानका मुहूर्त

ऋतौ तु प्रथमे कार्यं पुन्नक्षत्रे शुभे दिने ।।
मघामूलान्त्यपक्षान्तंमुक्त्वा चन्द्रबले सति ।।

टीका—प्रथम ऋतुदर्शन समय पुरुषनक्षत्र और शुभदिनमें मघा, मूल, रेवती, अमावास्या, पूर्णिमा इनको छोड बलवान् चंद्रमें गर्भाधान करना योग्य है ।

गर्भाधानमें त्याज्य

गण्डान्तं त्रिविधं त्येजन्निधनजन्मर्क्षे च मूलान्तकं दास्रं पौष्णमथोपरागदिवसं पातं तथा वैधृतिम् ।। पित्रोः श्राद्धदिनं दिवा च परिघाद्यर्द्धं स्वपत्नीगमे भानूत्पातहतानि मृत्युभवनं जन्मर्क्षतः पापभम् ।। भद्रा षष्ठी पर्व रिक्ताच सन्ध्या भौमार्कार्कीनाद्यरात्र्यश्चतस्रः ।।

टीका—गण्डान्त ३ प्रकारके अर्थात् तिथिगंडांत, लग्नगंडांत, नक्षत्रगडात, वधतारा, जन्मतारा, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, ग्रहणदिन, व्यतीपात, वैधृति, श्राद्धदिन, परिघार्ध उत्पातनक्षत्र, पापयुक्तनक्षत्र, जन्मलग्नसे, अष्टम लग्न, भद्रा, षष्ठीतिथि, पर्वतिथि अर्थात् चतुर्दशी, अष्टमी, अमावास्या, पौर्णिमा, संक्रांति, रिक्तातिथि अर्थात् चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, संध्याकाल भौम, रवि शनि ये वार और प्रथम रात्रिसे चार रात्रि ये गर्भाधानमें त्याज्य हैं ।

ऋतुकी षोडशरात्रियोंका शुभाशुभ निर्णय

ऋतुः स्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः षोडश स्मृताः ।। तासामाद्याश्चतस्रस्तु निन्दितैकादशी च या ।। त्रयोदशी च शेषाः स्युः प्रशस्ता दश वासराः ।। तस्मात् त्रिरात्रं चाण्डालीं पुष्पितां परिवर्जयेत् ।।

टीका––स्त्रियोंके ऋतुधर्मसंबंधी स्वाभाविक १६ रात्रि होती हैं उनमेंसे प्रथम तीन रात्रिमें पुष्पवती चांडाली होती है और चौथी ग्यारवीं तेरहवीं ये निंदित अर्थात् वर्जनीय और शेष दश रात्रि प्रशस्त हैं।

रात्रौ चतुर्थ्यां पुत्रः स्यादल्पायुर्धनवर्जितः ।। पञ्चम्यां पुत्रिणी नारी षष्ठ्यां पुत्रस्तु मध्यमः ।। सप्तम्यामप्रजा योषिदष्टम्यामीश्वरः पुमान् ।। नवम्यां सुभगा नारी दशम्यां प्रवरः सुतः ।। एकादश्यामधर्म्या स्त्री द्वादश्यां पुरुषोत्तमः ।। त्रयोदश्यां सुता पापा वर्णसंकरकारिणी ।। धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च आत्मवेदी दृढव्रतः।। प्रजायते चतुर्दश्यां पंचदश्यां पतिव्रता।। आश्रयः सर्वभूतानां षोडश्यां जायते पुमान् ।।

टीका––चौथी रात्रिमें स्त्रीसंग करे तो पुत्र अल्पायु और धनवर्जित हो, पांचवी रात्रिमें पुत्रवती, छठी रात्रिमें मध्यम पुत्र सातवींमें पुत्र उत्पन्न नहीं होगा, अष्टमी रात्रि ईश्वरभक्ति, नवमीरात्रिमें सौभाग्यवृद्धि, दशमीमें गुणवान् पुत्र, ग्यारहवींमें अधर्मी पुत्र, बारहवीं रात्रिमें उत्तम पुरुष, तेरहवींमें पापकर्मिणी कन्या, चौदहवींमें धर्मात्मा कृतज्ञ और व्रत करनेवाला पुत्र, पन्द्रहवीं रात्रिको पतिव्रता, सोलहवीं रात्रिको सब जीवोंको आश्रय देनेवाला पुत्र उत्पन्न होता है ।

निषेकके तिथि और वार

षष्ठ्यष्टमी पञ्चदशी चतुर्थी चतुर्दशीरप्युभयत्र हित्वा ।।
शेषाः शुभाः स्युस्तिथयो निषेके वाराः शशाङ्कार्यसितेंदुजाश्च ।।

टीका––षष्ठी, अष्टमी, पौर्णिमा, अमावास्या, चतुर्दशी इन तिथियोंको छोड़कर शेष तिथि और सोम, गुरु, शुक्र, बुध ये वार शुभ जानिये ।

नक्षत्र

विष्णुप्रजेशरविमित्रसमीरपौष्णमूलोत्तरावरुणभानि निषेककार्ये ।।
पूज्यानि पुष्यवसुशीतकराश्विचित्रादित्याश्च मध्यमफलाः अधमा स्युरन्ये ।।

टीका––श्रवण, रोहिणी, हस्त, अनुराधा, स्वाती, रेवती, मूल, तीनों उत्तरा, शतभिषा ये नक्षत्र उत्तम कहे हैं और पुष्य, धनिष्ठा, मृगशिर, अश्विनी चित्रा, पुनर्वसु ये मध्यम हैं और शेष नक्षत्र अधम जानिये । मुहूर्तमार्तंडके मतसे वैधृति, संक्रांति, महापात आदि दुष्ट योग और श्राद्धांत, पर्वदिन, जन्मनक्षत्रसंधि, दिवस रात्रि नक्षत्र इत्यादि वर्जनीय हैं और जिस लग्नमें विषमस्थानी नवांशकमें उच्च बृहस्पति अथवा सूर्य चन्द्रमा हो तो पुत्र प्राप्ति हो और येही ग्रह समराशिके हों तो कन्याप्राप्ति होय ।

गर्भाधानमें लग्नशुद्धि

केन्द्रत्रिकोणेषु शुभैश्च पापैस्त्र्यायारिगैः पुंग्रहदृष्टलग्ने ।।
ओजांशकेऽपि च युग्मरात्रौ चित्रादितीज्याश्विषु मध्यमं स्यात् ।।

टीका—प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, दशम ये केंद्र इनमें शुभग्रहण हो, त्रिकोण, नवम, पञ्चम इसमें शुभग्रह हों ३ । ११ । १० । ६ इसमें पापग्रह हों लग्नको पुरुष ग्रह देखते हों और विषम नवांशमें चंद्रमा हो तो इसमें गर्भाधान शुभ है और समरात्री, पुनर्वसु, पुष्य, अश्विनी ये नक्षत्र मध्यम होते हैं ।

प्रथम गर्भिणीके पुंसवनादिक संस्कार

मूलादित्रितये करे श्रवणके भाद्रद्वयार्द्रात्रये रेवत्यां मृगपञ्चके दिनकरे भौमेन रिक्तातिथौ ।। नेत्रे मास्यथवाग्निमासि धनुषि स्त्रीमीनयोश्च स्थिरे लग्ने पुंसवनं तथैव शुभदं सीमन्तकर्माष्टमे ।।

टीका—मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा, हस्त, श्रवण, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, रेवती, अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिर और रवि भौमवार और रिक्ता तिथि वर्जनीय हैं और गर्भाधानसे दूसरा महीना, तीसरा मास और धन कन्या मीन और स्थिर लग्नोंमें पुंसवन कर्म करे और इन्हीं नक्षत्र वा लग्नोंमें ये अष्टमासमें सीमन्त कर्म करना शुभ है ।

वारफल

मृत्युश्च सौरेस्तनुहानिरिन्दोः प्रजामृतिः पुंसवने बुधस्य ।।
काकी च वन्ध्या भवतीह शुक्रे स्त्रीपुत्रलाभो रविभौमजावः ।।

टीका—शनिवारको पुंसवन कर्म करे तो मृत्यु हो, चन्द्रवारको शरीरका नाश, बुधवारको सन्ताननाश, शुक्रवारको काकवन्ध्या एकवार प्रसूति और रवि, भौम, गुरु इन वारोंमें पुत्र प्राप्त हो, परंतु स्त्रीके चन्द्रमा शुभ हो, दुष्ट योगादिक वर्जित हैं, उक्त नक्षत्र आदिमें और शुभ दिवसमें पुंसवन कहिये गर्भकी पुरुषाकृति होना यह कर्म कराये और जिस मुहूर्त्तमें गर्भकी स्थिरता कही है इसीमें अनवलाभेन भी कर्म उक्त है।

अन्य मत

चतुर्थषष्ठाष्टममासभाजि सौरेण गर्भे प्रथमं विधेयम् ।।
सीमन्तकर्म द्विजभामिनीनां मासेऽष्टे विष्णुबलिं च कुर्यात् ।।

टीका—प्रथम गर्भधारण होनेसे चतुर्थ षष्ठ अष्टम ऐसे सम और मासोंमें आठ मास पर्यंत ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्योंकी स्त्रियोंका सीमंतकर्म और विष्णुबलि करना उचित है ।

सीमन्ते तिष्यहस्तादितिहरिशशभृत्पौष्णविद्धयुत्तराख्या ।।
पक्षच्छिद्रा च रिक्ता पितृतिथिमपहायापराः स्युः प्रशस्ताः ।।

टीका—सीमंतकर्ममें पुष्य, हस्त, पुनर्वसु, श्रवण, मृगशिर रेवती, रोहिणी तीनों उत्तरा ये नक्षत्र शुभ हैं और पक्षरंध्र तिथि, रिक्ता तिथि और अमावास्याको छोड शेष तिथियां शुभ हैं ।

पक्षच्छिद्रातिथि

चतुर्दशी चतुर्थी च अष्टमी नवमी तथा ।। षष्ठी च द्वादशी चैव पक्षच्छिद्राह्वयाः स्मृताः ।। कर्मोदितासु तिथिषु वर्जनीयाश्च नाडिकाः ।। भूताष्टमनुतत्त्वाङ्कदशशेषास्तु शोभनाः ।।

टीका--चतुर्दशीकी प्रथमकी ५ घटिका, चौथकी ८ घटिका, अष्टमीकी १४ घटिका षष्ठीकी ८ घटिका, द्वादशीकी १० घटिका वर्जनीय हैं और शेष घडी शुभ हैं ।

मासेश्वरज्ञान

मासेश्वराः सितकुजेज्यरवीन्दुसौरचन्द्रात्मजास्तनुपचन्द्रदिवाकराःस्युः ।।

मासेश्वरज्ञानार्थं मासेशचक्रम् ।

१	२	३	४	५
स्वामी-शुक्र	स्वामी-भौम	स्वामी-गुरु	स्वामी-रवि-	स्वामी-चंद्र
६	७	८	९	१०
स्वामी-शनि	स्वामी-बुध	स्वा.गर्भाधा.ल	स्वामी-चंद्र	स्वामी-सूर्य

गर्भिणीधर्म

भूम्यां चैवोच्चनीचायामारोहणेऽवरोहणे।। नदीप्रतरणं चैव शकटारोहणं तथा।। उग्रौषधं तथा क्षारं मैथुनं भारवाहनम् ।। कृते पुंसवनं चैव गर्भिणीपरिवर्जयेत् ।।

टीका--पुंसवन कर्म होने उपरांत गर्भिणीको ऊँचे नीचे स्थानपर चढ़ना-उतरना, भागकर चलना, नदी तैरना, गाडीपर बैठकर चलना, तीक्ष्ण अर्थात् गरम औषध, नीरस क्षार आदि खाना, मैथुन, भार उठाना ये कर्म वर्जित हैं ।

गर्भिणीप्रश्न

नामाक्षराणि त्रिगुणीकृतानि तुरङ्गदेशे तिथिमिश्रितानि।।
अष्टौ च भागं लभते च शेषं समे च कन्या विषमे च पुत्रः ।।

टीका--गर्भिणीके नामके अक्षर.तिगुणे करे उनमें घोडेके नामाक्षर और देशके अक्षर मिलाकर वर्तमानतिथि मिलाये और आठका भाग दे शेष अंक सम बचें तो कन्या और विषम बचें तो पुत्र हो ।

प्रसूतिस्थानप्रवेशनक्षत्र

रोहण्यैन्दवपौष्णेषु स्वातीवारुणयोरपि ।। पुनर्वसौ पुष्यहस्तधनिष्ठात्र्यु त्तरासु च ।। मैत्रे त्वाष्ट्रे तथाश्विन्यां सूतिकागार वेशनम्।। प्रसूतिसम्भवे काले सद्य एव प्रवेशयेत्।।

टीका—रोहिणी, मृगशिर, रेवती, स्वाती, शतभिषा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त धनिष्ठा, तीनों उत्तरा, अनुराधा, चित्रा, अश्विनी ये नक्षत्र प्रसूतिका भवनके प्रवेशमें श्रेष्ठ हैं प्रसूति समयमें इन नक्षत्रोंमें तत्काल प्रवेश कराये ।

गर्भके लक्षण

कललं १ च घनं २ शाखा ३ ऽस्थि ४ त्व ५ ग्रोमोद्गमः ६ स्मृतिः॥७॥ ७ भुक्ति ८ रुद्वेग ९ संसूति १० र्मासेष्वाधानतः क्रमात् ॥

टीका—गर्भाधानसे १० मासतक गर्भका रूप कहते हैं. १ मासमें कलल अर्थात् शुक्र रुधिर इसके संयोगसे पिंडित होता है. २ मासमें घन अर्थात् वह पिंड दृढ होता है. ३ मासमें उस पिंडमें शाखा अर्थात् हस्त और पाद उत्पन्न होते हैं. ४ मासमें उसमें अस्थि हाड होते हैं. ५ मासपर उसपर त्वचा अर्थात् चमडा. ६ मासमें रोम होते हैं. ७ मासमें स्मृति अर्थात् ज्ञान होता है. ८ मासमें क्षुधाका होना. ९ मासमें उद्वेग अर्थात् गर्भस्थल उदर से निकलने की इच्छा करता है. १० मासमें प्रसव जानना चाहिये ।

प्रसूतिसमयका प्रश्न

मीने मेषे स्त्रियौ द्वे च चतस्रो वृषकुम्भयोः ॥ तुलाकन्यकयोः सप्त बाणाख्या धनकर्कयोः॥ अन्यलग्ने भवेत्तिस्र एवं ज्ञेयं विचक्षणैः ॥ यथा राहु-स्तथा शय्या भौमे खट्वाङ्गभङ्गता ॥ रविस्थाने भवेद्दीपः शनिस्थाने तु नालकम्॥

टीका—मीन अथवा मेष इन लग्नोंमें यदि स्त्रीके प्रसव हो तो उस समय उसके निकट दो स्त्रियाँ और वृष कुंभ हो तो ४; तुला कन्या हों तो ७, धन और कर्कमें ५, अन्य लग्नोंमें तीन तीन स्त्रियाँ जानना चाहिये, जन्मकुंडलीके मध्य जिस दिशामें राहु स्थित हो उसी दिशामें शय्या जाननी, जो लग्नमें मंगल बैठा हो तो खाटका अंग जानिये, जिस स्थानमें रवि हो उसी दिशामें दीपक और जिस दिशामें शनि हो उसमें नाल समझना ।

तिथिगण्डान्त

पूर्णानन्दाख्ययोस्तिथ्योः सन्धिर्नाडीद्वयं तथा ॥
गण्डान्तं मृत्युदं जन्म यात्रोद्वाहव्रतादिषु ॥

टीका—पूर्णातिथि १५।५।१० और पडवा, छठ, एकादशी अर्थात् नंदा इनकी संधिकी दो २ घटी अर्थात् पूर्णिमा पंचमी दशमीके अंतकी एक २ और पडवा छठी एकादशीके आदिकी एक एक घटी गंडांत है, यात्रा विवाह यज्ञोपवीतमें वर्जित हैं, करे तो मृत्यु हो ।

लग्नगंडान्त

कुलीरसिंहयोः कीटचापयोर्मीनमेषयोः ॥
गण्डान्तमन्तराले स्याद्धटिकार्द्धं मृतिप्रदम् ॥

टीका—कर्क सिंह इन दोनों लग्नोंकी घटिका आधी और इस क्रमसे वृश्चिक और धन मीन मेष इनकी आदिकी घडी गंडांतरमें शुभकर्म करे तो ये मृत्यु देती हैं ।

नक्षत्रगंडांत

पौष्णाश्विन्योः सार्पपित्र्यर्क्षयोश्च यच्च ज्येष्ठामूलयोरन्तरालम्।।
तद्गण्डान्तं स्याच्चतुर्नाडिकं हि यात्राजन्मोद्वाहकालेष्वनिष्टम्।।

टीका—रेवती अश्विनी इनकी संधिकी २ घटिका इसी क्रमसे आश्लेषा मघा ज्येष्ठा मूल इनकी संधिकी २ घटिका वर्जनीय और वैसेही तिथि लग्न और नक्षत्र ये त्रिविध गंडांत जानिये. यह यात्रा जन्मकाल और विवाहमें वर्जित हैं।

जन्मकालमें गंडांतका शुभाशुभ फल

अश्विनीमघमूलानां पूर्वार्द्धे बाध्यते पिता ।। पूषादिशाक्रपश्चार्द्धे जननी बाध्यते शिशुः ।। सर्वेषां गण्डजातानां परित्यागो विधीयते ।। बर्जयेद्दर्शनं शावं तच्च षाण्मासिकं भवेत् ।।

टीका—अश्विनी मघा मूल इन नक्षत्रोंके पूर्वार्द्धमें जन्म हो तो पिताको अशुभ और रेवती ज्येष्ठा इन दोनों नक्षत्रोंके उत्तरार्द्धमें जन्म हो तो माताको अशुभ और गंडांतमें जन्म हो तो शिशुका त्याग करना योग्य है अथवा छः मासतक पुत्रको न देखे।

कृष्णचतुर्दशीका जन्मफल

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां प्रसूतेः षड्विधं फलम् ।। चतुर्दश्याश्च षड्भागान् कुर्यादादौ शुभं स्मृतम् ।। द्वितीये पितरं हन्ति तृतीये मातरं तथा ।। चतुर्थे मातुलं हन्ति पञ्चमे वंशनाशनम्।। षष्ठे च धनहानिः स्यादात्मनो वंशनाशनम् ।।

टीका—यदि कृष्णचतुर्दशीको जन्म हो तो तिथिके छः खंड दश २ घटिकाके करे जो प्रथम खंडमें जन्म हो तो शुभ, द्वितीयामें पिताको अशुभ, तृतीयामें माताको अशुभ, चतुर्थमें मामाको अशुभ, पंचममें वंशनाश, छठेमें धनहानिकारक और अपने वंशका नाशक जानिये।

अमावास्याके जन्मका फल

सीनीवाल्यां प्रसूताश्च दासी भार्या पशुस्तथा ।। गजोऽश्वो महिषी चैव शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ।। कुहूप्रसूतिरत्यर्थं सर्वदोषकरी स्मृता ।। यस्य प्रसूतिरेतेषां तस्यायुर्धननाशनम् ।। सर्वगण्डसमस्तत्र दोषस्तु प्रबलो भवेत् ।।

टीका—चतुर्दशीयुक्त अमावास्याको दासी अथवा भार्या गाय हस्तिनी घोडी भैंस जो प्रसूता हो तो इंद्रकीभी संपत्ति हर लेती है और ठीक अमावस्याको प्रसूता हो तो बहुतसे दोष लगें और जिसकी इनमें प्रसूति हो उसकी आयु धनका नाश हो और गंडांतमें प्रसूति हो तो बहुतसे दोष जानिये।

दिनक्षयादिफल

दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ ।। शूले गण्डेऽतिगण्डे च परिघे यमघण्टके ।। कालगण्डे मृत्युयोगे दग्धयोगे सुदारुणे। तस्मिन्गंडदिने प्राप्ते प्रसूतिर्यदि जायते ।। अतिदोषकरी प्रोक्ता तत्र पापयुता सती ।।

टीका—दिनक्षय व्यतीपात व्याघात भद्रा वैधृति शूल गण्ड अतिगंड परिघार्द्ध यमघंट कालगंड मृत्युयोग दग्धयोग दारुणयोग इनमें जन्म हो तो भारी पाप लगे ऐसी प्रसूतिकी स्त्रीको पापयुक्त जानिये ।

ज्येष्ठानक्षत्रफल

ज्येष्ठादौ जनने माता द्वितीये जनने पिता ॥ तृतीये जनने भ्राता स्वयं माता चतुर्थके ॥ आत्मानं पञ्चमे हन्ति षष्ठे गोत्रक्षयो भवेत् ॥ सप्तमे चोभय-कुलं ज्येष्ठभ्रातरमष्टमे ॥ नवमे श्वशुरं चैव सर्वं हन्ति दशांशके ॥

टीका—ज्येष्ठा नक्षत्रमें जो जन्म हो तो उस नक्षत्रकी छः घटियोंके दश भाग समान करे उसका फल प्रथमभाग माताको अशुभ, दूसरा पिताको, तीसरा मामाको, चौथा माताको, पांचवां शिशुको, छठा भाग गोत्रजोंको, सातवां पिता, नानाके परिवारको आठवां, बड़े भ्राता को नवम, श्वशुरको, दशवां सर्व जनोंको बुरा है ।

मूलनक्षत्रफल

मूलं स्तम्भं त्वक् च शाखा पत्रं पुष्पं फलं शिखा ॥ वेदाश्च मुनयश्चैव दिशश्च वसवस्तथा ॥ नंदा बाणरसा रुद्रा मूलभेदाः प्रकीर्तिताः ॥ मूले मूल-विनाशाय स्तम्भे हानिर्धनक्षयः ॥ त्वचि भ्रातृविनाशाय शाखा मातृविनाशकृत् ॥ पत्रे सपरिवारः स्यात् पुष्पेषु नृपवल्लभः ॥ फलेषु लभते राज्यं शाखायामल्प-जीवितम् ॥

टीका—मूलनक्षत्रको मूल वृक्ष कल्पना करते हैं उसकी ६० घटीके स्थान इस भांति हैं, प्रथम ४ घटिका वृक्षका मूल उनमें जन्स हो तो नाश, दूसरा भाग ७ घटिका स्तंभ उनमें हानि और धनका नाश, तीसरा भाग १० घटिका वृक्षकी त्वचा उनमें भ्राताको अशुभ हो, चौथा भाग ८ घटिका शाखा उनमें माताको अशुभ, पांचवा भाग ९ घटिका वृक्षके पत्र उनमें परि-वारनाशन, छठा भाग ५ घटिका पुष्प उनमें राजमंत्री, सातवां भाग ६ घटिका फल उनमें राज्यप्राप्ति, आठवां भाग ११ घटिका वृक्षकीशाखा उनमें जन्म हो तो शिशु अल्पायु हो, ऐसे आठ स्थानका फल जानिये ।

जन्मकालमें मूल किस लोकमें है जाननेकी लग्न

वृषालिसिंहेषु घटे च मूलं दिवि स्थितं युग्मतुलांगनान्त्ये ॥
पातालगं मेषधनुः कुलीरनक्रेषु मर्त्येष्विति संस्मरन्ति ॥

टीका—वृष सिंह कुंभ वृश्चिक लग्नोंमें जन्म हो तो उस दिन मूलनक्षत्र स्वर्गमें होता है उसका फल राज्यप्राप्ति और मिथुन तुला कन्या मीनमें मूल पातालमें जानिये उसका फल धनप्राप्ति और मेष धन कर्क मकर इन लग्नोंमें मूल मृत्युलोकमें होता है इसका फल कुटुंबनाश १२ लग्नोंका फल है ॥

आश्लेषानक्षत्रका नराकारचक्र

मूर्द्धास्यनेत्रगलकांसयुगं च बाहुहृज्जानुगुह्यपदमित्यहिदेहभागः ॥ बाणा-

द्विनेत्रहुतभुक्श्रुतिनागरुद्रषण्नन्दपञ्चशिरसः क्रमशस्तु नाड्यः ।। राज्यं पितृक्षयो मातृनाशः कामक्रियारतिः पितृभक्तो बली स्वप्नस्त्यागी भोगी धनी क्रमात् ।।

टीका—आश्लेषानक्षत्रकी घटिकाओंको नराकार चक्रमें स्थापन करनेमें प्रथम ६ घटिका मस्तक उनका फल राज्यप्राप्ति, द्वितीय ७ घटी मुख उनका फल पिताका नाश, तीसरा विभाग दो घडी उनका फल माताका नाश, चौथा ३ घटिका ग्रीवा उनका फल परस्त्रीरत, पांचवां भाग ४ घटी दोनों कांधे उनका फल पितृभक्त छठा भाग ८ घटी दोनों बाहु उनका फल बली ७ भाग ११ घटी हृदय उनका फल आत्मघाती, आठवां भाग ६ घटी दोनों जानु उनका फल त्यागी, नौवां विभाग ९ घटीका गुह्य उसका फलभोगी दशवां भाग ५ घटी दोनों पांव उनका फल धनवान् जिस विभागमें जन्म हो उसका फल स्थानानुसार कहना योग्य है ।

जन्मसमयमें सूर्यादि ग्रहोंका फल

तनुस्थान ।। लग्नस्थितो दिनकरः कुरुतेऽङ्गपीडां पृथ्वीसुतो वितनुते रुधिरप्रकोपम् ।। छायासुतः प्रकुरुते बहुदुःखभाजं जीवेन्दुभार्गवबुधाः सुखकान्तिदाः स्युः ।। धनस्थान ।। दुःखावहा धनविनाशकराः प्रदिष्टा वित्ते स्थिता रविशनैश्चरभूमि पुत्राः ।। चन्द्रो बुधः सुरगुरुर्भृगुनन्दनो वा नानाविधं धनचयं कुरुते नसंस्थः ।। सहजस्थानम् ।। भानुः करोतिविरुजंरजनीकरोति कीर्त्यायुतं-क्षितिसुतः प्रचुरप्रकोपम् ।। ऋद्धि बुधः सुधिषणंसुविनीतवेषं स्त्रीणांप्रियं गुरुकवीरविजस्तृतीये।।सुहृत्स्थानम् ।। आदित्य भौमशनयः सुखवर्जिताङ्गंकुर्वंतिजन्मनि नरं सुचिरं चतुर्थे ।। सोमोबुधःसुरगुरुभृगुनन्दनोवासौख्यान्वितं च नृपकर्मरतं प्रधानम् ।। सुतस्थानम् ।। पुत्रेरविः प्रचुरकोपयुतं बुधश्चस्वल्पात्मजंशनिधरात-नुजावपुत्रम् ।। शुक्रेन्दुदेवगुरवः सुतधामसंस्थाः कुर्वन्ति पुत्रबहुलंसुखिनं सुरूपम् ।। रिपुस्थानप् ।। मार्तण्डभूमितनुजौहनशत्रुपक्षंपङ्गु नंरंरिपुगृहेष्वतिपूजनीयम् ।। काव्येन्दुजौमतिविहीनमनल्परोगं जीवः करोतिविकलंमरणंशशाङ्कः ।। जायास्थानम् ।। तिग्मांशुभौमरविजाः किलसप्तमस्थाजायांकुकर्मनिरतां तनुसंतांति च ।। जीवेन्दुभार्गवबुधाबहु पुत्रयुक्तांरूपान्वितां जनमनोहररूपशीलाम् ।। मृत्युस्थानम् ।। सर्वेग्रहादिनकर प्रमुखानितातंमृत्युस्थितावितनुते किलदुष्टबुद्धिम् ।। शस्त्राभिघातपरिपीडितगात्रयष्टिसौख्यैर्विहीनमतिरोगगणैरुपेतम् ।। धर्मस्थानम्।। धर्मस्थिता रविशनैश्चरभूमिपुत्राः कुर्वन्तिधर्मरहितंविमतिंकुशीलम् ।। चन्द्रो बुधोभृगुसुतः सुरराजः मन्त्री धर्मक्रियासुनिरतं कुरुते मनुष्यम् ।। कर्मस्थानम् ।। आदित्यभौमशनयः किलकर्मसंस्थाः कुर्युर्नरंबहुकुकर्मरतंकुपुत्रम् ।। चन्द्रः सुकीर्तिमुशनाबहुवित्तयुक्तं रूपान्वितंबुधगुरूशुभकर्मभाजम् ।। लाभस्थानम् ।। लाभस्थितोदिनकरोनृपलाभयुक्तंतारापतिर्बहुधनं क्षितिजः क्षितीशम् ।। सौम्यो विवेकसुभगं च धनायुषोज्यः शुक्रः करोतिसगुणंरविजः सुकीर्तिम् ।। व्ययस्थानम् ।। सूर्यः करोतिपुरुषंव्ययगो विशीलं काणंशशीक्षितिसुतो बहुपापभाजम् ।। चन्द्रा-

ज्ञो गतधनं धिषणः कृशाङ्गंशुक्रोबहुव्ययकरं रविजः सुतीव्रम् ॥ राहुकेतुफलं-सर्वं मन्दवत्कथितं बुधैः ॥

सं०	स्था	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि राहु के.
१	तनु	अंगपीडा	कांति और सुख	रक्तकोप	कांति और सुख	कांतिऔरसुख	कांतिऔरसुख	अतिदुःखदायक
२	धन	अतिदुःखवाधनकानाश	संपत्तिकीबहुत प्राप्ति	दुःखप्राप्तिधन कानाश	नानाप्रकारके सं० प्राप्ति	नानाप्रकारकी संपत्ति प्राप्ति	नानाप्रकारकी संपत्तिप्राप्ति	अतिदुःखप्राप्ति धनकानाश
३	सह.	निरोगीरहै	कीर्तिलाभ	क्रोधयुक्तरहैं	समृद्धि	सुबुद्धि	नम्र वेषधारण०	स्त्रियोंकोप्रियहो
४	सुहृत,	शरीरकापीडा बहुतहो	सुखभोगी	शरीरकोबहुत पीडा	सुखभोगी	सुखभोगी	सुखभोग	शरीरकोपीडाब हुतहो
५	सुत	रोगबहुतहो	बहुतपुत्रहोय	संतानराहित	अल्पपुत्रसंतानि	बहुपुत्रप्राप्ति	बहुतपुत्र	संतान नहो
६	रिपु	शत्रुकानाशकरे	मरणपावै	शत्रुनाश	बुद्धिहीनबहुरोग	शरीरविकलरहै	बुद्धिहीनबहु	
७	जाया	स्त्रीदुष्टकर्मी संतानीअल्प	स्त्रीरूपवतागुणवती गुणयुक्तपुत्र	स्त्रीदुष्टकर्मी व संततिअल्प	स्त्रीरूपवान् बहु पुत्रप्राप्ति	स्त्री निहारिणी हो पुत्रवती	मनहरनेवाली पुत्रवतीचतुर	स्त्रीदुष्टकर्मी संतानथोडीउत्पन्न
८	मृत्यु	इसमें सब ग्रहोंकाफल एक समानहोताहै दुष्टबुद्धि. शस्त्रघाति शरीरपीडा सुखरहित और रोगीहो जो ग्रह इस स्थानमें हो ऐसा फल जानिये						
९	धर्म	अधर्मीदुःष्टमति दुष्टशील	धार्मिकहो	अधर्मीदुष्टमति दुष्टशील	धर्मनिरतरकरै	धर्मनिरंतरकरै	धर्मनिरंतरकरै	अधर्मी
१०	कर्म	अत्यंतदुष्टकर्मी कुपुत्र	अत्यंतकीर्तिवान हो	दुष्टकर्मीकुपुत्र	कीर्तिवान्	शुभकर्मकरै	संपत्तिवान्	अत्यंतदुष्टकर्मी व कुपुत्र
११	आय	राजः सेलाम करे	धनबहुतमिले	पृथ्वीलाभरा जासे	विवेकयुक्तऔर सुंदर	धन और आयु की वृद्धि	गुणवान्	अच्छीकीर्तिपावे
१२	व्यय	दुष्टस्वभाव	काणाहो	पापकर्म	धनहीन	कृशगात्र	व्याधियुत	तीव्रहो

पुरुषकेजन्मकालमें पड़े ग्रहों का फल

टीका—जन्म लग्नमें तनु आदि द्वादशस्थानोंमें जो ग्रह पडे हों उनमें पृथक् २ फल जानने के लिये कोष्ठक और राहुकेतुके फल शनिके समान जानिये

जन्मलग्नमें बालकके मृत्युकारकग्रह

चन्द्राष्टम च धरणीसुतसप्तमं च राहुर्नवं च शनिजन्मगुरुस्तृतीये ।। अर्कस्तुपञ्चभृगुषष्ठबुधश्चतुर्थे जातो न जीवति नरः प्रवदन्ति सन्तः ।।

टीका—जन्मलग्नसे चंद्रमा अष्टमस्थानी भौम स्थानमें राहु ९ स्थानमें शनि जन्म लग्नमें गुरु तृतीय स्थानमें रवि ५ स्थानमें शुक्र ६ स्थानमें बुध ४ स्थानमें ऐसे ग्रह पड़ें तो शिशु मृत्युको प्राप्त हो ।

जन्मलग्नमें स्त्रीके मृत्युकारकग्रह

षष्ठे च भवनेभौमोराहुः सप्तमसम्भवः ।।
अष्टमे च यदा सौरिस्तस्यभार्या न जीवति ।।

टीका—जन्मलग्नके छठे स्थानमें भौम राहु ७ स्थानमें शनि ८ स्थानमें ऐसे ऐसे ग्रह जिसकी कुण्डलीमें पड़े हों उस पुरुषकी स्त्री न जीवित रहे ।

अच्छे पराक्रमी ग्रह

मूर्तौशुक्रबुधौयस्य केन्द्रे चैवबृहस्पतिः ।।
दशमोङ्गारकोयस्य सज्ञेयः कुलदीपकः ।।

टीका—जिसके जन्म लग्नमें शुक्र बुध और केन्द्र अर्थात् प्रथम चतुर्थ सप्तम दशम इन स्थानोंमें बृहस्पति तथा दशम स्थानमें मंगल हो तो उस बालकको कुलदीपक जानिये ।।

पराक्रमी ग्रह

नैवशुक्रोबुधो नैवनास्तिकेन्द्रे बृहस्पतिः ।।
दशमोंगारकोनैवसजातः किंकरिष्यति ।।

टीका—जिस बालकके लग्नमें बुध शुक्र अथवा केन्द्रमें बृहस्पति अथवा दशम स्थानमें मंगल ऐसे ग्रह न पडे हों तो उसका जन्म होना वृथा जानिये ।

जातिभ्रंशकारक

धनस्थाने यदासौरिः सैंहिकेयोधरात्मजः ।। शुक्रोगुरुःसप्तमे च त्वष्टमेरविचन्द्रकौ ।। ब्रह्मपुत्रेपदेवापिवेश्यासु चसदारतिः ।। प्राप्तोंविंशतिमेवर्षेम्लेच्छोभवतिनान्यथा ।।

टीका—जिसके धनस्थानमें शनि राहु मंगल और सप्तम स्थानमें शुक्र गुरु तथा अष्टम स्थानमें रवि चंद्र ऐसे ग्रह हों वह बालक कदाचित् ब्राह्मण जातिमें भी जन्म ले तो भी वेश्या प्रसंगी हो और बीस वर्षकी अवस्थामें अवश्य म्लेच्छ हो ।

मातापिताके नाशक

षष्ठे च द्वादशेराशौ यदा पापग्रहो भवेत् ।।
तदा मातृभयं विद्याच्चतुर्थेदशमे पितुः ।।

टीका—यदि छठे अवथा बारहवें स्थानमें पापग्रह हों तो माताका अशुभ तथा चतुथ अथवा दशमस्थानमें पापग्रह हों तो पिताको अशुभ जानिये ।

मृत्युकारकग्रह

अर्कोराहु कुजः सौरिर्लग्नेतिष्ठति पञ्चमे ।।
पितरंमातरंहन्ति भ्रातरंस्वशिशूनक्रमात् ।।

टीका—यदि सूर्य राहु मंगल शनि ये ग्रह जन्म लग्नसे पांचवें स्थानमें पडे हों तो क्रमसे रवि पिताको, राहु माताको, भौम भ्राताको और शनि अपने बालकोंके लिये अशुभ जानना ।

लग्नस्थानेयदासौरिः षष्ठोभवतिचन्द्रमाः ।।
कुजस्तुसप्तमस्थाने पितातस्यनजीवति ।।

टीका—जिसके जन्मलग्नमें शनि और छठे स्थानमें चंद्रमा, सप्तममें मंगल ऐसे ग्रह हों उसका पिता न जीवित रहे ।

पातालस्थोयदाराहुश्चेन्दुः षष्ठाष्टमेऽपिच ।।
पापदृष्टोविशेषेणसद्यः प्राणहरः शिशोः ।।

टीका—जन्मलग्नके सप्तम स्थानमें राहु छठे अथवा आठवें स्थानमें चंद्रमा और शेष ग्रहोंकी पापदृष्टि हो तो जन्म होतेही बालककी मृत्यु हो ।

जन्मलग्नेयदाराहुः षष्ठे भवति चन्द्रमाः ।।
जातोमृत्युमवाप्नोति कुदृष्टयात्वपमृत्युना ।।

टीका—जन्मलग्नमें राहु षष्ठ स्थानमें चंद्रमा ऐसे समय जन्मे तो बालककी मृत्यु हो और जन्मलग्नपर किसी ग्रहकी कुदृष्टि हो तो अपमृत्यु जानिये ।।

जन्मलग्नेयदाभौमश्चाष्टमे च बृहस्पतिः ।।
वर्षे च द्वादशेमृत्युर्यदिरक्षतिशंकरः ।।

टीका—यदि जन्मलग्नमें मंगल और अष्टमस्थानी बृहस्पति ग्रह हों तो बारहवें वर्ष शंकर रक्षक हो तो भी मृत्यु जानिये ।

शनिक्षेत्रेयदासूर्ये भानुक्षेत्रे यदाशनिः ।।
वर्षे च द्वादशेमृत्युर्देवो वै रक्षिता यदि ।।

टीका—जो शनिके क्षेत्रमें सूर्य हो और सूर्यके गहमें शनि हो तो बारहवें वर्ष देवरक्षित भी शिश मृत्युको प्राप्त होता है ।

षष्ठोष्टमस्तथामूर्तौ जन्मकालेयदाबुधः ।।
चतुर्थवर्षेमृत्युश्च यदि रक्षति शंकरः ।।

टीका—षष्ठ अष्टम अथवा जन्मलग्नमें बुध हो तो चौथे वर्ष शंकरजी रक्षा करें तो भी बालक न बचे ।

भौमक्षेत्रेयदाजीवः षष्ठाष्टसु च चन्द्रमाः ।।
वर्षेष्टमेपि मृत्युर्वै ईश्वरोरक्षितायदि ।।

टीका—मंगलके घरमें बृहस्पति और षष्ठ अथवा अष्टमस्थानी चन्द्रमा ग्रह हों तो ईश्वर रक्षित भी बालक आठवें वर्ष मृत्युको प्राप्त हो ।

दशमोपियदाराहुर्जन्मलग्नेयदाभवेत् ।।
वर्षेतुषोडशेज्ञेयो बुधैर्मृत्युनरस्य च ।।

टीका—जन्मलग्नसे दशमस्थानी अथवा जन्मलग्नमें राहु हो तो सोलहवें वर्षमें मृत्यु हो ।

ग्रहोंकी दृष्टि

पादैकदृष्टिर्दशमेतृतीये द्विपाददृष्टिर्नवपञ्चमेवा ।। त्रिपाददृष्टिश्चतुरष्टके च सम्पूर्णदृष्टिः समसप्तके च ।। शनेस्त्वेकादशेपूर्णा दृष्टिर्जीवस्यकोणके ।। बुधैर्ज्ञेयापूर्णदृष्टिर्भौमस्यचतुरष्टके ।।

टीका—जन्मलग्नसे दशवें और तीसरे स्थानमें ग्रह हों तो एकपाददृष्टिसे जन्मलग्नको देखते हैं इसी क्रमसे नवम पंचमस्थानी ग्रह द्विपाद दृष्टिसे देखते हैं चौथे और आठवें स्थानमें जो ग्रह पडे हों वे त्रिपाददृष्टिसे सप्तम स्थानी हों उनकी पूर्ण समदृष्टि जानिये जन्मलग्नसे शनैश्चर एकादश अथवा तीसरे स्थानमें हो तो पूर्णदृष्टिसे लग्नको देखता है; पांचवें नवें गुरु और चतुर्थ अष्टम स्थानमें भौम हो तो पूर्ण दृष्टिसे देखता है ।

ग्रहोंका उच्चत्व व नीचत्व

रविर्मेषेतुलेनीचोवृषेचन्द्रस्तुवृश्चिके ।। भौमश्चनक्रेकर्के च स्त्रियां सौम्योझषेतथा ।। गुरु कर्के च नक्रे च मीन कन्ये सितस्य च ।। मन्दस्तुलायांमेषे च कन्याराहुग्रहस्य च ।। राहुर्युग्मे तु चापे च तमोवत्केतुजं फलम् ।। प्रोक्तंग्रहाणामुच्चत्वं नीचत्वं च क्रमाद्बुधैः ।।

ग्रह	रवि	चंद्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
उच्च	मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	कन्या मिथुन	तुला
नीच	तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धन	मेष

जन्मलग्नका फल

मेषेदैन्यमुपैतिगर्वितवृषो नानामतिर्मन्मथेशूरः कर्कटकेधृती च वनपे कन्या च मायान्विता ।। सत्यंचैवतुलेत्वलौ मलिनता पापान्वितं वै धनुर्मूर्खोयं मकरे घटे चतुरतामीनेत्वधीरामतिः ।।

टीका—मेषलग्नमें जन्म हो तो दीनता, वृषमें गर्वित, मिथुनमें नानाप्रकारकी बुद्धियुत, कर्कमें बड़ाशूर, सिंहमें स्थिरबुद्धि, कन्यामें अत्यंतमानी, तुलामें सत्यवादी, वृश्चिकमें मलिन, धनमें पापबुद्धि, मकरमें मूर्ख, कुंभमें चतुर, मीन लग्नमें जो जन्म पाये वह बड़ा अधीर हो ऐसे जन्मलग्नका फल जानिये ।

स्त्रीजातकमाह

लग्ने च सप्तमेपापे सप्तमेवत्सरे पतिः ।
म्रियतेचाष्टमेवर्षेचन्द्रः षष्ठाष्टमे यदि ।।

टीका—स्त्रीके जन्मकालमें लग्नमें पापग्रह हो तो ७ वर्षमें और चंद्र षष्ठ वा अष्टम स्थानमें हो तो अष्टम वर्षमें पतिका नाश जानिये ।

अन्यमते ।। द्वादशेचाष्टमे भौमे क्रूरेतत्रैवसंस्थिते ।।
लग्ने च सिंहिकापुत्रेरण्डाभवतिकन्यका ।।

टीका—जन्मसमयमें १२ । ८ स्थानमें मङ्गल हो और क्रूरग्रहभी १२ । ८ स्थानमें हो और यदि लग्नमें राहु हो तो स्त्री विधवा हो ।

अन्यमते ।। लग्नात्सप्तमगः पापश्चन्द्रात्सप्तमगोऽपिवा ।।
सद्योनिहन्तिदम्पत्योरेकंनास्त्यत्रसंशयः ।।

टीका—यदि लग्नसे सप्तमस्थानमें पापग्रह हों और चन्द्रमासे सप्तम स्थानमें भी पापग्रह हों तो विवाहसे अल्पकालमें स्त्री विधवा हो ।

रविसुतोयदिकर्कमुपागतो हिमकरोमकरोपगतोभवेत् ।।
किलजलोदरसंजनिता तदानिधनतावनितासुतकीर्तिता ।।

टीका—यदि शनैश्चर कर्कराशिमें हो और चन्द्रमा मकरराशिमें हो तो जलोदररोगसे स्त्रीका नाश जानिये ।

निशाकरःपापखगान्तरस्थः शस्त्राग्निमृत्युंकुजभेकरोति ।।
पापः स्मरस्थेन्यखगे च धर्मे किलांगना प्रव्रजितत्वमेति ।।

टीका—यदि चद्रमा पापग्रहके मध्यमें बैठा हो तो शस्त्रसे मृत्यु कहना और यदि चन्द्रमा मंगलकी राशिमें बैठा हो तो अग्निसे जलकर नाश कहना और यदि पापग्रह सप्तम स्थानमें अथवा नवमस्थानमें अन्य शुभ ग्रह हों तो स्त्री काषायवस्त्रधारी वेदांती होती है ।

सप्तमे दिनपतौपतिमुक्ताक्षोणिजे च विधवाखलुबाल्ये ।।
पापखेचरविलोकनयाते मंदगे च युवतिर्जरतीस्यात् ।।

टीका—यदि स्त्रीके जन्मलग्नमें सप्तम स्थानमें सूर्य हो तो पतित्यागी कहना और यदि मंगल सप्तम हो तो बाला अवस्थामें वैधव्य प्राप्त हो और यदि सप्तम पापग्रह देखता हो तो यौवन अवस्थामें विधवा हो और सप्तमस्थानमें शनैश्चर हो तो वृद्ध अवस्थामें वैधव्य प्राप्ति हो ऐसा जानिये ।

लग्नेसितेन्दु च तथाकुजमंदभस्थौक्रूरेक्षितौसान्यरता च बाला ।।
स्मरेकुजांशेर्कसुतेनदृष्टेविनष्टयोनिश्च शुभाशुभांशे ।।

टीका—यदि लग्नमें शुक्र चन्द्रमा हो और मंगल शनि ये दशम स्थानमें पड़े हों और उनको पापग्रह देखते हों तो वह स्त्री परपुरुषसे संग करे और यदि सप्तम स्थानमें मंगलका अंश हो और शनैश्चर सप्तम स्थानको देखता हो तो नष्टयोनी जानिये. सप्तम स्थानमें शुभ ग्रहका अंश हो तो शुभ कहना ।

सूर्यारौखचलाश्रितौहिमवतः शैलाग्रपातान्मृतिभौमेन्द्वर्कसुताः खसप्त-जलगाः स्यात्कूपवाप्यादितः ।। सूर्याचन्द्रमसौखलेक्षितयुतौकन्यायुतौ बन्धुना तौचे-द्व्यंगविलग्नसंस्थितकरौ तोयेनिमग्नत्वतः ।।

टीका—यदि सूर्य मंगल ये दसवें वा चौथे स्थानमें हों तो पाषाणसे मृत्यु कहना, मंगल चन्द्र शनि ये अपने स्थानमें सप्तम वा चतुर्थ स्थानमें बैठे हों तो कूँवा बावडी तालाव आदिसे मृत्यु कहना और यदि सूर्य चन्द्रमाको पापग्रह देखते हों वा युक्त हों तो वह स्त्री बंधुयुक्त कहना, और सूर्य चन्द्र ये द्विस्वभावसे हों तो जलसे मृत्यु कहना चाहिये ।

समेविलग्नेयदिसंस्थिताः स्युर्बलान्विताः शुक्र बुधेन्दुजीवाः ।।
स्यात्कामिनी ब्रह्मविचारचर्चापरागमज्ञानविराजमाना ।।

टीका—यदि समराशिका लग्न हो और उसमें शुक्र बुध चन्द्रगुरु ये बल युक्त हों तो वह स्त्री ब्रह्मविचार करे और उत्तम प्रकारकी ज्ञानी हो ।

सप्तमेभार्गवेजाताकुलदोषकराभवेत् ।।
कर्कराशिस्थिते भौमेस्वैराभ्रमतिवेश्मसु ।।

टीका—स्त्रीके सप्तम स्थानमें शुक्र हो तो कुलको दूषित करे और यदि कर्क राशिमें मंगल हो तो वंध्या और दूसरे के घरमें वास करे ।

पापयोरंतरे लग्ने चन्द्रे वा यदि कन्यका ।।
जायते च तदा हन्ति पितृश्वशुरयोः कुलम् ।।

टीका—जो लग्नमें पापग्रहकी कर्तरी हो अथवा चन्द्रमाके पापग्रहकी कर्तरी हो तो वह स्त्री दोनों वंशका घात करनेवाली होती है ।

।। तनुस्थानम् ।। मूर्तौकरोतिविधवांदिनकृत्कुजश्चराहुर्विनष्टतनयांरविजोदरिद्राम् ।। शुक्रः शशाङ्कतनयश्चगुरुश्चसाध्वीमायुःक्षयं च कुरुतेऽत्र च शर्वरीशः ।। धनस्थानम् ।। कुर्वन्तिभास्करशनैश्चरराहुभौमादारिद्र्य दुःखमतुलनियमं द्वितीये ।। वित्तेश्वरीमविधवां गुरुशुक्रसौम्यां नारीं प्रभूततनयांकुरुतेशशाङ्कः ।। सहजस्थानम् ।। सूर्येन्दुभौमगुरुशुक्रबुधास्तृतीयेकुर्युः स्त्रियंबहुसुतांधन भागिनीं च ।। सत्यं दिवाकरसुतः कुरुतेधनाढ्यां लक्ष्मीं ददातिनियतं किलसैंहिकेयः ।। सुहृत्स्थानम् ।। स्वल्पंपयोभवतिसूर्यसुते चतुर्थेदौर्भाग्यमुष्णकिरणः कुरुतेशशीच ।। राहुर्विनष्टतनयां क्षितिजोल्पबीजां सौख्यान्वितां भृगुसुरेज्यबुधाश्चकुर्युः ।। सुतस्थानम् ।। नष्टात्मजांरविकुजौखलु पञ्चमस्थौचन्द्रात्मजो बहुसुतांगुरुभार्गवौ च ।। राहुर्ददाति मरणंरविजस्तुरोगकन्याप्रसूतिनिरतां कुरुतेशशांकः ।। रिपुस्थानम् ।। षष्ठस्थिताः शनिदिवाकरराहुभौमाजीवस्तथाबहुसुतांधनभागिनीं च ।। चन्द्रः करोति विधवामुशनादरिद्रां वेश्यांशशांकतनयः कलहप्रियां च ।।जायास्थानम्।।सौरारजीवबुधराहुरवीन्द्रशुक्रादद्युः प्रसह्यमरणं खलुसप्तमस्थाः।। वैधव्यबंधनभयंक्षयवित्तनाशं व्याधिप्रवासमरणं नियतं क्रमेण ।। मृत्युस्थानम्।। स्थानेष्टमे गुरुबुधौ नियतंवियोगंमृत्युंशशीभृगुसुतश्चतथैव राहुः ।। सूर्यः करोतिविधवां धनिनींकुजश्चसूर्यात्मजोबहुसुतां पतिवल्लभां च ।। धर्मस्थानम् ।। धर्म-

स्थिताभृगुदिवाकरभूमिपुत्रजीवाः सुधर्मनिरतांशशिजः सुभोगाम् ।। राहुश्चसूर्यतनयश्चकरोतिवंध्यांनारींप्रसूतितनयांकुरुतेशशांकः ।। कर्मस्थानम् ।। राहुर्नभःस्थलगतो विधवांकरोतिपापेपरां दिनकरश्चशनैश्चरश्च । मृत्यंकुजोर्थरहितांकुटिलां च चन्द्रः शेषाग्रहाधनवतीं बहुवल्लभां च ।। आयस्थानम् ।। आयेरविर्बहुसुतां धनिनीं शशांकः पुत्रान्वितांक्षितिसुतो रविजोधनाढ्याम् ।। आयुष्मतीं सुरगुरुभृगुजः सुपुत्रींराहुः करोतिसुभगांसुखिनींबुधश्च ।। व्ययस्थानम् ।। अन्त्येधनव्ययवतीं दिनकृद्दरिद्रांवन्ध्यांकुजः पररतां कुटिलां च राहुः ।। साध्वींसितेज्यशशिजाबहुपुत्रपौत्रयुक्ता विधुः प्रकुरुते व्ययगो दिनान्धाम् ।।

क्रमांक	नाम	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु केतु
१	तनु	विधवा	आयुका नाश	विधवा	पतिव्रता	पतिव्रता	पतिव्रता	दरिद्रा	पुत्रनाशक
२	धन	दरिद्रदुःख	बहुपुत्रवती	दरिद्रदुःख	सौभाग्यसंपत्ति	सौभाग्य संपत्ति	सौभाग्य संपत्ति	दरिद्रदुःख	दरिद्रदुःख
३	सहज	पुत्रवती धनाढ्या	पुत्रवतीधनाढ्या	पुत्रवती धनाढ्य	पुत्रवती धनाढ्य	पुत्रवती धनाढ्य	पुत्रवती धनाढ्य	लक्ष्मीवती	लक्ष्मीवती
४	सुहृत्	दरिद्रता	दुर्भगा	अल्पसंतान	अतिसुखिनी	अतिसुखिनी	अतिसुखिनी	दुग्धअल्प	पुत्रनाश
५	सुत	शिशुनाश	कन्याअधिक	शिशुनाशवती	बहुफल प्राप्ति	बहुफल प्राप्ति	बहुफल-प्राप्ति	रोगिणी	मरणप्राप्ति
६	रिपु	धनवती	विधवा	धनवती	कलहरूप	धनवती	दरिद्रिणी वेश्या	धन्नती	पुत्रवती
७	जाया	रोगिणी	प्रवासिनी	विधवा	क्षय	भयबंध	मृत्यु	वैधव्य मरण	वित्तनाश
८	मृत्यु	विधवा	मरणांत वियोगी	धनवती	स्वजनवियोग	स्वजनवियोग	मरणांत वियोग	अतिपुत्र संतान	मरणांतवियोग
९	धर्म	धर्मपुष्कल करै	पुत्रवती	धर्मकार्यकर्त्री	उत्तमभोगवती	धर्मवृद्धि	धर्मवृद्धि	वांझ	वांझ
१०	कर्म	पापकारि-णी	दरिद्रव्याभिचारिणी	मृत्यु	धनवर्त	धनवतीव-रकीप्राप्ति	धनीवर प्राप्ति	पापकर्मिणी	विधवा
११	आय	अतिपुत्र प्राप्ति	लक्ष्मीव-ती	बहुपुत्रवती	सुखिनी	आयुष्मती	पुत्रवती	धनवती	सौभाग्यवती
१२	व्यय	स्वर्चकर-कर्त	दिनांध	वांझव्य-भिचारिणी	सुपुत्रा	सुशीला	पतिव्रता	खर्चकरनेवाणी	व्यभिचारिणीपापिनी

अष्टोत्तरीदशाक्रमः

आर्द्रापुनर्वसुपुष्य आश्लेषातुरवेर्दशा ।। मघापूर्वोत्तराचैव चन्द्रस्य च दशातथा ।। हस्तोविशाखोचित्राचस्वाती भौमदशास्मृता ।। ज्येष्ठानुराधामूले च सौम्यस्यचदशाबुधैः ।। अभिजिच्छ्रवणः पूषा ऊषाचैवशनेर्दशा ।। धनिष्ठा

शतताराचपूर्वाभाद्रपदागुरोः ।। ऊभापूषाविश्वनी कालेराहोश्चैव दशास्मृता ।। कृत्तिकारोहिणीचोक्तामृगः शुक्रदशाबुधैः ।। एषांभानांक्रमेणैवज्ञेयाः सूर्यादिकादशाः ।। क्रूरजा अशुभाप्रोक्ता शुभास्यात्सौम्यखेटजाः ।।

महादशाकी संख्याका क्रम

सूर्यस्यरसवर्षाणि इन्दीः पञ्चदशैवच ।। भौमस्यवसुवर्षाणि ऋषिचन्द्र बुधस्यच ।। मन्दस्यदशवर्षाणि गुरोश्चैकोनविंशतिः ।। राहोर्द्वादशवर्षाणिशुक्रस्यैकोनविंशतिः ।।

टीका—आर्द्रासेमृगशिरपर्यंत २८ नक्षत्र और सूर्यचन्द्र भौम बुधशनि-गुरुराहुशुक्र इस क्रमसे आठ ग्रहोंके पृथक् दो कोष्ठक लिखे हैं, इनमें महादशाकी वर्ष संख्या इस प्रकार है पाप ग्रहके नक्षत्र ४ और शुभ ग्रहके ३ नक्षत्र जानिये. आद्रासे रविदशा गिनिये और दशाकी संख्या नक्षत्रके विभागसे जाने जो विभागके अंतमें हो तो इस क्रमसे भोग्य दशा जाने और जन्मकालमें जो दशा हो वही प्रथम जानिये ।। सूर्यकी दशा ६ वर्ष, चन्द्रकी १५, मंगलकी ८, बुधकी १७, शनिकी १०, गुरुकी १९, राहुकी १२, शुक्रकी १९ वर्षभोग्य दशा जानिये ।

अंतर्दशा लानेका क्रम

महादशाः स्वस्वदशाब्दनिघ्ना भक्ताः स्वबाहू शशिभिः समाद्याः ।।
अन्तर्दशाः स्युर्गगनेचराणांतदेक भावोहिमहादशा स्यात् ।।

टीका—यदि ग्रहोंकी अंतर्दशा जाननी हो तो जन्मदशाकी वर्षसंख्याको दूसरी दशाकी वर्ष संख्यासे गुणा करे और १०८ का भागदे जो लब्धि आये वह वर्षसंख्या जानिये, फिर १२ से गुणा करके १०८ का भाग देनेसे जो लब्धि आये वह मास जानिये, फिर ३० से गुणा करके दिन और ६० से गुणा करके घटी और ६० से गुणा करके पल इत्यादि निकाल लीजिये और इसी क्रमसे १२० का भाग विंशोत्तरी दशामें दिया जाता है ।

विंशोत्तरी महादशा और अंतर्दशा

जन्मनोनजनुर्भमंकहृत् क्रमशोर्केन्दुकुजागुसूरयः ।।
शनिचन्द्रजकेतुभार्गवाः परिशेषात्तुदशाधिपास्तथा ।।

टीका—जन्मनक्षत्रमें २ घटाकर ९का भाग दे शेष १ रहे तो सूर्यकी दशा, २ शेष रहे तो चन्द्रकी दशा, ३ शेष बचे तो भौमकी, ४ शेष बचे तो राहुकी, ५ शेष रहे तो गुरुकी, ६ बचें तो शनिकी, ७ शेष बचे तो बुधकी, ८ शेष बचें तो केतुकी, ९ का पूरा भाग लगजाय तो शुक्रकी दशा जानिये ।

दशाओंके वर्ष भोग्याभोग्य निकालनेकी रीति

ऋतुदिग्गिरयो धृतिर्नृपतिधृतिर्मेघहयो नखाः समाः ।। क्रमतो हिमता अथादिमा जनिभस्था घटिकाः समाहताः ।। भभोगेन भक्ताः फलंभुक्तपाकस्तदूना दशा सा भवेद्भोग्यसंज्ञा ।।

सूर्यकी महादशाके वर्ष ६					
आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा					
अंतर्दशाक्रम					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
सूर्य	०	४	०	०	अशुभ
चंद्र	०	१०	०	०	शुभ
भौम	०	५	१०	०	अशुभ
बुध	०	११	१०	०	शुभ
शनि	०	६	२०	०	अशुभ
गुरु	१	०	२०	०	शुभ
राहु	०	८	०	०	अशुभ
शुक्र	१	२	०	०	शुभ
संख्या	६	०	०	०	

चंद्रकी महादशाके वर्ष १७					
मघा पूर्वाफा० उत्तराफा०					
अंतर्दशाक्रम					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
चंद्र	२	१	०	०	शुभ
भौम	१	१	१०	०	अशुभ
बुध	२	४	१०	०	शुभ
शनि	१	४	२०	०	अशुभ
गुरु	२	७	२०	०	शुभ
राहु	१	८	०	०	अशुभ
शुक्र	२	११	०	०	शुभ
रवि	०	१०	०	०	अशुभ
संख्या	१५	०	०	०	

भौमकी महादशाके वर्ष ८					
हस्त चित्रा स्वाती विशाखा					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
भौम	०	७	३	२०	अशुभ
बुध	१	३	३	२०	शुभ
शनि	०	८	२६	४०	अशुभ
गुरु	१	४	२६	४०	शुभ
राहु	०	१०	२०	०	अशुभ
शुक्र	१	६	२०	०	शुभ
रवि	०	५	१०	०	अशुभ
चंद्र	१	१	१०	०	शुभ
संख्या	८	०	०	०	०

बुधकी महादशाके वर्ष १५					
अनुराधा ज्येष्ठा मूल					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
बुध	२	८	३	२०	शुभ
शनि	१	६	२६	४०	अशुभ
गुरु	२	११	२६	४०	शुभ
राहु	१	१०	२०	०	अशुभ
शुक्र	३	३	२०	०	शुभ
रवि	०	११	१०	०	अशुभ
चंद्र	२	४	१०	०	शुभ
भौम	१	३	३	२०	अशुभ
संख्या	१७	०	०	०	०

शनिकी महादशाके वर्ष १० पूर्वाषाढा उत्तराषाढा अभिजित् श्र०					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
शनि	०	११	३	२०	अशुभ
गुरु	१	९	३	२०	शुभ
राहु	१	१	१०	०	अशुभ
शुक्र	१	११	१०	०	शुभ
रवि	०	६	२०	०	अशुभ
चंद्र	१	४	२०	०	शुभ
भौम	०	८	२६	४०	अशुभ
बुध	१	६	२६	४०	शुभ
संख्या	१०	०	०	०	

गुरुकी महादशाके वर्ष १९ धनिष्ठा शततारका पूर्वाभाद्रपदा					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
गुरु	३	४	३	२०	शुभ
राहु	२	१	१०	०	अशुभ
शुक्र	३	८	१०	०	शुभ
रवि	१	०	२०	०	अशुभ
चंद्र	२	७	२०	०	शुभ
भौम	१	४	२६	४०	अशुभ
बुध	२	११	२६	४०	शुभ
शनि	१	९	३	२०	अशुभ
संख्या	१९	०	०	०	

राहुकीमहादशाके वर्ष १२ उत्तराभाद्रपदा रेवती अश्विनी भरणी					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
राहु	१	४	०	०	अशुभ
शुक्र	२	४	०	०	शुभ
रवि	०	८	०	०	अशुभ
चंद्र	१	८	०	०	शुभ
भौम	०	१०	२०	०	अशुभ
बुध	१	१०	२०	०	शुभ
शनि	१	१	१०	०	अशुभ
गुरु	२	१	१०	०	शुभ
संख्या	१२	०	०	०	

शुक्रकी महादशाके वर्ष कृत्तिका रोहिणी मृगशिर					
अंतर्दशा					
ग्रह	वर्ष	मास	दिन	घटी	फल
शुक्र	४	१	०	०	शुभ
रवि	१	२	०	०	अशुभ
चंद्र	२	११	०	०	शुभ
भौम	१	६	२०	०	अशुभ
बुध	३	३	२०	०	शुभ
शनि	१	११	१०	०	अशुभ
गुरु	३	८	१०	०	शुभ
राहु	२	४	०	०	अशुभ
संख्या	२१	०	०	०	

टीका—ऋतु अर्थात् ६, दिक् अर्थात् १०, गिरि अर्थात् ७, धृति अर्थात् १८, नृप १६, अतिधृति १९, मेघ १७, हय ७, नख २० यह वर्षसंख्या सूर्यसे शुक्रपर्यंत लिखी है। जन्मसमय जिस ग्रहके जितने वर्ष हों उन वर्षोंसे जन्मके गत नक्षत्रको गुणा करे फिर भभोगसे भाग दे जो लब्धि मिले वह वर्ष फिर १२ से भागके दिवस और शेष घटी पल फिर इनमें भुक्तवर्ष मासादि घटाये तो शेष भोग्य वर्षादिक निकल आते हैं।

विंशोत्तरीक्रम कोष्ठक

कृत्तिकादिक्रमेणैवज्ञेयाविंशोत्तरीदशा ॥
अन्तर्दशायुतावर्षमासवासरवर्तिता ॥

टीका—कृत्तिकासे लेकर भरणीपर्यंत २७ नक्षत्र और दशा व अंतर्दशा और उनके पतियोंके नाम और उनके वर्षादि संख्याका कोष्ठक।

अन्यमते

स्वदशारामगुणितातद्दशागुणितापुनः ॥
खगुणेनहरेल्लब्धंवर्षमासदिनं भवेत् ॥

टीका—अपनी प्राप्तदशाको तीनसे गुणा देना जिसकी अंतर्दशा लानी हो उसको वर्ष से गुना देना अनंतर ३० से भाग देनेसे अंतर्दशावर्षमास दिन प्राप्त होता है।

महादशा और अंतर्दशाओंके फल

रविकी दशा

देशांतरंचनिजबंधुवियोगदुःखमुद्वेगरोगभय चौरभवाच पीडा ॥ पूर्वस्थितस्यनिखिलस्य धनस्यनाशोभानोर्दशा जननकालदशा भवंति ॥

टीका—देशांतर वास भ्राताका वियोग दुःख मनको उद्वेग रोग भय चोर पीडा और संचित धनका नाश करे, यह रविदशाका फल है।

चन्द्रान्तर्दशा

हेमादिभूतिवरवाहनयानलाभः शत्रुप्रतापबलवृद्धिपरम्परा च ॥
इष्टान्नदानशयनासन भोजनानिनूनंसदा शशिदशागमने भवन्ति ॥

टीका—सुर्वण आदिक ऐश्वर्यका और अश्व गज पालकी इत्यादि वाहनोंका लाभ शत्रुका पराजय बलकी वृद्धि और नाना प्रकारके सुरस अन्नदान शयन स्थान उत्तम आसन भोजन ये सब चन्द्रमाकी दशामें प्राप्त होते हैं।

भौमकी अंतर्दशा

भूपालचौर भयवह्निकृताच पीडासर्वांगरोगभय दुःखसुदुःखिता च ॥
चिताज्वरश्चबहुकष्टदरिद्रयुक्तः स्यात्सर्वदा कुजदशाजनने भवन्ति ॥

टीका—राजा और चोरोंसे भय और अग्निसे पीड़ा सर्व अंगरोग सदा दुःखी और नाना प्रकारकी चिता ज्वर अत्यंत कष्ट ये सब भौमकी दशामें मनुष्य भोगते हैं।

सूर्य के महादशावर्ष ६
कृत्तिका उत्तराफा० उत्तरापा०
अन्तर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
रवि	०	३	१८	
चंद्र	०	६	०	
भौम	०	४	६	
राहु	०	१०	२४	
गुरु	०	९	१८	
शनि	०	११	१२	
बुध	०	१०	६	
केतु	०	४	६	
शुक्र	१	०	०	

चन्द्रके महादशावर्ष १४
रोहिणी हस्त श्रवण
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
चन्द्र	०	१०	०	
भौम	०	७	०	
राहु	१	६	०	
गुरु	१	४	०	
शनि	१	७	०	
बुध	१	५	०	
केतु	०	७	०	
शुक्र	१	८	०	
रवि	०	६	०	

भौमके महादशावर्ष ७
मृगशिर चित्रा धनिष्ठा
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
भौम	०	४	२७	
राहु	१	०	१८	
गुरु	०	११	६	
शनि	१	१	९	
बुध	०	११	२७	
केतु	०	४	२७	
शुक्र	१	२	०	
रवि	०	४	६	
चन्द्र	०	७	०	

राहुके महादशावर्ष १८
आर्द्रा स्वाती शततारका
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दि०	घ०
राहु	२	८	१२	
गुरु	२	४	२४	
शनि	२	१०	६	
बुध	२	६	१८	
केतु	१	०	१८	
शुक्र	३	०	०	
रवि	०	१०	२४	
चन्द्र	१	६	०	
भौम	१	०	१८	

गुरुके महादशावर्ष १६
पुनर्वसु विशाखापूर्वभाद्रपदा
अंतर्दशा

नाभ	वर्ष	मास	दिव.	घ०
गुरु	२	१	१८	
शनि	२	६	१२	
बुध	२	३	६	
केतु	०	११	६	
शुक्र	२	८	०	
रवि	०	९	१८	
चन्द्र	१	४	०	
भौम	०	११	६	
राहु	२	४	२४	

श० महादशावर्ष १९
उत्तराभाद्रपदा पुष्य अनुराधा
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
शनि	३	०	३	०
बुध	२	८	९	०
केतु	१	१	९	०
शुक्र	३	२	०	०
रवि	०	११	१२	०
चन्द्र	१	७	०	०
भौम	१	१	९	०
राहु	२	१०	६	०
गुरु	२	६	१२	

बुधकी महादशावर्ष १७
आश्लेषा ज्येष्ठा रेवती
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
बुध	२	४	२७	
केतु	०	११	२७	
शुक्र	२	१०	०	
सूर्य	०	१०	६	
चन्द्र	१	५	०	
भौम	०	११	२७	
राहु	२	६	१८	
गुरु	२	३	६	
शनि	२	८	९	

केतुके महादशावर्ष ७
मघा मूल अश्विनी
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
केतु	०	४	२७	
शुक्र	१	२	०	
सूर्य	०	४	६	
चन्द्र	०	७	०	
भौम	०	४	२७	
राहु	१	०	१८	
गुरु	०	११	६	
शनि	१	१	९	
बुध	०	११	२७	

शुक्रकी महादशावर्ष २०
पूर्वाफाल्गुनीपूर्वाषाढाभरणी
अंतर्दशा

नाम	वर्ष	मास	दिव.	घ०
शुक्र	३	४	०	
सूर्य	१	०	०	
चन्द्र	१	८	०	
भौम	१	२	०	
राहु	३	०	०	
गुरु	२	८	०	
शनि	३	२	०	
बुध	२	१०	०	
केतु	१	२	०	

राहुकी अंतर्दशा

दीनो नरो भवति बुद्धिविहीनश्चितासर्वाङ्गरोगभय दुःखसुदुःखिताच
पापानिबन्धुबहुकष्ट दरिद्रयुक्तं राहोर्दशाजननकालदशा भवन्ति ॥

टीका—मनुष्य बुद्धिहीन और दीन हो चितायुक्त और सर्व शरीरको अत्यंत रोग भय रहे और दुःख बंधन कष्ट बहुत दरिद्रता यह राहुकी अंतर्दशाका फल जानिये ।

गुरुकी अंतर्दशा

राज्याधिकारपरिवर्द्धितचित्तवृत्तिर्धर्माधिकार-
परिपालनसिद्धिबुद्धिः ॥ सद्विग्रहोपिधनधान्य-
समृद्धिता च स्याद्देवतागुरुदशागमने भवंति ॥

टीका—राज्याधिकार और चित्त वृत्तिकी धर्ममें निष्ठा, शरीरकी आरोग्यता, निश्चय करके धन धान्यकी वृद्धि यह गुरुकी दशाका फल जानिये ।

शनिकी अंतर्दशा

मिथ्यापवादवधबंधनमर्थहानिर्मित्रेचबंधुवचनेषु च युद्ध बुद्धिः ॥
सिद्धंच कार्यमपियत्रसदाविनष्टंस्यात्सर्वदा शनिदशागमने भवन्ति ॥

टीका—मिथ्यापवाद, दूसरेका हनन, बंधन, द्रव्यका नाश, मित्र तथा बांधवोंसे कलहकी बुद्धि और सिद्ध हुआ कार्य भी नष्ट हो जाय, यह शनिकी अंतर्दशाका फल जानिये ।

बुधकी अंतर्दशा

दिव्यांगनामदनसंगम केलिसौख्यं नानाविलास-
मभिरागमनोभिरामम् ॥ हेमादिरत्नविभवागमके-
शध्यानं स्यात्सर्वदा बुधदशागमनेभवन्ति ॥

टीका—सुंदर स्त्री, सुख और सर्व प्रकारके भोग विलास, सुवर्ण और रत्न आदिकी प्राप्ति धनसंग्रह, ईश्वर स्मरण इत्यादि बुधकी अंतर्दशामें फल जानिये ।

केतुकी अंतर्दशा

भार्यावियोगजनितंचक्षरीर दुःखं द्रव्यस्यहानिर-
तिकष्टपरस्पराच ॥ रोगाश्चबंधुकलहश्चविदेश-
ताचकेतोर्दशाजननकालदशा भवन्ति ॥

टीका—स्त्रीवियोगसे शरीरको दुःख द्रव्यकी हानि, कष्ट, रोग और बंधु कलह, देशांतर गमन, यह केतुकी दशाका अशुभ फल है ।

शुक्रदशाका फल

आरामवृद्धिपरिसर्वशरीरवृद्धिः श्वेतातपत्रधन-
धान्यसमाकुलं च ॥ आयुः शरीरसुतपौत्रसुखं
नराणां द्रव्यं चभार्गवदशागमने भवन्ति ॥

टीका—बाग आदिकस्थानकी प्राप्ति और शरीर पुष्ट, श्वेत छत्रकी प्राप्ति, धन-धान्यकी वृद्धि, आयुकी और पुत्र पौत्रकी वृद्धि, द्रव्यकी प्राप्ति, यह शुक्रदशा का फल जानिये। ऐसेही सर्व ग्रहोंकी महादशाओंके फल जानिये ।

योगिनीदशाके स्वामी

अथासामधीशाः क्रमान्मंगलायाः शशीतीक्ष्णभानुर्गुरुर्भूमिसूनुः ।।
बुधः सूर्यसूनुर्भृगुः सिंहिकायाः सुतः संकटायास्तथांतेचकेतुः ।।

टीका—मंगलादिदशाके स्वामी चन्द्र, सूर्य, गुरु, मंगल, बुध, शनि, शुक्र, राहु, केतु, संकटा दशाके स्वामी ये मंगलादिक दशाके स्वामी क्रमसे जानिये ।

योगिनीदशाक्रम

स्वर्क्षपिनाकिनयनैः संयोज्यं वसुभिर्भजेत् ।।
योगिन्यष्टौसमाख्याताशून्यपाते नसंकटा ।।

टीका—जन्म नक्षत्रमें तीन अंक मिलाये और आठका भाग दे शेष अंक को मंगलादिक दशा क्रमसे जानिये इनका क्रम कोष्ठकमें लिखा है ।

योगिनीदशाके नाम

मंगलापिंगला धन्या भ्रामरी भद्रिकापि च ।।
उल्कासिद्धासंकटाचयोगिन्यष्टौदशाः स्मृताः ।।

टीका—मंगला, पिंगला, धन्या, भ्रामरी, भद्रिका, उल्का, सिद्धा, संकटा इन आठों योगिनी दशाओंको क्रमसे जानिये ।

वर्षसंख्या

एकद्वित्रीणिवेदाश्च पंचषट्सप्तमानिच ।।
अष्टवर्षाणिहि भवेन्मंगलादावनुक्रमात् ।।

टीका—मंगलादि दशाओंके नाम पृथक् २ और वर्षसंख्याके दिवस कर उनमें अन्तदशा लानेका क्रम, प्रथम दशा वर्ष एक जिसके दिवस ३६० दिन, जिनमें ३६ का भाग दे, लब्धिको अन्तर्दशा स्पष्ट जाने और इसी रीतिके अनुसार दशा और अन्तर्दशा निकाल लीजिये

अंतर्दशा

अथान्तर्दशायाः प्रकारंप्रवच्मिदशावार्षिकं स्वस्ववर्षेणगुण्यम् ।।
ततः षट्त्रिभिर्लब्धवर्षादिकासासदाखेटविद्भिर्विधेयाफलार्थम् ।।

टीका—प्राप्त दशासे जिस दशाका अंतर करना हो उसके वर्षसंख्याके प्राप्त दशाको गुणाकर देना, उसमें ३६ का भाग देनेसे अंतर्दशा होती है, आगे चक्रसे स्पष्ट प्रतीत होगा ।

मंगलकेवर्ष १ जिसके दिन ३६०		पिंगलाके वर्ष २ दि०७२०		धान्याके वर्ष ३ दि १०८०		भ्रामरी वर्ष ४ दि १४४०		भद्रिका वर्ष ५ दि १८००		उल्का वर्ष ६ दि २१६०		सिद्धा वर्ष ७ दि २५२०		संकटा वर्ष ८ दि २८८०	
मंगला	१०	पिं	४०	धा	१०	भ्रा	१६०	भ	२५०	उ	३६०	सि	४९०	सं	६४०
पिंगला	२०	धा	६०	भ्रा	१२०	भ	२००	उ	३००	सि	४२०	सं	५६०	मं	८०
धान्या	३०	भ्रा	८०	भ	१५०	उ	२४०	सि	३५०	सं	४८०	मं	७०	पिं	१६०
भ्रामरी	४०	भ	१००	उ	१८०	सि	२८०	सं	४००	मं	६०	पिं	१४०	धा	२४०
भद्रिका	५०	उ	१२०	सि	२१०	सं	३२०	मं	५०	पि	१२०	धा	२१०	भ्रा	३२०
उल्का	६०	सि	१४०	सं	२४०	मं	४०	पिं	१००	धा	१८०	भ्रा	२८०	भ	४००
सिद्धा	७०	सं	१६०	मं	३०	पिं	८०	धा	१५०	भ्रा	२४०	भ	३५०	उ	४८०
संकटा	८०	मं	२०	पि	६०	धा	१२०	भ्रा	२००	भ	३००	उ	४२०	सि	५६०
जोड	३६०	०	७२०	०	१०८०	०	१४४०	०	१८००	०	२१६०	०	२५२०	०	२८८०

३६ वर्षमें ८ योगिनीकी दशा बीत जाती है और वारंवार इसी क्रमानुसार जानिये ।

दशाका फल

वैरिणांतुविपदाविनाशिका वाहनादिवसुरत्नलाभदा ।।
कामिनांसुतगृहादिलाभदा मंगला सकलमंगलोदया ।।

टीका—शत्रुके उपद्रवका नाश और घोड़ा हाथी स्वर्ग रत्न आदिका लाभ और स्त्री पुत्र ग्रहादिकका लाभ और मंगलादि कार्यका उदय होना यह मंगला दशामें फल जानिये ।

दुःखशोककुलरोगवर्धिता व्यग्रताचकलहः स्वजनैश्च ।।
अंशभागकथिता फलदासौ पिंगलार्चविदुषासुखदादौ ।।

टीका—दुःख, शोक, कुलमें रोग वृद्धि, चित्तमें व्याकुलता, बंधुओंमें वैर पिंगला आदिमें सुख देती है उसके अनंतर उपर लिखा फल पिंगलाका जानिये ।

धनंधान्यवृद्धि धरानाथमान्यं सदायुद्धभूमौजयंधैर्यवंतः ।।
कलत्रांगनानांसुखं चित्रवस्त्रैर्युतं धन्यकाधान्यवृद्धि करोति ।।

टीका—धनवृद्धि, धान्यवृद्धि, राज्यपूजनीय, सर्वकाल युद्ध भूमिमें जय, धैर्य युक्त स्त्री पुत्रका सुख और चित्रवस्त्रयुक्त धन्या दशाका यह फल जानिये ।

विदेशेभ्रमंहानियुद्धेगताश्च कलत्रांगपीडासुखैर्वर्जितत्वम् ।।
ऋणंव्याधिवृद्धिर्जनानां प्रकोपं दशाभ्रामरीभ्रामयेत्सर्वदेशम् ।।

टीका—विदेशमें भ्रमण, युद्धमें हानि, स्त्रीको पीड़ा, सुखहीन,ऋणयुक्त, रोग वृद्धि, जनका प्रकोप, सर्वदेशमें, भ्रमण, यह भ्रामरीदशामें फल जानिये ।

धनानंदवृद्धिर्गुणानांप्रकाशं समीचीनवस्त्रागमंराजमान्यम् ।।
अलंकारदिव्यांगना भोगसौख्यं सदा भद्रिकाभद्रकार्यं करोति ।।

टीका—धनकी वृद्धि, आनंदकी वृद्धि, गुणका प्रकाश, उत्तम वस्त्र प्राप्त, राज्यमान्य, भूषणकी प्राप्ति, स्त्री भोगादिकका सौख्य और कल्याण यह भद्रिका दशामें फल जानिये ।

भ्रमंव्याधिकष्टंज्वराणांप्रकोपं धनादेशदारादिकानांवियोगम् ।।
स्वगोत्रैर्विवादंसुहृद्बंधुवैरं दशाचोल्ककानर्थकारी सदैव ।।

टीका—भ्रमण रोग दुःख ज्वरका कोप धनवियोग देश वियोग स्त्री वियोग गोत्रमें कलह मित्र, बंधु इनसे वैर और नाना प्रकारके अनर्थ यह उल्का दशामें फल जानिये ।

राज्याभिमानं स्वजनादिसौख्यं धान्यादिलाभं गुणकीर्तिसिद्धिम् ।।
राज्यादिलाभंसुतवृद्धिसौख्यं सिद्धं च सिद्धा प्रकरोति पुंसाम् ।।

टीका—राज्यप्राप्ति, अभिमान, अपने गोत्रमें सुख देखना, धान्य आदिलाभ गुण सिद्धि कीर्तिसिद्धि राज आदिक लाभ, पुत्रवृद्धि, सुख और सर्व कार्यसिद्धि यह सिद्धि दशामें फल जानिये ।

जनानांविवादंज्वराणांप्रकोपं कलत्रादिकष्टंपशूनांहिनाशम् ।
गृहेस्वल्पवासंप्रवासाभिलाषं दशासंकटा संकटं राजपक्षात् ।।

टीका—जनोंमें कलह, ज्वरकी पीड़ा, स्त्री आदिकका कष्ट और पशुओंका नाश, घरमें थोड़ा वास, प्रवास अभिलाष, राजपक्षसे संकट, यह संकटादशाका फल जानना चाहिये ।

मंगलामंगलानंदयशोद्रविणदायिनी ।। पिंगलातनुतेव्याधिं मनसोदुःखसंभ्रमौ ।। धन्याधनसुहृद्बंधुरूपसीमन्तिनीकरी ।। भ्रामरीजन्मभूमिघ्नी भ्रामयेत्सर्वतोदिशम् ।। भद्रिकासुखसंपत्तिविलासवशदायिनी ।। उल्काराज्यधनारोग्यहारिणी दुःखकारिणी ।। सिद्धा साधयते कार्यं नृणां वै सुखदा भवेत् ।। संकटा संकटव्याधिमरणक्लेशकारिणी ।।

टीका—मंगलादशाका फल, शुभ कार्य आनंद यश और द्रव्यप्राप्ति और पिंगलाका, शरीरको व्याधि और मनको दुःख तथा भ्रम, धान्याका फल, धन मित्र बंधुमिलाप आरोग्यता और सुंदरता, भ्रामरीका फल, स्थाननाशदिशा भ्रमण, भद्रिकाका सुख संपत्ति विलास यश इत्यादि, उल्काका राजभय धन नाश रोगग्रस्तता और पीड़ा, सिद्धा में कार्य सिद्धि और सुख प्राप्ति, संकटाका फल व्याधि मरण क्लेश है ।

रविदिननखसंख्याचन्द्रमाव्योमबाणैः क्षितितनयगजाश्वीचंद्रजःषट्शराश्च । शनिरसगुणसंख्या वाक्पतिर्नागबाणैर्नयनयुगकराहुः सप्ततिः शक्रसंख्या ।। जन्मनां विंशतिःसूर्ये तृतीये दशचन्द्रमाः ।। चतुर्थे भौमश्चाष्टौ च षष्ठे बुधचतुर्थकम् ।। सप्तमं दशसौरिःस्यान्नवमे चाष्टमेगुरोः ।। दशमेराहुर्विंशत्या तदूर्ध्वंतु भृगोर्दश ।। फल ।। पंथाभोगोनुतापश्च सौख्यंपीडाधनं क्रमात् ।। नाशशोकश्चसौख्यंच जन्मसूर्यं दशाफलम् ।।

टीका—वर्ष दशाका आरंभ और क्रम जिस मासमें जिसके जन्मराशिके सूर्य हों वे द्वादश स्थान भोगते हैं और सब दशाका क्रम इसी रीतिपर है ।

२० दिवस सूर्यकी दशा जन्मस्थान जानिये, उसका फल मार्ग चलना ।

५० दिवस चंद्रमाकी दशा तीसरे स्थानके १० दिवस रवि भोगते हैं, उसका फल नाना प्रकारके उत्तम भोग ।

२८ दिवस मंगलकी दशा चौथे स्थान आठ दिवस रवि भोगत हैं, उसका फल रोग और तृप्तता हो ।

५६ दिवस बुधकी दशा छठे स्थान ४ दिवस रवि भोगते हैं, उसका फल सुखकारक हो ।

३६ दिवस शनिकी दशा सप्तम स्थान ४ दिवस रवि भोगते हैं, उसका फल पीड़ाजनक जानिये ।

५८ दिवस गुरुकी दशा नवमस्थान ८ दिवस रवि भोगते हैं, उसका फल धनप्राप्ति ।

४२ दिवस राहुकी दशा दशमस्थान २७ दिन रवि भोगते हैं, उसका फल नाना प्रकारका सोच ।

७० दिवस शुक्रकी दशा द्वादशस्थानमें रवि सम्पूर्ण भोगते हैं, उसका फल सर्व सुखकारक जानिये ।

ग्रहोंकीनित्यादशाओंका प्रकार

तिथिवारंचनक्षत्रं नामाक्षरसमन्वितम् ।। नवभिश्चहरेद्भागं शेषं दिनदशोच्यते ।। रविचन्द्रौ भौमराहू गुरुमंदज्ञकेसिताः ।। क्रमेणेकादशज्ञेयाः फलंपूर्वोक्तमेवहि ।।

टीका—गततिथि और वार नक्षत्र और अपने नामके अक्षर सबको इकट्ठे करके ९ का भाग दे शेष १ रहे तो रविकी दशा, २ बचें तो चंद्रमाकी, ३ शेष बचें तो भौमकी दशा, ४ शेष रहें तो राहुकी, ५ बचें तो गुरुकी, ६ शेष रहें तो शनिकी, ७ शेष बचें तो बुधकी, आठ शेष रहें तो केतुकी और पूरा भाग लग जाय तो शुक्रकी दशा जानिये, इसी प्रकार नित्यदशा क्रमसे जानिये और फल वर्षदशाके तुल्य जानिये ।

दूसरा मत

जन्मताराचतुर्गुण्यं तिथिवारसमन्वितम् ।। नवभिस्तुहरेद्भागंशेषंदिनदशोच्यते ।। रविणाशोकसंतापौ शशांकेक्षेमलाभकौ ।। भूमिपुत्रेतु मृत्युः स्याद्बुधेप्रज्ञाविवर्द्धनम्।। गुरौवित्तं भृगौसौख्यं शनौ पीडा न संशयः ।। राहुणाघातपातौच केतौ मृत्युर्दशाफलम् ।।

टीका—जन्मनत्रक्षको चतुर्गुण करे उसमें गत तिथि और वार मिलाकर नव ९ का भाग दे १ शेष रहे तो एक दिनकी रविकी दशा जानिये, फल शोक संतापकारक; २ शेष रहें तो चंद्रमाकी दशा, फल कल्याण व लाभदायक और ३ शेष रहें तो मंगलकी दशा फल मृत्युकारक, ४ शेष रहें तो बुधकी दशा फल बुद्धिवृद्धि, ५ शेष रहें तो गुरुकी दशा फल

वित्तप्राप्ति; ६ बचें तो शुक्रकी दशा फल सुखकारक, ७ शेष रहें तो शनिकी दशा पीडाकारक; ८ शेष रहें तो राहुकी दशा फल घातक और जो भाग पूरा लगजाय तो केतुकी दशा फल मृत्यु इस प्रकारसे जानिये ।

गोचर प्रकरण

ग्रह कितने मास एक एक राशिको भोगता है

मासंशुक्रबुधादित्याः सार्धमासंतुमंगलः ।। त्रयोदशगुरुश्चैव सपादद्वेदिने- शशी ।। राहुरष्टादशान्मासान् त्रिशन्मासान् शनैश्चरः ।। राहुवत्केतुरुक्तस्तु राशिभोगः प्रकीर्तितः ।। फल ।। सूर्यः पंचदिनं शशीत्रिघटिका भौमोष्टवैवासरं सप्ताहंह्युशनाबुधस्त्रयदिनं मासद्वयंवैगुरु ।। षण्मासं रविजस्तथैवसततं स्वर्भानुमासद्वये केतोश्चैवतथाबलं परिमितं ज्ञेयंग्रहाणां फलम् ।। राशिप्रवेशे- सूर्यारौ मध्येशुक्रबृहस्पती ।। राहुश्चन्द्रः शनिश्चांते सौम्यश्चैव सदाशुभः ।।

टीका---उनके दिनोंकी संख्याका क्रम अनुक्रमसे लिखते हैं ।

सूर्य---एक मास एक राशि भोगते हैं उसमें प्रथम पांच दिन फल देते हैं ।

चंद्रमा---सवा दो दिन एक राशि भोगते हैं और अंतकी ३ घटिका फल देते हैं ।

मंगल---डेढ़ मास एक राशि भोगते हैं और प्रथम ८ दिवस फल देते हैं ।

बुध---एक मास एक राशिको भोगते हैं और सर्व दिवस फल देते हैं ।

गुरु---त्रयोदश १३ मास एक राशि भोगते हैं उसका फल मध्यम भागमें दो मास जानिये ।

शुक्र---एक मास एक राशि भोगते हैं और मध्यम भागमें सात दिवस फल देते हैं ।

शनि---तीस मास एक राशि भोगते हैं और अंतके ६ महीने फल देते हैं । राहु और केतु—अठारह मास एक राशि भोगते हैं और अंतके दो मास फल देते हैं ।

द्वादश भवनके स्थानोंके शुभाशुभ फल द्वादश स्थानोंके नाम

तत्रादौतनुधनसहजसुहृत्सुतरिपवश्च ।।
जायामृत्युर्धर्मव्ययारव्यानि द्वादश भवनानि ।।

स्थानानुसार फल

सूर्यः स्थानविनाशं भयंश्रियंमानहानिमथदैन्यम् ।। विजयं मार्ग पीडां- सुकृतंहंति सिद्धिमायुरथहानिम् ।। चन्द्रोऽन्नंच धनप्राप्ति रोगं कार्यक्षतिश्रियम् ।। स्त्रियंमृत्युंनृपभयं सुखमायव्ययंक्रमात् । भौमोऽरिभीतिं ।। धननाशमथं भयंत- थार्थक्षतिमर्थलाभम् ।। धनात्ययं शत्रुभयंचपीडां शोकंधनंहानिमनुक्रमेण ।। बुधस्तु बंधं धनमन्यभीतिंधनंरुजं स्थानमथोचपीडाम् ।। अर्थरुजं सौख्यमथात्मसौख्यमर्थ- क्षतिं जन्मगृहात्करोति ।। गुरुर्भयं धनं क्लेशं धननाशंसुखंशुचम् ।। मानंरोगं सुखंदैन्यं लाभंपीडांच जन्मभात् ।। कविः शत्रुनाशं धनसौख्यमथं सुताप्ति रिपोः साध्यसंशोकमर्थम् ।। बृहद्वस्त्रलाभं विपत्तिधनाप्ति धनाप्तित-

नोत्यात्मनोजन्मराशेः ।। शनिः सर्वनाशं तथा वित्तनाशं धनं शत्रुवृद्धि सुतादेः प्रवृद्धिम् ।। श्रियंदोषसंधिं रिपुं द्रव्यनाशं तथा दौर्मनस्यं तथा बह्वनर्थम् ।। राहुर्हानिं तथानैः स्वं धनंवैरं शुचं श्रियम् ।। कलिवसुंचदुरितं वैरं सौख्यं शुचं क्रमात् ।। केतुःक्रमाद्रुजं वैरं सुखं भीतिंशुचं धनम् ।। गतिगदं दुष्कृतं च शोकं कीर्तिं च शत्रुताम् ।।

टीका—इसका अर्थ आगे चक्रमें स्पष्ट देख लेना ।

गोचरचक्रम्

नाम	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	नाश	अन्नप्रा०	शत्रुभय	बंधन	भय	शत्रुनाश	सर्वनाश	हानि	रोग
धन	भय	धनप्रा०	धनना०	धनप्रा०	धनप्रा०	धनप्रा०	वित्तना०	धनलाभ	वैर
सहज	धन	सुख	धनप्रा०	भीति	क्लेश	सौख्य	धनला०	धनप्रा०	सुख
सुहृत्	मानहा	रोग	भय	धनप्रा०	धनना०	धनप्रा०	शत्रुवृ०	वैर	भय
सुत	दैन्य	कार्यक्षय	अर्थःना	रोग	सुख	पुत्रप्रा०	सुतप्रा०	शोच	शोच
रिपु	विजय	लक्ष्मी	लाभ	स्थानला	शोक	रिपुभय	धनप्रा०	लक्ष्मी	धनप्रा०
जाया	मार्गक्र०	लक्ष्मी	खर्च	पीडा	मान	शोक	दोष	कलह	मार्गक्रम
मृत्यु	पीडा	मृत्यु	शत्रुभय	अर्थप्रा०	रोग	धनप्रा०	रिपु	धनला०	रोग
धर्म	पुण्यना०	राजभय	पीडा	रोग	सुख	वस्त्रला०	धनना०	पापकर्म	दुष्टकर्म
कर्म	सिद्धी	सुख	शोक	सौख्य	दैन्य	विपत्ति	अस्वा०	वैर	शोक
आय	लाभ	आय	धनप्रा०	सौख्य	लाभ	धनप्रा०	धनप्रा०	सौख्य	कीर्ति
व्यय	हानी	खर्च	हानि	नाश	पीडा	धनप्रा०	धनना०	शुचि	शत्रुनाश

वेधचक्रमाह

सूर्योरसांत्ये खयुगानिनंदे शिवाक्षयोर्भौमशनीनभश्च ।। रसांकयोर्लाभशरेगुणान्त्ये चन्द्रोवराब्दौ गुणनंदयोश्च ।। लाभाष्टमे चाद्यशरे रसांत्ये नगद्वयेज्ञोद्विशराब्धिरामे ।। रसांकयोर्नागविधौखनागे लाभव्यये देवगुरुः शराब्धौ ।। द्व्यंत्येनवांशेद्रिगुणे शिवाहौ शुक्रः कुनागे द्विनगेग्निरूपे ।। वेदांबरंपंचनिधौगजेशौ नंदेशयोर्भानुरसे शिवाग्नौ ।। क्रमाच्छुभौविद्धइति ग्रहः स्यात् पितुः सुतः स्यान्नतुवेधमाहुः ।। दुष्टोपिखेटो विपरीतवेधाच्छुभोद्विकोणे शुभदः सितेब्जे ।। स्वजन्मराशेरिनवेधमाहुरन्ये ग्रहाधिष्ठितराशितःस्युः ।। हिमाद्रिविन्ध्यन्तरएववेधो नसर्वं देशेष्वितिकाश्यपोक्तिः ।।

टीका—जन्म राशिसे और ग्रहकी गतिसे गोचरका शुभाशुभ फल लिखे और नवांशक से ज्ञात करे जैसा सूर्यजन्म स्थानसे षष्ठस्थानसे शुभा, यदि द्वादश स्थानमें शुभग्रह हों तो शुभ और यदि अशुभ ग्रह हों तो ऐसा सर्व ग्रह वेध जानना । परंतु पितापुत्र सूर्य शनिचन्द्र

बुध इनका परस्पर वेध नहीं हो तो अशुभ जन्मस्थानसे द्वादश स्थानमें सूर्य हो और शनि षष्ठ स्थानमें हो अथवा अन्यग्रह हो तो विपरीत वेध शुभ जानना । हिमाद्रि और विंध्य के मध्य में यह वेध है अन्य देशोंमें नहीं, ऐसा कश्यपऋषि का कथन है ।

वेधचक्रम्

रवेः				मं.	श.	रा.	चंद्रस्य					बुधस्य			
६	१०	३	११	६	११	३	१०	३	११	१	६	७	२	४	६
१२	४	९	५	९	५	१२	४	९	८	५	१२	१	५	३	९

			गुरोः					शुक्रस्य								
८	१०	११	५	२	९	७	११	१	२	३	४	५	८	९	१२	११
१	८	१२	४	१२	१०	३	८	८	७	१	१०	९	५	११	६	३

जन्मके चंद्रमामें पांचकर्म वर्जनीय

जन्मर्क्षस्थे शशांकेतु पञ्चकर्माणि वर्जयेत् ।।
यात्रां युद्धं विवाहं च क्षौरं च गृहवेशनम् ।।

टीका—यात्रा और युद्धको जाना, और क्षौरकर्म करना तथा गृह प्रवेश ये पांच कर्म जन्मके चंद्रमामें वर्जित हैं ।

नेष्टस्थानके अनुसार चंद्रमाका उक्तबल

द्विपञ्चनवमेशुक्ले श्रेष्ठचन्द्रोहि उच्यते ।। अष्टमेद्वादशे कृष्णे चतुर्थे श्रेष्ठउच्यते ।। शुक्लेपक्षे बलीचन्द्रः कृष्णेतारा बलीयसी ।।

टीका—दूसरे पांचवें अथवा नवम स्थानमें चंद्रमा हो तो शुक्लपक्षमें श्रेष्ठ जानिये, वैसेही कृष्णपक्षमें आठवें बारहवें तथा चौथे स्थानका श्रेष्ठ परंतु शुक्लपक्षमें चंद्रमा बल और कृष्णपक्षमें तारावल ऐसे श्रेष्ठ जानिये ।

ग्रहोंके नेष्टस्थान

ये खेचरा गोचरतोष्टवर्गाद्दशाक्रमाद्वाप्यशुभाभवंति ।।
दानादिना ते सुतरां प्रसन्नास्तेनाधुना दानविधिं प्रवक्ष्ये ।।

टीका—गोचरके अथवा अष्टवर्गके किंवा दशाक्रमके जो ग्रह नेष्टस्थानी हों वे दानादि से प्रसन्न होते हैं, अतः अब दानकी विधि को कहते हैं ।

वारोंके अनुसार दान

भानुस्ताम्बूलदानादपहरति नृणां वैकृतं वासरोत्थं सोमः श्रीखण्डदानादवनिवरसुतो भोजनात्पुष्पदानात् ।। सौम्यः शास्त्रस्य मन्त्राद्गुरुहरभजनाद्भार्गवः शुभ्रवस्त्रात्तैलस्नानात्प्रभाते दिनकरतनयो ब्रह्मनत्यापरे च ।।

टीका––सूर्य तांबूलदानसे, चंद्रमा चंदनके दानसे, मंगल भोजन और पुष्पदानसे, बुध शास्त्रोक्त मंत्रके जपसे, गुरु शिवकी आराधना और भोजनसे शुक्र श्वेत वस्त्रसे और शनि प्रातःकाल तैलस्नान और विप्रसन्मानसे अपने अपने अशुभ फलोंको दूर कर शुभ फलदायक होते हैं ।

ग्रहोंके दान और जप

रवि ।। माणिक्यगोधूमसवत्सधेनुः कौसुम्भवासोगुडहेमताम्रम् ।। आरक्तकंचन्दनमम्बुजंचवदन्तिदानंहि विरोचनाय ।। चन्द्रमा ।। सद्वंशपात्रस्थिततन्दुलांश्च कर्पूरमुक्ताफलशुभ्रवस्त्रम् ।। युगोपयुक्तंवृषभंचरौप्यं चन्द्राय दद्यात् घृतपूर्णकुम्भम् ।। भौम ।। प्रवालगोधूममसूरिकाश्च बृषोरुणश्चापिगुडः सुवर्णम् ।। आरक्तवस्त्रं करवीरपुष्पं ताम्रंचभौमायवदंतिदानम् ।। बुध ।। वृषंचनीलंकलधौतकांस्यं मुद्गाज्यगारुत्मतसर्वपुष्पम् ।। दासी चदन्तोद्विरदश्चनूनं वदन्तिदानंविधुनन्दनाय ।। गुरु ।। शर्कराचरजनीतुरंगमः पीतधान्यमपिपीतमम्बरम् ।। पुष्परागलवणंसकाञ्चनंप्रीतयेसुरगुरो–प्रदीयते ।। शुक्र ।। चित्राम्बरं शुभ्रतुरंगमं च धेनुश्च वज्रं रजतंसुवर्णम् ।। सतन्दुलानुत्तमगन्धयुक्तंवदन्ति दानंभृगुनन्दनाय ।। शनि ।। माषाश्चतैलंविमलेन्द्रनीलंतिलाः कुलत्थामहिषीचलोहम् ।। कृष्णाचधेनुः प्रवदंतिनूनं तुष्टचैच दानंरविनन्दनाय ।। राहु ।। गोमेदरत्नंचतुरंगमश्चसुनीलचैलामलकम्बलंच ।। तिलाश्चतैलंखलु लोहमिश्रंस्वर्भानवेदानमिदंवदन्ति ।। केतु ।। वडूर्यरत्नंसतिलंचतैलंसुकम्बलाश्चापि मदोमृगस्य ।। शस्त्रंचकेतोःपरितोष हेतोश्छागस्यदानंकथितंमुनीन्द्रैः ।। ग्रहोंका जप ।। रवेःसप्तसहस्त्राणि चन्द्रस्यैकादशैवतु ।। भौमेदशसहस्त्राणि बुधेचाष्टसहस्त्रकम् ।। एकोनविंशतिर्जीवेशुक्रएकादशैवतु ।। त्रयोविंशतिमन्देचराहोरष्टादशैवतु ।। केतोः सप्तसहस्त्राणि जपसंख्याप्रकीर्तिता ।।

नाम	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
	माणिक	वेणुपात्र युक्ततंदुल	मूंगा	कालाबै,	शर्करा	चित्रवस्त्र	उडद	गोमेद	वैडूर्य्य
	गेहू	कर्पूर	गेहूं	सोना	हलद	श्वेताश्व	तेल	घोडा	रत्न
	गोवत्स	मोति	मसूर	कांस्यपा	घोडा	गाय	नील	नीलव-	तिल
	रक्तवस्त्र	श्वेतवस्त्र	रक्तवस्त्र	मूंग	पीतअन्न	वज्र	तिल	कंबल	तैल
दान	गुड	श्वेतबैल	गुड	घृत	पीतव०	रूपा	कुलथी	तिल	तैल
	सोना	रौप्य	सोना	गारुत्मत	पुष्परा.	सोना	भैंस	तेल	कम्बल
	तांबा	रूपा	लालवस्त्र	सर्वपुष्प	नोन	तांबूल	लोहा	लोहा	कस्तूरी
	रक्तचंद	घृतकुंभ	कनेरपु.	दासी	सोना	चंदन	कृष्णगौ	का०पू०	शास्त्र
	कमल	०	तांबा	हस्तिदंत	०	०	०	०	०
जप	७०००	११०००	१००००	८०००	१९०००	११०००	२३०००	१८०००	७०००

ग्रहपीडानिवारणार्थ

देवब्राह्मण वन्दनाद्गुरुवचः सम्पादनात्प्रत्यहं साधूनामभिभाषणोच्छ्र तिरवश्रेयः कथाकारणात् ।। होमादध्वरदर्शनात् शुचिमनो भावाज्जपाद्दानतोनोकुर्वन्ति कदाचिदेवपुरुषस्यैवं ग्रहाः पीडनम् ।।

टीका——देव और ब्राह्मणको सादर नमस्कार करे और प्रतिदिन गुरु तथा साधुओंसे भाषण तथा उत्तम उत्तम कथा श्रवण करे, होम तथा यज्ञके दर्शन करे और शुद्ध मनके भावसे जप दान करे। यदि ग्रहोंके निमित्त ऐसे उपाय करे तो पीड़ा निवृत्त हो और शुभफल मिले।

जातकर्म

जातेपुत्रेपिताकुर्यान्नान्दि श्राद्धंविधानतः ।।
जातकर्मततः कुर्यादन्यैरालम्भनात्पुरा ।।

टीका——पुत्र उत्पन्न होनेपर पिता तत्काल नांदिश्राद्ध विधिपूर्वक करे, उसके बाद जबतक कोई अन्य जाति वालकका स्पर्श न करे उससे प्रथम जातकर्म करे।

नामकरण

पुष्यार्कत्रयमैत्रभेतुमृगभेज्येष्ठाधनिष्ठोत्तरा
दित्याख्येषुचनामकर्म शुभदंयोगेप्रशस्तेतिथौ ।।
अह्निद्वादशके तथान्यदिवसे शस्ते तथैकादशे
गोसिंहालिघटेषुह्यर्कबुधयोर्जीवेशशांकेपिच ।।

टीका——नामकरण के लिये पुष्य हस्त चित्रा स्वाती अनुराधा मृग ज्येष्ठा धनिष्ठा उत्तरात्रय पुनर्वसु ये नक्षत्र शुभ हैं। जन्मसे ११ अथवा १२ दिवस शुभ हैं और दूसरे मतके अनुसार १६। २०। २२। १००। ये दिवस शुभ हैं। वृष सिंह कुंभ वृश्चिक ये लग्न शुभ हैं और रवि बुध गुरु शुक्र शशांक अर्थात् चंद्रवार शुभ हैं, रिक्ता तिथि और दुष्ट योगादिक नामकरणमें वर्जित हैं।

नामका अवकहडाचक्र

चूचेचोलाऽश्विनीप्रोक्ता लीलूलेलो भरण्यथ ।। आईऊएकृत्तिकास्याद्वोवावीवूतु रोहिणी ।। वेवो काकी मृगशिरःकूघंगच्छतथार्द्रका ।। केकोहाहीपुनर्वसुर्हूहेहोडातुपुष्यभम् ।। डी डूडेडोतु आश्लेषामामीमूमेमघास्मृता ।। मोटाटीटूपूर्वफलगु टेटोपाप्युत्तरंतथा ।। पूषणाढाहस्ततारापेपोरारीतुचित्रका ।। रूरेरोतास्मृतास्वाती तीतूतेतो विशाखिका ।। नानीनूनेनु राधर्क्षज्येष्ठानोयायियूस्मृता ।। येयोभाभी मूलतारापूर्वाषाढा बुधाफडा ।। भेभोजाज्युत्तराषाढा जूजेजोराभिजिद्भवेत् ।। खीखूखेखो श्रवणभं गागीगूगेधनिष्ठिका ।। गोसासीसूशतभिषक्सेसोदादीतुपूर्वभाक् ।। दुथाझञ्यथाज्ञेयो देदो चाचीतु रेवती ।।

हांडाचक्रम

चू चे चो ला	अश्विनी ।	हू हे हो डा	पुष्य ।	रु रे रो ता	स्वाती ।	जू जे जो खा	अभिजित ।
ली लू ले लो	भरणी ।	डी डू डे डो	आश्लेषा ।	ती तू ते तो	विशाखा ।	खी खू खे खो	श्रवण ।
अ ई उ ए	कृत्तिका ।	मा मी मू मे	मघा ।	ना नी नू ने	अनुराधा ।	गा गी गू गे	धनिष्ठा ।
ओ वा वी वु	रोहिणी ।	मो टा टी टू	पूर्वाफाल्गुनी ।	नो या यी यू	ज्येष्ठा ।	गो सा सी सू	शतभिषा ।
वे वो का की	मृगशिर ।	टे टो पा पी	उत्तरा-फाल्गुनी ।	ये यो भा भी	मूल	से सो दा दी	पूर्वाभाद्र-पदा ।
कू घ ङ छ	आर्द्रा ।	पू ष ण ठ	हस्त ।	भू ध फ ढा	पूर्वाषाढा	दू थ झ ञ	उत्तराभा-द्रपदा ।
के को हा ही	पुनर्वसु ।	पे पो रा री	चित्रा ।	भे भो जा जी	उत्तरा षाढा ।	दे दो चा ची	रेवती ।

मञ्चकारोहण

शशितुरगधनिष्ठारेवती पुष्यचित्रा शतभिषगनुराधात्र्युत्तरा स्वातिहस्ताः ॥
बुधगुरुभृगुवारे सौम्यलग्नेर्भकस्य निगदितमिहपूर्वैर्मञ्चकारोहणंतु ॥

टीका—मृगशिर अश्विनी धनिष्ठा रेवती पुष्य चित्रा शतभिषा अनुराधा तीनों उत्तरा स्वाती हस्त इन नक्षत्रोंमें और बुध शुक्र गुरु ये वार और तुला वृश्चिक कुंभ इन लग्नोंमें शिशुको पूर्वदिशाको शिर करके प्रथम मंचकारोहण कराये तो शुभ हो ।

पालनेका मुहूर्त

आन्दोलशयनंपुंसो द्वादशेदिवसेशुभम् ॥
त्रयोदशेतु कन्याया न नक्षत्रविचारणा ॥

टीका—जन्म होने उपरांत पुत्रको बारहवें और कन्याको तेरहवें दिवस पालनेमें शयन कराये, नक्षत्र आदिके विचारकी कुछ आवश्यकता नहीं है ।

बृहस्पति मतानुसार दुग्धपानमुहूर्त

एकत्रिंशद्दिनेचैव पयः शंखेनपाययेत् ।।

अन्नप्राशननक्षत्रदिवसोदयराशिषु ।।

टीका—जन्म होनेके पश्चात् ३१ वें दिन, अन्न प्राशन के लिये जो नक्षत्र आगे कहे जायंगे उनमें शंखमें दूध भरकर बालकको पिलाये ।

ताम्बूलभक्षणम्

सार्द्धमासद्वयेदद्यात्ताम्बूलं प्रथमं शिशोः ।। कर्पूरादिकसंमिश्रं विलासाय हिताय च ।। मूलेचत्वाष्ट्रकरतिष्यहरीन्द्रभेषु पौष्णे तथा मृगशिरोदितवासरेषु।। अर्केन्दुजीवभृगुबोधनवासरेषु ताम्बूलभक्षणविधिर्मुनिभिः प्रदिष्टः।।

टीका—जन्मके उपरांत ढाई मासमें कपूर आदि पदार्थ मिश्रित कर तांबूल खिलावे, मूल चित्रा हस्त पुष्य श्रवण ज्येष्ठा रेवती मृगशिर पुनर्वसु धनिष्ठा इन नक्षत्रों में तथा रवि सोम गुरु बुध इन वारोंमें मुनीश्वरोंने तांबूल भक्षण शुभ कहा है ।

सूर्यावलोकन

हस्तः पुष्य पुनर्वसहरियुगं मैत्रत्रयंरोहिणी रेवत्युत्तरफाल्गुनी मृगयुताषाढोत्तरस्वातिभे ।। मासौतुर्यतृतीयकौशनिकुजौत्यक्त्वा च रिक्तातिथिं सिंहादित्रयकुम्भराशिसहितं निष्कासनंशस्यते।।

टीका—हस्त पुष्य पुनर्वसु श्रवण धनिष्ठा अनुराधा ज्येष्ठा मूल रोहिणी रेवती उत्तराफाल्गुनी मृगशिर उत्तराषाढा स्वाती और चौथा व तीसरा मास शुभ, शनि भौम रिक्ता तिथि वर्जनीय हैं और सिंह कन्या तुला कुंभ ये लग्न उत्तम हैं ऐसे शुभ दिन विचारकर प्रथम बालकको बाहर निकालकर सूर्यावलोकन करवाना उत्तम है ।

कर्णवेध

रोहिण्युत्तरमूलमैत्रमृगभे विष्णुत्रयेर्कत्रये रेवत्यांचपुनर्वसुद्वय युगेकर्णस्यवेधः शुभः।। मीनेस्त्रीधनुमन्मथेषुचघटे वर्षेचयुग्मे तिथौसौम्येचेन्दुगुरौरवौचशयनं त्यक्त्वाचविष्णोर्बुधैः ।।

टीका—रोहिणी तीनों उत्तरा मूल अनुराधा मृगशिर श्रवण धनिष्ठा शततारका हस्त चित्रा ये नक्षत्र और युग्मतिथि और युग्मवर्ष तथा चंद्र गुरु रवि ये वार विष्णुशयनको छोड़कर पंडितोंने कर्णवेधके लिये शुभ कहे हैं ।

शिशुको पृथ्वीमें बैठाना

पञ्चमेचतथामासि भूमौतमुपवेशयेत् ।। तत्रसर्वेग्रहाः शस्ता भौमोऽप्यत्रविशेषतः ।। उत्तरात्रितयंसौम्यं पुष्यर्क्षंशक्रदैवतम् ।। प्राजापत्यंचहस्तश्च शतमाश्विनमित्रभम् ।।

टीका—पांचवें मासमें रविवार आदि समस्तवार शुभ दिनमें भौमवार विशेष करके और तीनों उत्तरा मृगशिरपुष्य ज्येष्ठा रोहिणी हस्त अश्विनी अनुराधा ये नक्षत्र शुभ, ऐसे दिवसमें शिशुको भूमि पर बैठाना शुभ कहा है ।

अन्नप्राशन

पूर्वार्द्राभरणीभुजङ्गवरुणं त्यक्त्वाकुजार्कौ तथा नन्दापर्वचसप्तमीमपितथा-रिक्तामपिद्वादशीम् ।। षष्ठेमास्यथवान्नभक्षणविधिः स्त्रीणामयुक्पञ्चमे गोकन्याङ्गषमन्मथे बुधबलेपक्षेचयोगेशुभे ।।

टीका—तीनों पूर्वा आर्द्रा भरणी आश्लेषा और भौम शनि ये अशुभ वार नंदा पर्व रिक्ता और सप्तमी द्वादशी इन सबको त्यागकर छठे अथवा आठवें महीनेमें लड़केको और कन्याको पांचवें मासमें अन्नप्रासन शुभ कहा है, वृषमिथुन मकर कन्या इन लग्नोंका बल पाकर शुक्लपक्ष तथाशुभयोगमें बालकको अन्नप्रासन करावे ।

चौलकर्म

रेवत्याद्यकरत्रयादितिमृगज्येष्ठासुविष्णुत्रये पुष्ये चोत्तरगेरवौगुरुकवीन्दुज्ञेषु-पक्षेसिते ।। गोस्त्रीमन्मथचापकुम्भमकरे हित्वा च रिक्तातिथिं षष्ठीं पर्वतथाष्टमीमपिसिनीवालीं च चूडाशुभा।। जन्मतस्तु तृतीयेऽब्दे श्रेष्ठमि-च्छन्ति पण्डिताः ।। पञ्चमे सप्तमे वापि जन्मतोमध्यमं भवेत्।।

टीका–रेवती अश्विनी हस्तचित्रा स्वाती पुर्नवसु मृगशिर ज्येष्ठाश्रवण धनिष्ठा शतभिषा पुष्य ये नक्षत्र और उत्तरायण गुरु शुक्र सोम बुधवार और शुक्ल पक्ष मुंडनमें शुभ हैं और वृष कन्या मिथुन धन मकर कुंभ, इन लग्नोंको त्यागकर शेष शुभ जानिये और रिक्ता छठ आठें अमावास्यादिक दुष्ट तिथि वर्जित हैं और जन्म होनेसे तीसरे वर्षमें पंडितोंने श्रेष्ठ और पांचवें सातवें वर्षमें मध्यम कहा है ।

विद्यारंभका मुहूर्त

